e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 313
शनिवार
18.11.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

फिक्र में रहोगे तो खुद जलोगे, बेफिक्र रहोगे तो दुनिया जलेगी !

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### सर्च अभियान के दौरान आईईडी ब्लास्ट में एक जवान शहीद, 2 घायल

**चक्रधरपुर :** पश्चिमी सिंहभूम के गोइलकेरा क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान के दौरान एक बार फिर से आईईडी ब्लास्ट हुआ है।इस ब्लास्ट में जंगल में अभियान पर निकले जवानों में बम निरोधक दस्ता के कॉन्स्टेबल शहीद हो गये। वहीं दो अन्य जवान जख्मी हुए हैं। घायलों को एयरलिफ्ट कर बेहतर इलाज के लिए रांची रवाना किया गया है। आईईडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ 60 बटालियन के बम निरोधक दस्ते के कॉन्स्टेबल संतोष उरांव वीरगति को प्राप्त हुए हैं। संतोष उरांव सीआरपीएफ 60 बटालियन के बम निरोधक स्कॉड में कार्यरत थे। वहीं इस ब्लास्ट में सीआरपीएफ 60 बटालियन के ही सेकंड इन कमान एजेतो तिने और कॉन्स्टेबल जयंता नाथ घायल हुए हैं। दोनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया है। जहां दोनों की स्थिति खतरे से बाहर है। मिली जानकारी के अनुसार सीआरपीएफ 60 बटालियन के सेकंड इन कमान एजेतो तिने अपने साथ बम निरोधक स्कॉड को लेकर गोईलकेरा थाना क्षेत्र के हाथीबेडा जंगल में आईईडी क्लीन करने के लिए निकले थे। सूचना मिली थी कि इस इलाके में नक्सलियों के द्वारा बड़े पैमाने पर आईईडी जमीन के नीचे लगा कर रखा गया है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए आईईडी निकालने का काम चल ही रहा था कि अचानक एक आईईडी में ब्लास्ट हो गया।

### पलामू : सड़क दुर्घटना में दो की मौत

**चैनपुर-पड़वा (पलामू)**: पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के रामगढ़ रमकंडा मुख्य मार्ग पर शुक्रवार को एक हाईवा ने मोटरसाइकिल को तिखी मोड़ कुटी के समीप धक्का मार दी। जिससे एक की युवक की मौत हो गई है।वही मोटरसाइकिल पर सवार दूसरे युवक का दोनों पैर चकनाचूर हो गया है। घटना के सूचना मिलने के बाद चैनपुर पुलिस दलबल के साथ पहुंचकर एंबुलेंस से शव एवं घायल कलीम अंसारी के पुत्र असगर अंसारी को अस्पताल भेज दिया गया है।मिली जानकारी के अनुसार मृतक रामगढ़ थाना क्षेत्र के धावा गांव निवासी विनोद केसरी का 21 वर्षीय पुत्र प्रिंस केसरी की मौके पर ही मौत हो गई है वहीं उसके साथ बाइक पर बैठा हुआ धावा गांव के ही असगर अंसारी 19 वर्षीय गंभीर रूप से जख्मी है। प्रिंस कुमार डाल्टेनगंज से कपड़ा खरीद कर अपने घर धावा जा रहा था। इसी बीच कुट्टी मोड़ के पास विपरीत दिशा से आ रहे डस्ट लदा हाईवा सीधा टक्कर मार दी।इधर पंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत पड़वा-पाटन मुख्य पथ पर छक्कू भुईयां के घर के समीप बाइक सवार अनियंत्रित होकर पेड़ मे जा टकराया। जिससे युवक की मौत मौके पर हो गई। मृत युवक की पहचान पाटन थाना क्षेत्र के पूर्णी पाटन के रंजन प्रसाद के रूप में हुई। घटना की जानकारी मिलने पर पंडवा थाना प्रभारी नकुल साह और पुलिस पहुंच कर शव को कब्जे में लिया।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27⁰ |
| न्युनतम | 23⁰ |

### 13 जिला न्यायाधीशों की सीधी नियुक्ति, अधिसूचना जारी

**रांची :** झारखंड कैबिनेट के फैसले के बाद राज्य में 13 जिला न्यायाधीशों की नियुक्ति कर दी गयी है। कार्मिक विभाग ने इस संबंध में शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दिया है। झारखंड वरीय न्यायिक सेवा भर्ती, नियुक्ति एवं सेवा शर्त के तहत इन न्यायाधीशों की योगदान की तिथि से सीधी भर्ती की गयी है।इसमें नमिता चंद्रा, पवन कुमार, श्वेता ढींगरा, पारस कुमार सिन्हा, कुमार साकेत, शिवनाथ त्रिपाठी, भूपेश कुमार,आयशा खान,भानू प्रताप सिंह,नीति कुमार,प्राची मिश्रा,पवन कुमार,नरंजन सिंह शामिल हैं।



छठ महापर्व को लेकर छठ घाट में चल रही तैयारियों का सीएम ने किया निरीक्षण, दिया निर्देश

# छठ व्रतियों के लिए सभी सुविधाएं सुनिश्चित करें : हेमंत

*** सीएम ने सभी नदी, तालाब, डैम और अन्य जलाशयों के छठ घाटों पर स्वच्छता, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** लोक आस्था और उपासना का चार दिवसीय छठ महापर्व आज से शुरू हो चुका है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कांके डैम और हटनियाँ तालाब छठ घाटों की साफ-सफाई, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी छठ घाटों को स्वच्छ और सुरक्षित रखने का निर्देश अधिकारियों को दिया। मुख्यमंत्री ने नदी,तालाबों,डैमों और अन्य जलाशयों में जलस्तर और गहराई वाले स्थानों को चिन्हित कर वहां सुरक्षा की विशेष व्यवस्था और सभी घाटों पर विद्युत की व्यवस्था करने को कहा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि व्रतधारियों और श्रद्धालुओं को छठ घाटों पर पूरी सहूलियत और सुविधा मिले। उन्हें किसी तरह की परेशानी नहीं हो, इसे हर हाल में सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री के निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे,वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा और रांची नगर निगम के प्रशासक अमित कुमार और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### रांची नगर निगम द्वारा छठ घाटों के साफ सफाई का काम युद्ध स्तर पर जारी

रांची नगर निगम द्वारा छठ घाटों के साफ सफाई का काम युद्ध स्तर पर जारी है। श्री चंद्रशेखर आजाद छठ पूजा समिति बटन तलाव के पदाधिकारी एवं मुख्य संरक्षक के साथ रांची नगर निगम के प्रशासक अमित कुमार ने शुक्रवार को तालाब परिसर का निरीक्षण किया एवं हर व्यवस्था को दुरुस्त कराने का आश्वासन दिया। रांची नगर निगम के कर्मचारियों के द्वारा किए गए कार्य को देखकर संतुष्टि प्रकट की। अमित कुमार ने कहा कि छठ महापर्व को लेकर साफ सफाई के साथ-साथ सुरक्षा का भी ध्यान रखा गया है। वहीं गहरे पानी में कोई छठव्रती नहीं जाए इसका भी ख्याल सभी को रखना है।सभी छठ घाटों में लाइटें की भी व्यवस्था की जाएगी। इस मौके पर पूर्व उप महापौर अजय नाथ शाहदेव एवं श्री चंद्रशेखर आजाद छठ पूजा समिति बटन तालाब के पदाधिकारी उपस्थित थे।



### नहाय-खाय के साथ छठ महापर्व शुरू

रांची : नहाय-खाय अनुष्ठान के साथ शुक्रवार से सूर्योपासना का महापर्व छठ शुरू हो गया। व्रतियों ने पूर्ण शुद्धता के साथ कदू भात का प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही लोक आस्था के महापावन पर्व छठ को लेकर तैयारियों ने और जोर पकड लिया। राजधानी सहित जिला मुख्यालय में छठ घाटों की साफ-सफाई का काम लगभग पूरा हो चुका है। प्रशासन के अलावा स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा छठ घाटों की सफाई की गयी। चार दिवसीय सूर्यषष्ठी व्रत के शुरू होते ही हर ओर छठ के गीत गुंजने लगे हैं। इससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। शनिवार को खरना अनुष्ठान होगा और रविवार 19 नवंबर को अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को पहला अर्घ्य प्रदान किया जायेगा। 20 नवंबर सोमवार को उदयाचल सूर्य को दूसरा और अंतिम अर्घ्य देने के साथ ही चार दिवसीय महापर्व का समापन हो जायेगा।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने छठ पूजा की दी शुभकामनाएं

रांची : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को आस्था के महापर्व छठ पूजा के प्रथम अनुष्ठान नहाय-खाय की सभी झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार कहा। उन्होंने कहा कि भगवान भास्कर और छठी मैया आप सभी छठव्रतियों की मनोकामना पूर्ण करें। आप सभी का जीवन सुख, शांति और समृद्धि से परिपूर्ण हो, यही कामना करता हूं।

## एमपी में 71.16 व छत्तीसगढ़ में 68.15 प्रतिशत हुआ मतदान

एजेंसी

**भोपाल-रायपुर :** मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनावों के लिए मतदान संपन्न हो गया। मतदाताओं ने अपने मताधिकार का जमकर प्रयोग किया। प्रदेश में महिलाओं ने पुरुषों से ज्यादा मतदान किया। चुनाव आयोग के अनुसार, प्रदेश में शाम 5 बजे तक 71.16 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान संपन्न होने के बाद राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि शाम 5 बजे तक मतदान प्रतिशत 71.16 रहा। विधानसभा क्षेत्र के अनुसार, सबसे अधिक मतदान प्रतिशत रतलाम के सैलाना निर्वाचन क्षेत्र में हुआ। यहां 85.49 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं इसके बाद खिलचीपुर राजगढ़ विधानसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत 84.17 प्रतिशत रहा। इसके साथ ही सिवनी के बरघाट विधानसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत 84.16 रहा। अगर सबसे कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों की बात करें तो भिंड में 50.41 प्रतिशत, ग्वालियर दक्षिण में 51.05 प्रतिशत और जलबपुर कैंट में 52.2 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके साथ ही आगर मालवा जिले में 82 प्रतिशत, नीमच में 81.19 प्रतिशत और शाजापुर में 80.95 प्रतिशत वोटिंग हुई। अलीराजपुर में 56.24 प्रतिशत, भिंड में 58.41 प्रतिशत और भोपाल में 59.19 प्रतिशत वोटिंग हुई। प्रदेश का कुल औसत प्रतिशत मतदान की बात करें तो यह आंकडा 71.16 प्रतिशत पहुंचा।

## मुख्य सचिव ने टनल में फंसे श्रमिकों के बारे में ली जानकारी

एजेंसी

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर अपर मुख्य सचिव राधा रतूडी ने सचिवालय स्थित आपदा नियंत्रण कक्ष में पहुंचकर उत्तरकाशी के सिल्क्यारा में चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन का अपडेट लिया तथा महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इस दौरान एसीएस राधा रतूडी ने सिल्क्यारा में चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन की अद्यतन स्थिति एवं टनल में फंसे श्रमिकों की कुशलक्षेम की जानकारी ली। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश हैं कि रेस्क्यू कार्यों में लगी सभी टेक्निकल एंजेसियों को शासन-प्रशासन एवं अधिकारियों द्वारा सभी आवश्यक सहयोग एवं सहायता समय पर उपलब्ध करवायी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बचाव कार्यों में लगी एजेंसियों और जिलाधिकारी उत्तरकाशी से निरन्तर अपडेट ले रहे हैं तथा कमिश्नर गडवाल एवं आईजी गडवाल के निरन्तर सम्पर्क में हैं। एसीएस ने कहा कि मुख्यमंत्री ने राहत एवं बचाव कार्यों में लगी हुई केंद्रीय एजेंसियों की टीम की हौसला अफजाई की है। केन्द्र सरकार के स्तर से भी रेस्क्यू ऑपरेशन की निरन्तर निगरानी की जा रही है तथा राज्य सरकार को पूरा सहयोग मिल रहा है।











# छठ व्रतियों के बीच 11 हज़ार साड़ी का वितरण कर आप नेता राकेश तिवारी ने बनाया रिकॉर्ड



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** लोकतंत्र, लोकआस्था और लोककल्याण एक दूसरे के पूरक हैं। इस भावना को केंद्र में रख कर आम आदमी पार्टी की पलामू इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष राकेश तिवारी के नेतृत्व में छठ महापर्व के अवसर पर पलामू में जन-जन तक पहुँचने की योजना बनायी गई। छठ जैसे कठिन पर्व पर 11 हज़ार छठ व्रतिओं को उपहार स्वरूप साड़ी देने की दूरगामी योजना निश्चित ही एक कठिन कार्य था। पलामू की टीम ने अभूतपूर्व प्रतिबद्धता के साथ राकेश तिवारी के नेतृत्व में इस कार्य को करने की चुनौती स्वीकार की। इसकी तैयारी एक महीना पहले से ही आरंभ कर दी गई थी।साड़ियों की ख़रीदारी, थैले पर पार्टी के निशान की छपाई और टीम प्रबंधन जैसे तमाम कार्यों के साथ टीम आगे बढ़ी और इस कार्य को पलामू की पावन धरा पर अंजाम दिया जाने लगा।इस मिशन से जुड़े आम आदमी पार्टी के कई समर्पित कार्यकर्ताओ के बदौलत छठ महापर्व के व्रतियों तक उपहार स्वरूप साड़ी पहुँचाने की योजना यथार्थ के धरातल पर उतारने लगी। प्रदेश के मुख्यालय राँची में बैठकर प्रदेश उपाध्यक्ष सह पलामू प्रमंडल प्रभारी नरेंद्र चौबे इन सभी व्यवस्थाओं पर नज़र बनाए हुए थे और अपना मार्गदर्शन दे रहे थे। राजनीतिक व्यस्तताओं के बीच बीते 15 नवंबर को प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र चौबे का मेदिनीनगर आगमन हुआ और मानो इस दूरगामी योजना को पंख लग गए।

## आम आदमी पार्टी के पूरी टीम का मिला सहयोग

युवा नेतृत्व पर भरोसा करने वाले आम आदमी पार्टी के इस टीम का नेतृत्व राकेश तिवारी कर रहे थे। साथ में थी पूरी पलामू की सुदृढ़ टीम। इस टीम में पलामू के ज़िला संयोजक चंद्रबली चौबे, कार्यकारी अध्यक्ष राकेश तिवारी, ओम प्रकाश गुप्ता, मुन्ना कुमार, पिंटू पासवान, शशिकांत तिवारी, लव कुमार तिवारी,ओम प्रकाश दुबे,विकी पांडेय, सुधीर कुमार, आदि शामिल थे। इस टीम को अपना समर्थन देने के लिए राँची से चलकर प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र चौबे, किसान प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद पाण्डेय भी पहुँचे थे। आम आदमी पार्टी की यह टीम चियांकी,सुआ,कौड़िया,अवसाने, नरसिंहपुर पथरा,बैरिया,जोंड, जनकपुरी,नरसिंहपुर पथरा, बड़गड,परसवा गाँव पहुँची और इन गांवों में छठ व्रतियों के बीच साड़ी का वितरण कर महापर्व को सफल बनाने के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।

## छठ महापर्व में समाज के हर तबके का जुड़ाव रहता है : राकेश

कार्यक्रम के बारे में बताते हुए इस अभियान के नेतृत्वकर्ता पलामू के कार्यकारी अध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि छठ महापर्व झारखंड और बिहार में जितने बड़े पैमाने पर मनाया जाता है। निश्चित ही इससे समाज के हर तबके का जुड़ाव है। इसलिए उन्होंने यह योजना बनायी।छठ पर्व पर छठ व्रतियों को उपहार स्वरूप साड़ी देने से बेहतर कार्य नहीं हो सकता है और पिछले हफ़्ते से पलामू की आम आदमी पार्टी की टीम पलामू के विभिन्न ग्रामों में जाकर साड़ी का वितरण कर रही है।

## सराहनीय है आम आदमी पार्टी पलामू इकाई का काम : नरेंद्र चौबे

प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र चौबे ने युवा नेता और कार्यकारी अध्यक्ष राकेश तिवारी और पलामू की पूरी टीम की सराहना करते हुए कहा कि पलामू में आम आदमी पार्टी की लोकप्रियता दिन प्रतिदिन बढ़ रही है और लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर 11 हज़ार छठ व्रतियों को साड़ी भेंट करने से निश्चित ही समाज में आम आदमी पार्टी के प्रति रुझान और दिलचस्पी बढ़ी होगी। ऐसा उन्हें विश्वास है। पलामू के जिला संयोजक चंद्रबली चौबे ने कहा कि आने वाले समय में भी आम आदमी पार्टी पलामू प्रयास करेगी की कैसे पलामू क्षेत्र की जनता से पार्टी का जुड़ाव बढ़ेगा और इसके लिए पार्टी और नेताओं द्वारा हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

## साड़ी वितरण की सराहना छठ व्रतियों और समाज के विभिन्न तबकों में हो रही है

पिछले हफ़्ते से आम आदमी पार्टी, पलामू द्वारा किए गए इस अनूठे प्रयास की सराहना छठ व्रतियों और समाज के विभिन्न तबकों में हो रही है और ऐसा माना जा रहा है कि पलामू में तेज़ी से अपने पैर पसारती आम आदमी पार्टी को अब भगवान भुवन भास्कर का आशीर्वाद और तमाम छठ व्रतियों का समर्थन भी प्राप्त होगा जिससे पार्टी निरंतरता के साथ जनसेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ती रहेगी।

## छठ घाटों का सफाई कार्य जारी समाजसेवी, जनप्रतिनिधि एवं अन्य लोग भी कर रहे हैं श्रमदान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** हिंदुओं के आस्था का महान पर्व छठ पूजा को देखते हुए रंका अनुमंडल अंतर्गत लोहवा पुल नदी के पास छठ घाट, गिदीयाही नदी के पास छठ घाट, रंका बाजार स्थित नदी में छठ घाट एवं अन्य छठ घाटों का साफ सफाई का कार्य जारी है। इन छठ घाटों पर बड़े-बड़े समाजसेवी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग भी श्रमदान कर छठ घाटों की साफ सफाई कर रहे हैं तो कहीं जेसीबी मशीन के माध्यम से छठ घाटों की सफाई की जा रही है। छठ व्रतियों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसका भी बखूबी ख्याल रखा जा रहा है।रंका में मां काली युवा संघ के द्वारा छठ घाट के साथ-साथ छठ व्रत्तियों के आगमन मार्ग को भी साफ सफाई किया जा रहा है। मां काली युवा संघ के अध्यक्ष रंजीत सौंडिक, कोषाध्यक्ष सोनू मद्धेशिया, रंका मुखिया प्रतिनिधि सह समाजसेवी राजेश कुमार मद्धेशिया, समाजसेवी उत्तम पांडे, दिनेश प्रसाद चंद्रवंशी, संदीप कमलापुरी, अमरेंद्र कुमार, पिंटू कुमार, छोटू कुमार, सोनू कुमार के साथ-साथ अन्य ढेर सारे लोग उपस्थित थे।

# मंगलपुर में छठ पूजा समिति के लोगों ने की छठ घाट की साफ सफाई

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पांकी :** प्रखंड के मंगलपुर गांव में शुक्रवार को छठ पूजा समिति के कार्यकर्ताओं के द्वारा संयुक्त रूप से छठ घाट पर घंटो स्वच्छता अभियान चलाया गया, इस दौरान पूजा समिति के लोगों ने छठ घाट की सीढ़ियों, घाट के रास्तों एवं नदी की साफ सफाई की, मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि बीते कई वर्षों से अंबा नदी छठ घाट पर भगवान सूर्य एवं छठ माता की विधिवत पूजा अर्चना बड़े ही धूमधाम से की जाती है जिसे लेकर तैयारी जोरों पर है। आपको बता दें की प्रखंड क्षेत्र के सभी छठ घाटों की साफ सफाई का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है लेकिन इस वर्ष बारिश कम होने की वजह से जलाशय सूख चुके हैं एवं छठ घाट पर पानी की किल्लत देखी जा रही है जिसे लेकर छठ पूजा समिति के लोग पानी की व्यवस्था करने में लगे हुए हैं। शुक्रवार को नहाय खाय के साथ छठ महापर्व की शुरुआत हो चुकी है वहीं शनिवार को खरना खिर भोजन एवं रविवार को प्रथम संध्या अर्ध दिया जाएगा वहीं सोमवार को उदयमान सूर्य को अर्घ्य देने के पश्चात महापर्व संपन्न हो जाएगा।

# पांकी प्रखंड प्रमुख एवं प्रशासन ने किया पांकी बाजार क्षेत्र का दौरा

सुभाषचंद्र सिंह @ प्रभात मंत्र



**पांकी :** छठ पूजा को लेकर पांकी प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, अंचलाधिकारी राजकुवंर सिंह, थाना प्रभारी उपेंद्र नारायण सिंह सहित चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के कार्यकारी अध्यक्ष ने शुक्रवार को पांकी बाजार क्षेत्र का दौरा किया। लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बाजार क्षेत्र में ट्रैफिक जाम की समस्या को दूर करने के हेतु वाहनों के रूट में छठ पर्व तक बदलाव भी किया गया वहीं मुख्य बाजार क्षेत्र में दो पहिया वाहनों को छोड़कर अन्य वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई। छठ पर्व तक लोहरसी से आने वाली गाड़ियां मुख्य बाजार चौक से होकर नहीं बल्कि बनखेता होकर पांकी कर्पूरी चौक निकलेंगे, वहीं नूरु मंझौली के तरफ से आने वाले वाहन अम्बेडकर चौक से जरही मोड़ की तरफ से निकलेंगे। पांकी से मेदिनीनगर जानेवाली बस कर्पूरी चौक से ही वापस होगी इसके साथ ही ऑटो चालक अपने ऑटो को सिंचाई विभाग मैदान के अंदर ही लगाएंगे। पांकी मेन रोड को छठ पूजा तक ट्रैफिक मुक्त रखा जाएगा। वहीं चैंबर कार्यकारी अध्यक्ष एनामुल आजाद ने महा छठ पर्व को लेकर अंडा, मुर्गा मांस मछली के दुकानदारों से शनिवार एवं रविवार को दुकान बंद रखने का निर्देश दिया है। इस दौरान मौके पर उपप्रमुख अमित कुमार चौहान, पांकी मुखिया प्रेम प्रसाद, संजीव सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## रंका के दो दर्जन से अधिक लोगों ने थामा झामुमो का दामन

**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रंका प्रखंड अंतर्गत सिरोई खुर्द के दो दर्जन से अधिक लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा। गुरुवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर सभी ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहना कर एवं मिठाई खिलाकर पार्टी में शामिल कराया। सभी ने मंत्री ठाकुर के कार्यों से प्रभावित होकर माटी के पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा। मौके पर मंत्री ठाकुर ने कहा कि कहीं भी अच्छे कार्य करने वालों की ही पूछ होती है। गढ़वा के सभी लोग काफी अच्छे हैं। यहां के लोगों में काम करने एवं ठगने वालों की अच्छी परख है। आज यही कारण है कि काफी संख्या में लोग दूसरे दलों को छोड़कर झामुमो में शामिल हो रहे हैं। मंत्री ने कहा कि जिस तरह से लोगों का रुझान झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर है, आने वाले समय में दूसरे दलों को कार्यक्रम करने के लिए भी लोग नहीं मिलेंगे।पार्टी में शामिल होने वाले लोगों ने कहा कि वे लोग मंत्री ठाकुर एवं झारखंड की हेमंत सरकार के कार्यो से पूरी तरह प्रभावित हैं। यही कारण है कि आज बड़ी संख्या में लोग पार्टी में शामिल हो रहे हैं। आज तक झारखंड में जो काम नहीं हो सका था, उससे ज्यादा बेहतर काम मंत्री ठाकुर कर रहे हैं। पार्टी में शामिल होने वाले लोगों में मुख्य रूप से मृत्युंजय सिंह, शुभम मिश्रा, आशिष चौधरी मुकेश तांती, रविकान्त सिंह, अनिल ठाकुर, नन्दू राम, गजाधर सिंह, कृष्णा राम, संजु राम, महेन्द्र सिंह, संतोष सिंह, आनन्द सिंह, शशिकान्त सिंह, सुदामा राम आदि का नाम शामिल है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, फुजैल अहमद, अनिता दत्त, कंचन साहू, दिलीप गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।



## प्रखंड अंतर्गत सरकारी विधालयों का निरीक्षण करते बीईईओ विजय पाण्डेय

**भवनाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इन दिनों प्रखंड में शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ हो इसके लिए शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पाण्डेय लगातार विद्यालयों का निरीक्षण कर स्थिति से रूबरू होते हैं। शुक्रवार को शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विधालय के निरीक्षण में निकले, जहां करीब नौ विधालयो का निरीक्षण किया।सुत्रो की मानें तो उनके बीआरसी कार्यालय से निकलने की खबर वायरल होते ही विधालयो के प्रधानाध्यापक सतर्क हो गए, और शिक्षा पदाधिकारी को कोई कमियां हाथ नहीं लगी।निरीक्षण के दौरान उत्क्रमित मध्य विद्यालय घाघरा, प्राथमिक विद्यालय झुमरी, मध्य विद्यालय अरसली, उच्च विद्यालय बनखेता, एनपीएस बैगाडीह, उत्क्रमित मध्य विद्यालय चेरवाडीह, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पनिआही, लंगड़ी विधालय का निरीक्षण किया। निरिक्षण के दौरान विधालयो में कोई खामियां नहीं मिलने पर विधालय के प्रभारी को मेनू के अनुसार एमडीएम चालू रखने, प्रयास कार्यक्रम,रेल प्रोजेक्ट,खाता आधार, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने का निर्देश देकर निरीक्षण का खानापूर्ति कर चलते बने।



# अनुमंडल के सभी छठ घाटो पर एसडीओ ने दंडाधिकारियों की कर दिया है प्रतिनियुक्ति

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** आगामी छठ पर्व को लेकर बंशीधर नगर अनुमंडल अंतर्गत घाटों पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु दंडाधिकारियों की एसडीओ श्री बंशीधर नगर रतन कुमार सिंह ने प्रतिनियुक्त कर दिया है। जिसमें नगर ऊंटरी थाना अंतर्गत थाना गश्ती में अंचल पदाधिकारी नगर उंटारी सुनील कुमार, थाना सुरक्षित कनीय अभियंता मनरेगा रणधीर कुमार, सूर्य मंदिर छठ घाट कनीय अभियंता 15वां वित जितेंद्र कुमार, ग्राम अहिरपुरवा छठ घाट कनीय अभियंता अशोक कुमार, खरौंधी थाना सुरक्षित कनीय अभियंता मनरेगा खरौंधी कुमार वरुण, रमना थाना सुरक्षित का कनीय अभियंता मनरेगा रमना मनदीप प्रसाद, रमना टेढ़की पुल कनीय अभियंता रमना अनुज चंद्रवंशी,भवनाथपुर थाना सुरक्षित कनीय अभियंता मनरेगा भवनाथपुर श्याम चौधरी,कनीय अभियंता 15वा वित्त भवनाथपुर प्रेमचंद गुप्ता, कनीय अभियंता 15वां वित भवनाथपुर चंदन कुमार रजक, भवनाथपुर टाउनशिप कनीय अभियंता भवनाथपुर विजय शंकर राय, प्रखंड संवन्यक पंचायती राज भवनाथपुर अशोक कुमार,केतार थाना सुरक्षित कनीय अभियंता मनरेगा आनंद कुमार,केतार मुकुंद पुर नारायण वन कनीय अभियन्ता 15वा वित्त केतार सत्यम पासवान,कनीय अभियन्ता 15वा वित्त केतार राजीव कुमार, धुरकी थाना सुरक्षित कनीय अभियंता मनरेगा धुरकी विशाल कुमार,सगमा थाना सुरक्षित कनीय अभियंता 15वा वित्त सगमा अविनाश कुमार, विशुनपुरा थाना सुरक्षित कनीय अभियंता मनरेगा विशुनपुरा यशवंत कुमार को प्रतिनियुक्त किया गया है।इसके साथ ही एसडीओ ने सभी थाना प्रभारी बंशीधर नगर अनुमंडल को निर्देशित किया है की प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियो के साथ पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करते हुए विधि व्यवस्था संधारण हेतु सभी आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।एसडीओ ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी भवनाथपुर को निर्देशित किया है कि केतार प्रखंड अंतर्गत मुकुंदपुर अवस्थित नारायण वन में एंबुलेंस के साथ एक चिकित्सा दल की प्रतिनियुक्ति करना सुनिश्चित करेंगे।

# पतरिया खुर्द पंचायत के विभिन्न छठ घाटों का मुखिया ने कराया साफ-सफाई



अखिलेश कुमार सिंह @ प्रभात मंत्र

**चैनपुर(पलामू) :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पतरिया खुर्द पंचायत के कटुअल छठ घाट की सफाई एवं सुंदरीकरण शुक्रवार को कराया गया।पूजा को लेकर छठ घाट की साफ सफाई, रंगाई एवं रोशनी की व्यवस्था को लेकर कार्य आरम्भ कर दिया गया है।सफाई कार्य जेसीबी और मजदूरों के द्वारा छठ घाट की सफाई कराई गई। सफाई और सुंदरीकरण कार्य विवेक सिंह और मुखिया संघ के उपाध्यक्ष रानी सिंह के नेतृत्व में लोगों के द्वारा घाट की साफ सफाई का कार्य किया जा रहा है।विवेक सिंह नें बताया कि छठ घाट पर आने वाले छठ व्रतियों की सुविधा को ध्यान में रखकर छठ घाट की पूरी तरह सफाई और सुंदरीकरण कार्य कराया जा रहा है।छठ का अर्घ्य देने में किसी को कोई परेशानी नहीं हो उसको लेकर व्यवस्था की जा रही है।सफाई कार्य में मंगल सिंह,प्रणव सिंह, शिवम सिंह, हिमांशु सिंह ,टिंकू चौधरी, सुमित सिंह, प्रिंस कुमार, प्रमोद सिंह,ललित सिंह आदि का सराहनीय योगदान देखा गया।इस अवसर पर पंचायत के अलावा अन्य स्थानों पर जहां पर सूर्य आराधना का पर्व छठ का आयोजन होता है।अन्य छठ घाट का भी साफ सफाई किया गया।

छट व्रतियों के बीच सूप-दउरा व नारियल-अगरबती का वितरण

# 16 वर्षो से जटेश्वर महतो कर रहे हैं छठ व्रतियों की सेवा



पप्पू सिंह @ प्रभात मंत्र

**पड़वा(पलामू):** प्रखंड क्षेत्र के बासु अपने पैतृक आवास पर जेएमपी के मालिक सह समाजसेवी जटेश्वर महतो ने दो सौ छट व्रतियों के बीच सूप दउरा नारियल अगरबती का वितरण किया. इस अवसर पर बासु, गडेरियाडीह, तेलियाही, लोहड़ी, भुसरा के छठ से आए व्रतियों के पूजन सामग्री का वितरण किया. जटेश्वर महतो ने कहा की वे स्वयं की प्रेरणा से विगत 16 वर्षो से व्रतियों के लिए पूजन सामग्री वितरण कर रहे है. कहा की हिंदुओं के लिए आस्था का यह पवित्र और महान पर्व है. भिक्षाटन कर इस पर्व को करने की परंपरा युगों युगों से चला आ रहा है. वर्तमान में महंगाई के दौर में कोई गरीब अभाव में छठ पर्व का उपासना से वंचित ना रहें जिसकी प्रेरणा से वे पुनीत कार्य कर रहे है. आज हर सक्षम व्यक्ति को सहयोग करना चाहिए. कहा कि वे अपने जीवन काल तक जब तक सक्षम हैं वे व्रतियों का सहयोग करते रहेंगे इनकी आनेवाली पीढ़ी भी करेगी. इस मौके पर इनकी मां तेतरी कुंवर, भाई योगेंद्र महतो, बहु रंजिता देवी, सरिता देवी, राखी देवी, पंकज कुमार, नवीन कुमार, हिमांशु उज्ज्वल सहित बड़ी संख्या में छठ व्रती उपस्थित थे।

# नहाय-खाय के साथ शुक्रवार से शुरू हुआ चार दिवसीय छठ महापर्व, खरना कल

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बंशीधर नगर :** लोक आस्था और सूर्य उपासना का चार दिवसीय छठ महापर्व का अनुष्ठान नहाय खाय के साथ शुक्रवार से पूरे अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में शुरू हो गया है। छठ व्रतधारियों ने सबसे पहले स्नान कर भगवान भास्कर की पूजा अर्चना के बाद अरवा चावल,चने का दाल व कद्दू का सब्जी ग्रहण कर महापर्व का शुभारंभ किया। छठ व्रतधारी सुरेखा गुप्ता एवं शालिनी गुप्ता ने कहा कि जो भी निष्ठा भाव से विधिपूर्वक पर्व करता है,वह संतान सुख से कभी अछूता नहीं रहता। छठी मईया में इतना सत्य है कि मन से मांगी गई हर मुराद पूरी होती है।ऐसा माना जाता है कि छठ पर्व पर संतान की सुख समृद्धि और दीर्घायु की कामना के लिए सूर्य देव और षष्ठी माता की स्तुति की जाती है। हर तरफ छठ के भक्ति गीत से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। अनुमंडल मुख्यालय के श्री बंशीधर मंदिर सूर्य घाट पर छठ पूजा को लेकर तैयारी अंतिम चरण पर है। हालांकि यह पर्व झारखंड और बिहार के लोगों के लिए खास माना जाता है। छठ पर्व में नहाए खाए के दिन कद्दू भात का विशेष महत्व है। छठ महापर्व को लेकर बाजार में कद्दू 50 से 80 रुपए किलो बिक रहे है। शनिवार को खरना पूजा होगा।

**छठ पूजा कार्यक्रम**

**नहाय-खाय :** छठ पर्व का प्रथम दिन नहाए खाय से शुरू होता है। नहाए-खाय 17 नवंबर (शुक्रवार)को है।

**खरना :** छठ व्रत का दूसरा दिन खरना 18 नवंबर (शनिवार) को हैं। इस दिन पंचमी तिथि है। इसके बाद षष्ठी शुरू होगी।

**सायंकालीन अर्घ्य :** छठ पर्व के तीसरे दिन कार्तिक शुक्ल षष्ठी को पूर्ण उपवास होता है। यह व्रत 19 नवंबर (रविवार) को है।

प्रात कालीन अर्घ्य – षष्ठी व्रत की पूर्णाहुति चतुर्थ दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ होती है। 20 नवंबर (सोमवार)को प्रातकालीन अर्घ्य दिया जाता है।

**छठ में प्रयोग की जाने वाली पूजा सामग्री**

छठ पूजा में विशेष सामग्रियों का इस्तेमाल होता है, जिनमें टोकरी, लोटा, फल, मिठाई, नरियल, गन्ना और हरी सब्जियां प्रमुख हैं। इसके अलावा दूध-जल के लिए एक ग्लास, शकरकंदी और सुथनी, पान, सुपारी और हल्दी, अदरक का हरा पौधा, बड़ा मीठा नींबू, शरीफा, केला और नाशपाती का इस्तेमाल होता है। साथ ही कई लोग पानी वाला नारियल, मिठाई, गुड़, गेहूं, चावल और आटे से बना ठेकुआ, चावल, सिंदूर, दीपक और शहद भी प्रसाद के तौर पर देते हैं।

# भूमि दलाल प्रेम सिंह पप्पू धोखाधड़ी में गिरफ्तार भेजा गया जेल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** गुरुवार को बरवाडीह पुलिस ने डीएवी हेहल रांची निवासी भूमि दलाल प्रेम सिंह उर्फ पप्पू को रांची कमड़े काठीटाड से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार बरवाडीह थाना अंतर्गत बाजार निवासी मनीष कुमार पिता श्याम सुंदर भगत के द्वारा 21 मई 2023 को बरवाडीह थाना में भूमि खरीद के नाम लाखों रुपए की धोखाधड़ी के आरोप का प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इस संबंध में भुक्तभोगी मनीष कुमार ने बताया कि उक्त आरोपी मेरा सगा ममेरा भाई है, उन्होंने अगस्त 2018 में भूमि खरीद बिक्री को लेकर मोबाइल से हमसे संपर्क किया और बताया कि रांची रिंग रोड स्थित 30 डिसमिल जमीन भूमिहार (राजपूत ) का है जो एक लाख तीस हजार रुपए प्रति डिसमिल है तुम खरीद लो चूंकि मुझे भी घर बनाने के लिए भूमि की जरूरत थी। हमने उनसे भूमि संबंधी कागज़ात की मांग की उन्होंने वाट्सएप के माध्यम से अपठनीय दस्तावेज भेजा जिसे इंकार करने पर उन्होंने हमें भरोसा दिलाया और कहा पैसे भेजो नहीं तो भूमि बिक्री हो जाएगा। हमने लिमिट अनुसार लगभग 17 लाख रुपए ऑनलाइन भुगतान किया। मनीष ने बताया कि कुछ दिनों के बाद भूमि रजिस्ट्री के लिए बोला तो वह टालमटोल करने लगा। हमें संदेह हुआ और हमने भूमि के दस्तावेजों की जांच पड़ताल किया पता चला कि वह भूमि आदिवासी भुइहरी है। इसके बाद हमने बरवाडीह थाना में उक्त आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई।

## नहाय खाय के साथ शुरू हुआ छठ महापर्व

**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से शुरू होने वाला छठ महापर्व शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया है। यह पर्व चार दिन तक मनाया जाता है। यह व्रत आस्था का व्रत है। जिसमें परिवार के सभी सदस्य साथ रहते हैं। इसलिए इस व्रत की महत्ता और बढ़ जाती है। व्रत रखने वालों ने सुबह शुद्धिकरण के बाद नए वस्त्र पहने। अब शाम को पूजा-पाठ के बाद सेंधा नमक, घी से बना अरवा चावल, चने की दाल, लौकी या कद्दू की सब्जी का प्रसाद ग्रहण करेंगे। शनिवार को खरना के दिन छठ पूजा का प्रसाद बनाया जाएगा। संतान सुख प्रदान करने वाला व्रत छठ संतान सुख प्रदान करने वाला व्रत है। इस पर्व की एक कथा के अनुसार सूर्य की बहन षष्ठी नवजात बच्चों की रक्षा करती है। इसलिए माताएं इस पर्व में संतान की लंबी उम्र और उन्नति के लिए व्रत रखती हैं। छठ व्रत का संबंध सूर्य से भी है। सूर्य की प्रसन्नता सृष्टि को बनाएं रखने के लिए जरूरी हैं, इसलिए छठ पर्व पर सूर्य की पूजा होती है।



## छठ व्रतियों के बीच कद्दू एवं आम की लकड़ी का किया वितरण

**चैनपुर पलाम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर बाजार मोहल्ला में महान क्लब द्वारा छठ व्रतियों के लिए कद्दू एवं सूखी आम की लकड़ी का वितरण किया गया।शुक्रवार को महान क्लब के द्वारा वितरण करते गुरु बाबा और मनोज दास ने छठ व्रतियों के लिए कद्दू व आम की लकड़ी का वितरण किया गया।मौके पर मनोज दास ने कहा की छठ महापर्व हिंदुओ की आस्था का महापर्व है।इस महापर्व के लिए छठव्रतियों का सहयोग करना बहुत ही सौभाग्य की बात है।महान क्लब के सदस्य हमेशा सामाजिक कार्यो में बढ़ चढ़कर भाग लेती है।इसलिए छठ महापर्व के मौके पर छठव्रतियों के लिए कद्दू व आम की लड़की का वितरण किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड में 20 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके शिक्षक बनेंगे प्रिंसिपल

**रांची :** स्कूलों में लंबे समय से शिक्षा दे रहे प्राथमिक शिक्षकों के लिए खुशी की खबर है। काफी समय से लंबित चल रहे प्रोन्नति के मामले पर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने फैसला लिया है। अब जो प्रारंभिक शिक्षक अपनी सेवा के 20 साल पूरे कर चुके हैं, उन्हें सीधे प्रिंसीपल के पद पर प्रोन्नति दी जाएगी। इसके लिए सभी उपायुक्त और जिला शिक्षा अधीक्षकों को आदेश जारी किया गया है। जो प्रारंभिक शिक्षक जिनकी सेवा 20 वर्ष पूरी हो चुकी है। उन्हें सीधे प्रिंसिपल के पद पर प्रमोशन मिल जाएगी। अब प्रिंसीपल के पद पर प्रोन्नति के लिए स्नातक प्रशिक्षित पद पर पांच वर्षों की सेवा पूरी करने की बाध्यता नहीं होगी।इस वक्त राज्य के मध्य विद्यालय के प्रिसिंपल के पद पर 97 प्रतिशत रिक्तियां हैं। इस फैसले से इन पदों को भरा जा सकेगा।

### जमीन घोटाला मामले में भरत प्रसाद ने दाखिल की जमानत याचिका

**रांची** : जमीन घोटाला मामले के आरोपित भरत प्रसाद ने शुक्रवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश कुमार राय की अदालत में जमानत याचिका दाखिल की। इस मामले में सुनवाई के लिए 18 नवम्बर की तिथि निर्धारित हुई है। यह मामला बरियातू के सेना के कब्जे वाली भूमि और रांची के चेशायर होम रोड स्थित भूमि की फर्जी कागजात के सहारे जमीन की खरीद-बिक्री करने से जुड़ा है। इस मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, व्यवसायी विष्णु अग्रवाल, प्रेम प्रकाश सहित कई आरोपित जेल में हैं।

प्रधानमंत्री सुरक्षा चूक मामला

# भाजपा के विरोध के बाद महिला गई जेल, आइपीएस पर भी गिरेगी गाज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** दो दिवसीय कार्यक्रम को लेकर 14- 15 नवंबर 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रांची में थे। इसी दौरान उनके सुरक्षा में चूक मामले सामने आने के बाद भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर हमला बोला कहा कि पुलिसिया तंत्र काफी लचर थी , इतनी बड़ी लापरवाही बर्दाश्त करने लायक नहीं। यदि कोई बड़ी घटना हो जाती तो इसकी जवाब कौन देता? आखिर कारकेड के सामने लाल साड़ी पहनी महिला कैसे आ गई । इसी बयान के बाद कोतवाली थाना प्रभारी शैलेश ने महिला संगीता झा पर मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। महिला के जेल जाने के बाद अब राजनीतिक और गर्म आ गई है। बता दें कि इस पूरे मामले में एसपीजी ने झारखंड



पुलिस से रिपोर्ट मांगी है। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने प्रधानमंत्री की सुरक्षा चूक मामले में संज्ञान लिया है। इस मामले में धनबाद डीएसपी अमर कुमार पांडे की लापरवाही सामने आई है। क्योंकि अमर कुमार पांडे को ही दी गई थी रुट में सुरक्षा की जिम्मेदारी। यदि ऐसा होता है तो अमर कुमार पांडे ,एस एसपी,एस एसपी पर भी गाज गिर सकती है।

**क्या है मामला:** 15 नवंबर को को एक महिला रेडियम रोड के पास प्रधानमंत्री मोदी के काफिले के सामने आ गई थी। महिला की पहचान संगीता झा के रूप में हुई है। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का काफिला राजभवन से निकलकर रांची एसएसपी आवास से होकर रेडियम रोड से गुजर रहा था तो इसी दौरान गार्डन फ्रेश नामक प्रतिष्ठान के ठीक सामने प्रधानमंत्री का वाहन पहुंची तो उसी समय संगीता झा सुरक्षा घेरे को तोड़कर प्रधानमंत्री की गाड़ी के सामने आ गई। इस दौरान मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने आननफानन में महिला को पीएम के कारकेड से बाहर निकाला। काफिले में महिला के प्रवेश करने के मामले में एसएसपी ने तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया था। जिन पुलिस वालों पर गाज गिरी है उनमें अबु जफर, आईआरबी 10वीं बटालियन के हवलदार छोटेलाल टुडू और आरक्षी रंजन कुमार शामिल हैं। प्रधानमंत्री की सुरक्षा में हुई चूक के मामले की जांच डीएसपी अमर पांडे को दी गई थी। उनकी रिपोर्ट में तीनों पुलिसकर्मियों की लापरवाही सामने आई थी। ड्यूटी में लापरवाही बरसाने की वजह से ही महिला प्रधानमंत्री के के गाड़ी के सामने आ गई थी, जिसके आधार पर तीनों को निलंबित किया गया था। वहीं धनबाद डीएसपी अमर पांडेय, कुछ आइपीएस अधिकारी की भी मुश्किलें बढ़ सकती है।

## मनिका विधायक रामचंद्र सिंह उत्कृष्ट विधायक चुने गये

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबिंद्रनाथ महतो के आवासीय कार्यालय पर उत्कृष्ट विधायक चयन समिति की बैठक हुई। चयन समिति की बैठक अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । समिति के सदस्य आलमगीर आलम, संसदीय कार्य मंत्री, अमर कुमार बाउरी, नेता विरोधी दल, स्टीफन मराण्डी, कमलेश कुमार सिंह, . आनन्द मोहन, संयोजक प्रेस दीर्घा समिति एवं प्रभारी सचिव सह सदस्य जावेद हैदर उपस्थित थे। सर्वसम्मति से सदस्य रामचन्द्र सिंह, मनिका विधान सभा क्षेत्र संख्या-73 को वर्ष 2023 के लिए उत्कृष्ट विधायक के रूप में चयनित किया गया। इन्हें वर्ष 2023 के लिए भगवान बिरसा मुण्डा उत्कृष्ट विधायक पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। समिति द्वारा उत्कृष्ट पदाधिकारी / कर्मचारी के रूप में छः विधान सभा कर्मियों का भी चयन किया है, जो निम्न प्रकार है, इन्हें स्व कपिलेश्वर प्रसाद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।मिथिलेश कुमार मिश्रा संयुक्त सचिव,विष्णु



पासवान अवर सचिव,निलेश कुमार सिंह- प्रशाखा पदाधिकारी,नियाज अहमद- प्रशाखा पदाधिकारी, तापस कुमार यादव- वरीय सचिवालय सहायक, माईकल लकड़ा- अनुसेवक शामिल हैं। स्थापना दिवस समारोह में उत्कृष्ट विधायक को प्रशस्ति पत्र, शॉल एवं मॉमेंटो से राज्यपाल के द्वारा साथ ही उन्हें 51,000 / - (इक्यावन हजार) रूपये की सम्मान राशि भी प्रदान की जाएगी। उत्कृष्ट कर्मियों को मुख्यमंत्री द्वारा प्रशस्ति पत्र, शॉल एवं मॉमेंटो के साथ प्रत्येक को 21000/- ( इक्कीस हजार) रूपये सम्मान राशि प्रदान की जाएगी। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष रबिद्र नाथ महतो ने कहा कि हमारे झारखंड के 81 विधायक हैं और सभी फूल हैं और फूलों के गुलदस्ता से किसी एक फूल को चुनकर उन्हें सम्मानित करना अपने आप में कठिन कार्य है । ऐसे कार्यो को हम लोगों ने किया है। जिसमें रामचंद्र सिंह जो मनिका के विधायक हैं इन्हें उत्कृष्ट विधायक से सम्मानित किया गया है। इसके अलावा भी हमारे जो विधानसभा कर्मिंगण है उन्हें भी सम्मानित किया गया । साथ ही साथ खिलाड़ियों और पुलिस जवानों को भी सम्मानित किया जाता है । एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अगली बार हम लोग सोचेंगे कि झारखंड के लोक कलाकारों का भी उत्कृष्ट सम्मान के श्रेणी में उनका भी चयन किया जाए।

## किक बॉक्सिंग एसोसिएशन का रेफरी सेमिनार सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड वाको किकबॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा संचालित किक बॉक्सिंग रेफरी सेमिनार स्थानीय एन के काम्प्लेक्स डॉ फ़तेहुल्लह रोड रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में सम्पन्न हुआ। जिसमें रांची जिला किक बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा बिमल आनन्द नाग,गुलाम जावेद, नौसाद खान,कमल किशोर कच्छप,कलीम खान,इबरार अंसारी,पूनम सिंह,ब्लमदीना तिग्गा, कुमारी प्रिया, अधिवक्ता प्रिया कुमारी, लालचंद लोहार, संदीप कुमार गोप ने हिस्सा लिया और सफलता प्राप्त किया।इस अवसर पर झारखंड एमेच्योर किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष बी सी ठाकुर ने कहा रांची जिला किक बॉक्सिंग एसोसिएशन को और मजबूती प्रदान करने और रांची के खेल गांव में 25 से 26 नवम्बर को आयोजित खेलो इंडिया महिला लीग एमेच्योर किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता को देखते हुए यह सेमिनार आयोजित किया गया था। जिसमें सभी लोग सफल हुए उनको बधाई।इस अवसर पर बिनय सिन्हा दीपू अध्यक्ष रांची जिला किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ने कहा रांची में किक बॉक्सिंग महिला लीग में रांची जिला के बच्चों का बेहतर प्रदर्शन होने कि सम्भावना है और बेहतर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।ताकि रांची के बच्चे राज्य एवं देश में रांची का नाम रौशन करें। सेमिनार में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी किकबॉक्सिंग प्रवीण कुमार ने अंतरराष्ट्रीय नियमो कि जानकारी दिया। इस अवसर पर ओवैस अराफात सचिव भी उपस्थित थे।

## लीजेंड्स क्रिकेट लीग का पहला मैच भिलवाड़ा किंग्स बनाम इंडिया से



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** जेएससीए स्टेडियम में 18 नवंबर से लीजेंड्स क्रिकेट लीग मैच का शुभारंभ होगा। इस क्रिकेट लीग में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी, कई इंटरनेशनल पूर्व क्रिकेटर अपना जलवा बिखरेंगे। इसकी जानकारी शुक्रवार को इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहें भीलवाड़ा किंग्स के टीम मैनेजर और टीम के सदस्य तिलकरत्ने दिलशन और राहूल शर्मा ने पत्रकारों को दी। पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यहां क्रिकेट खेलना बेहतरीन होगा, टीम मेम्बर्स ने कहा कि इस बार इस टूर्नामेंट को जीतने के उद्देश्य से टीम उतरेगी। टीम में ये आयेंगे नजर

**टीम भीलवाड़ा किंग्स :** यूसुफ़ पठान, इरफान पठान, रयान साइडबॉटम, इक़बाल अब्दुल्ला, पीनल शाह, टिम मुर्तघ, क्रिस्टोफर बार्नवेल, अनुरीत सिंह, जेसल कारिया, सोलोमन मेयर, लेंडल सिमंस, धम्मिका प्रसाद, समृद्ध उत्सेया, राहुल शर्मा, तिलकरत्ने दिलशान, रोबिन बिष्ट, , श्रीकांत वाघ , आनंद राजन, जेसन मोहम्मद शामिल हैं।

**उद्घाटन मैच का समय:** 18 नवंबर 2023 शाम 6:30 बजे भिलवाड़ा किंग्स बनाम इंडिया से होगा।

## हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार होटवार जेल निरीक्षण करने पहुंचे




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा ने होटवार स्थित बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान चीफ जस्टिस के साथ हाईकोर्ट रजिस्ट्रार जनरल एवं झालसा के सदस्य सचिव भी मौजूद थे। चीफ जस्टिस हाईकोर्ट में चल रहे जेल से संबंधित एक मामले एवं जेल में कैदियों के मेडिकल सुविधा स्वच्छता लीगल सर्विसेज आदि की सुविधा विषयों को लेकर जेल का निरीक्षण करने पहुंचे थे। चीफ जस्टिस जेल में करीब एक घंटा रुके रहे थे, जहां उन्होंने जेल के डॉक्टरों एवं कुछ कैदियों से भी मुलाकात की। मुलाकात के दौरान कैदियों को मिलने वाले खानपान के विषय में भी जानकारी ली। चीफ जस्टिस के साथ गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, आईजी जेल उमाशंकर सिंह, जेल अधीक्षक हामिद अख्तर मौजूद थे।

## झारखंड विधानसभा स्थापना दिवस समारोह को लेकर हुआ बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** अध्यक्ष झारखंड विधानसभा रबीन्द्रनाथ महतो अपने कार्यालय कक्ष में 22 नवंबर एवं 23 नवंबर 2023 को होने वाली झारखण्ड विधान सभा की स्थापना दिवस समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के संबंध में विभागों के वरीय पदाधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की।

नक्सल मुठभेड़ों में शहीद होने वाले झारखंड के जवानों तथा खेल से जुड़े लोग जिन्हें 22 नवंबर 2023 को सम्मानित किया जाना



है ,संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया । कार्यक्रम के लिए अपने नोडल पदाधिकारियों के माध्यम से कि हुए उन्हें कार्यक्रम स्थल तक पहुँचाने में सहयोग करेंगे। इसी प्रकार से चंद्रयान मिशन 3 से जुड़े झारखंड के वैज्ञानिक ,झारखंड के टॉपर छात्र छात्राओं जिन्हें पुरस्कृत किया जाना है उनकी यातायात सुरक्षा एवं आवासन के संबंध में भी जिला प्रशासन राँची को बैठक में निर्देश दिए गए।

उक्त बैठक में झारखंड के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, पुलिस महानिदेशक अजय सिंह,संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी एवं राँची जिला प्रशासन उपस्थित रहे।

## भाभी जी घर पर हैं धारावाहिक के संस्कारी मास्टर जी झारखंड में मतदाताओं को करेंगे प्रेरित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार से शुक्रवार को छोटे पर्दे के चर्चित टीवी सीरियल भाभी जी घर पर हैं के कलाकार विजय सिंह ने उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात की। उन्हें जल्द ही मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के द्वारा झारखंड राज्य में निर्वाचन संबंधी जागरूकता के कार्यो के लिए स्टेट आइकन नियुक्त किया जायेगा। झारखण्ड के ही रहने वाले विजय सिंह ÷भाभी जी घर पर हैं÷ धारावाहिक में संस्कारी मास्टर जी



की भूमिका में लोगों को संस्कार सिखाते नजर आते हैं। अब जल्द ही वे झारखंड में मतदाता जागरूकता के लिए स्टेट आइकॉन के रूप में सहयोग करेंगे। इस अवसर पर एक्टर विजय सिंह ने कहा कि उन्हें खुशी है कि वे अपने गृह राज्य के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने और राज्य में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए काम आ सकेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले लोक सभा चुनाव तक वे अपने आडियो वीडियो संदेशों के माध्यम से लोगों को मतदाता पंजीकरण व मतदान हेतु जागरूक और प्रेरित करते रहेंगे। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन कार्यालय के अवर सचिव देव दास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी मुख्यालय संजय कुमार, मुख्य निर्वाचन कार्यालय के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## छठ घाट के निरीक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं से भी मिले सीएम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** विभिन्न छठ घाटों का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने निरीक्षण किया। इस दौरान नक्षत्र वन स्थिति हटानिया तालाब का निरीक्षण करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लोगों को छठ महापर्व की शुभकामनाएं भी दी। साथ ही साथ उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी छठ घाटों को जल्द से जल्द सुंदर और व्यवस्थित कर दें, ताकि छठ व्रतियों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। निरीक्षण के द्वारा दौरान झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची महानगर के पूर्व प्रवक्ता जितेंद्र गुप्ता ,अजय सिंह, संजय राय ,सुजीत उपाध्याय, अजीत नायक, छात्र नेता अमन कुमार, अरुण गुप्ता साथ मे नेतागण कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

### बड़गाई -बूटी देवोत्थान जतरा मेला 24 नवंबर को

**रांची :** बड़गाई -बूटी देवोत्थान जतरा मेला 24 नवम्बर को मनाया जाएगा। देवोत्थान जतरा मेला समिति बड़गाई-बूटी के संरक्षक डॉ वीरेंद्र साहू ने शुक्रवार को बताया कि देवोत्थान धाम परिसर में 24 नवम्बर को भव्य और ऐतिहासिक जतरा मेला का आयोजन किया जाएगा। मेले में आसपास के सभी गांव के खोड़हा नृत्य मंडली अपने पारंपरिक वाद्ययंत्र और वेशभूषा के साथ भगवान शिव का पूजा-अर्चना के साथ नृत्यगान प्रस्तुत कर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाएंगे।

## लीजेंड्स लीग क्रिकेट की ट्रॉफी का अनावरण किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** क्रिकेट की दुनिया एक भव्य पुनर्मिलन का गवाह बनने जा रही है, जहां दिग्गज क्रिकेटर मुनाफ पटेल, प्रवीण तांबे और हाशिम अमला के साथ एंड्रयू लीपस और रमन रहेजा बहुप्रतीक्षित सीज़न की शुरुआत करने के लिए लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) का शनिवार को रांची के जेएससीए स्टेडियम में पहुंचे। लीग में इरफान पठान की अगुवाई में भीलवाड़ा किंग्स और इंडिया कैपिटल्स एक दूसरे के खिलाफ भिड़ते हुए नजर आएंगे, जो प्रशंसकों को एक पुरानी यादों वाली यात्रा और क्रिकेट कौशल के शानदार प्रदर्शन का



यादगार बनायेगा। टूर्नामेंट की पूर्व संध्या पर बोलते हुए, पूर्व भारतीय क्रिकेटर मुनाफ पटेल ने कहा, लीजेंड्स लीग क्रिकेट देश की सबसे बड़ी लीगों में से एक है और रांची में लीग शुरू करने के बारे में बात करते समय, केवल एक ही नाम दिमाग में आता है, मेरे कप्तान एम.एस. धोनी।

जिस स्टेडियम के पवेलियन पर भी उनका नाम है, वह निश्चित रूप से देश के सर्वश्रेष्ठ स्टेडियमों में से एक है। ऑस्ट्रेलिया के साथ भारत के मुकाबले के बारे में बात करते हुए उन्होंने आगे कहा, हम वास्तव में उत्साहित हैं और आईसीसी विश्व कप के फाइनल में भारत की जीत की उम्मीद कर रहे हैं। लीजेंड्स लीग क्रिकेट, की छह-टीम टूर्नामेंट भारत के पांच शहरों रांची, देहरादून, जम्मू, विजाग और सूरत में खेला जाएगा और 18 नवंबर से 9 दिसंबर, 2023 तक चलने वाला है। छह टीमें इंडिया कैपिटल्स, भीलवाड़ा किंग्स, गुजरात जाइंट्स, मणिपाल टाइगर्स, सदर्न सुपर स्टार्स और अर्बनराइजर्स हैदराबाद प्रतिष्ठित ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

# मांडर में असमाजिक तत्वों ने तोड़ी मूर्ति, आक्रोशित भीड़ ने किया घंटो सड़क जाम

**अलताफ अहमद @ प्रभात मंत्र**

**मांडर (रांची):** मांडर के मुड़मा में चार मंदिरों की प्रतिमा को बीती रात असामाजिक तत्वों के द्वारा खंडित किए जाने की खबर सुन कर आक्रोशित ग्रामीणों ने एन एच-39 को जाम कर दिया है मनोहर साहु के मोताबिक मुडमा के महाबीर मंदिर, छोटा बजरंग बली मंदिर, बुढ़ा महादेव, मड़ई देवी मंडप में अज्ञात असामाजिक तत्वों के द्वारा घटना को दिया गया अंजाम। उनकी गिरफ्तारी की लेकर सड़क जाम किया गया। मौके पर कई थानों के पुलिस मौजूद रहे

**दोषियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग:** आक्रोशित लोगों ने एनएच 39 पर टायर जला कर सड़क को जाम कर दिया. लोग इस घटना में शामिल लोगों की जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। साथ हीं दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग भी की है. प्रदर्शन की जानकारी मिलते हीं पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान पुलिस ने लोगों को समझाने की कोशिश की। आज छठ का नहाय खाय है.ऐसे में सड़क जाम होने से कई लोग परेशान है।

**प्रशासन से वार्ता के बाद मुडमा के एनएच 39 से 9 घण्टे बाद हटा जाम :** मांडर मुडमा एनएच लगभग 9 घंटे तक जाम रहने के बाद जाम हटा लिया गया है जमकर्ताओ ने एसडीओ और ग्रामीण एसपी से वार्ता किया,इसके बाद जाम हटाया गया जाम कर्ताओं के द्वारा मंदिर में तोड़फोड़ करने वाले असामाजिक तत्वों को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तारी की मांग रखी गई वहीं ग्रामीण एसपी ने एसआईटी गठन कर के जितना जल्द हो सके जांच पूरी की जाएगी और दोषियों को बच्चा नहीं जाएगा घटना को लेकर सभी समाज के लोगों ने इसकी कडी निंदा की है और दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग



प्रशासन से की गई है।

**क्या बोले स्थानीय नेता बंधु तिर्की:** अपराधी,घृणित,समाज में एक-दूसरे के बीच खाई पैदा करनेवाले और परस्पर सद्भाव को नुकसान पहुँचानेवाले अवांछित तत्वों द्वारा मांडर प्रखण्ड के मुडमा में और दोषियों को चिन्हित कर जेल भेजा जाये. उन्हें ऐसी सजा मिले कि अगली बार से ऐसा घृणित कार्य करने के पहले उनकी आत्मा काँप जाये. मैं सभी धर्म, जाति और समुदाय से ऐसी घटना के खिलाफ मुखरता से खडे होने का आह्वान करता हूँ।

**यह बहुत ही घृणित कार्य है : शिल्पी नेहा तिर्की:** मांडर के मुड़मा में चार मंदिरों की प्रतिमा को आसामाजिक तत्वों द्वारा खंडित किए जाने पर विधायक शिल्पी तिर्की ने कहा कि यह बहुत ही घृणित कार्य है। ऐसे दुस्साहस करनेवाले दोषियों को बक्शा नहीं जायेगा। धार्मिक स्थल को नुकसान पहुँचाने एवं उसकी पवित्रता को खंडित करने की बेहद दुर्भाग्यपूर्ण व निंदनीय घटना सभी के लिये शर्मनाक है। घटना की जल्द उच्चस्तरीय जाँच हो।

**आपसी सद्भावना बिगाड़ने का प्रयास किया गया : सन्नी टोप्पो:** असामाजिक तत्वों द्वारा बहुत ही दुस्साहस भरा कार्य। आपसी सद्भावना बिगाड़ने का प्रयास किया गया, किंतु मुडमा और क्षेत्र के व्यक्तियों ने काफी सूझ बूझ से काम लिया। संयमित रहकर अच्छे नागरिक का परिचय दिया। इसके लिए ये धन्यवाद के पात्र हैं।

### सीएम से मिले आदित्य ठाकरे



**रांची :** मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज महाराष्ट्र विधानसभा के सदस्य एवं पूर्व मंत्री श्री आदित्य ठाकरे ने शिष्टाचार मुलाकात की।

## छठ महापर्व को लेकर बैठक

**बुड़मू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी छठ महापर्व को लेकर अंचल कार्यालय में सीओ शंकर कुमार विद्यार्थी ने प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न छठ घाट आयोजकों और थाना प्रभारी के साथ बैठक कर गाइडलाइन जारी किए जिसमे छठ घाट जाने वाले रास्ते की साफ सफाई सभी घाट की साफ सफाई के बिजली की बेवस्था घाट में महिलाओं का चेंजिग रूम आदि जिससे छठ व्रतियों को किसी प्रकार का दिक्कत ना हो बैठक में बुडमू थाना प्रभारी कमलेश राय ठाकुर गांव थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार सिंह उप प्रमुख हरदेव साहू के साथ के अलावा ग्रामीण मौजूद थे

## 28 नवम्बर से फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):**शुक्रवार को शिव शिष्य हरिद्रानंद फाउंडेशन एवं शिव शिष्य परिवार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता गुरगांई बुढ़ीबागी मैदान ओरमांझी में किया जाएगा। युवा पावर फुटबॉल क्लब गुरगांई के देखरेख में तीन दिवसीय मैच 28 से 30 नवम्बर तक होने वाली है। जिसमें कुल 16 टीमें भाग लेगी। विजेता टीम को 31000 हजार नगद व बड़ा कप डेकर सम्मनित किया जाएगा। उपविजेता टीम को 21000 हजार नगद व छोटा कप डेकर सम्मानित किया जाएगा।वही तृतीय 5100 नगद एवं फुटबॉल और चतुर्थ 5100 नगद एवं फुटबॉल देकर सम्मानित किया जाएगा।

## फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नाईन बुलेट कवाली के द्वारा आयोजित सोहराई जतरा के शुभ अवसर पर पांच दिवशीय फुटबॉल टूर्नामेंट का दूसरा दिन का पहला मैच बी टी 11 बनाम बिरसा मुंडा क्लब रांची के बीच खेला गया।जिसमें बी टी 11 02 गोल से विजय रही।पहला मैच के मुख्य अतिथि आजसू नेता प्रकाश लकड़ा।दूसरा मैच फोर एस बडाम बनाम सत्यारी टोली के बीच खेला गया । जिसमें फोर एस बडाम 02 गोल से विजय रही।दूसरा मैच के मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के नामकुम प्रखंड अध्यक्ष बृष मिंज थे। तीसरा मैच बी एम आर महिलौंग बनाम मुन्ना ब्रदर के बीच खेला गया । जिसमें मुन्ना बदस 03 गोल से विजय रही ।तीसरा मैच के मुख्य अतिथि भाजपा नेता जैलेन्द्र कुमार थे ।

## नहाय खाय के साथ शुरू हुआ छठ, आज खरना

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोक आस्था व सूर्योपासना के महापर्व छठ की शुरुआत कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर नहाय-खाय के साथ शुक्रवार से शुरू हो गया। छठ सूर्य उपासना और छठी माता की उपासना का पर्व है। इस पर्व में मूर्ति पूजा नहीं की जाती। छठी मईया के लिए व्रत किया जाता है। नहाय खाय मे व्रत करने वाली महिलाएं और पुरुष लौकी की सब्ज़ी, चने की दाल,अरवा चावल और मूली की सब्जी से बना भोजन ग्रहण किया। इसमें लहसून-प्याज का उपयोग नहीं किया जाता है। एक समय का भोजन करके अपने मन को शुद्ध करने के बाद व्रत की शुरुआत होती है। छठ पर्व के दूसरे दिन खरना, तीसरे दिन अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। चौथे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। इसके साथ चौथे दिन के अर्घ्य के साथ व्रत का पारण किया जाता है।

## मुखिया ने चलाया सफाई अभियान

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छठ पर्व को लेकर शुक्रवार को सिल्ली साहेब बांध में गूंज परिवार व सिल्ली मुखिया के द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान सिल्ली के प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक, मुखिया भरत सिंह मुंडा, रविंद्र करमाली, भरत देव साय, मनोज साव, पंकज साहू आदि ने छठ घाटों का निरिक्षण किया। ज्ञात हो कि छठ पर्व के लिए घाटों की साफ-सफाई और अन्य तैयारियों में गूंज परिवार के संरक्षक सुदेश कुमार महतो, संयोजक जयपाल सिंह एवं अन्य सदस्यों का सराहनीय भूमिका रहता है। छठ व्रतियों को अ?र्घ्य देने में कोई दिक्कत न हो गूंज परिवार के सदस्य इसकी कोशिश करते हैं। इसके लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

## सद्भावना चैंपियन फुटबॉल ट्रॉफी को लेकर बैठक

**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):**शुक्रवार को सद्भावना चैम्पियन फुटबॉल ट्रॉफी का बैठक सिकीदिरी मैदान में मुखिया राजेश पाहन की अध्यक्षता में किया गया। बैठक का संचालन शिवधर रजवार ने किया। बैठक में 10वीं सद्भावना चैम्पियन फुटबॉल टूर्नामेंट कमेटी का पुनर्गठन किया गया। बैठक में दसवीं बार मुख्य संरक्षक कांके प्रखण्ड प्रमुख सोमनाथ मुंडा को बनाया गया। कमेटी में अध्यक्ष राजेश पहान, सचिव प्रकाश यादव,कोषाध्यक्ष फारुक खान, कार्यकारी अध्यक्ष बलराम साहू, रथुवा मुंडा,उपाध्यक्ष श्याम सुन्दर बेदिया, महावीर भोगता, चिंता साहू, जयनन्दन सिंह, प्रवक्ता शिवधर रजवार, मीडिया प्रभारी अजय भोगता, सहसचिव मनोज पाहन, चरण बेदिया, गुलफाम आलम को बनाया गया।

## भगवान बिरसा मुंडा जयंती मनाया गया

**नगड़ी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सबशीला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में नि:शुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के बीच चिल्ड्रेन्स डे और भगवान बिरसा मुंडा की जन्मदिवस के अवसर पर एक महीने से चल रहे स्पोर्ट्स महीने का समापन हुआ। कुल 16 खेल व प्रतियोगिता कराए गए । जिसमे चेस , चमच गोटी रेस, बोरा रेस,एक पैर दौड़ ,दो पैर दौड़,तीन पैर दौड़, म्यूज़िकल चेयर, बैलून फोड़, कैंडल बर्न, मैथ्स स्पीड टेस्ट, जी के टेस्ट , डांस प्रतियोगिता, संगीत और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें विजेताओं को मेडल,प्राइज, गिफ्ट और सर्टिफिकेट दे कर सम्मानित किया गया। खेल व प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अन्य विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए अतिथि के रूप में आने के लिए सभी विद्यार्थियों को सबशीला इंस्टीट्यूट की ओर से डिजिटल इनविटेशन कार्ड दिया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी बच्चों को भारतीय संस्कृति के अनुसार ,टिका लगा कर , फूलों का गुच्छा दे कर, आरती उतार कर, फूल और अरवा चावल अक्षत छिड़कर स्वागत किया गया। फिर सभी बच्चों को बैच पहना कर समान्नित किया गया।

## सवारी बस ने कार को मारी टक्कर, दो घायल

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के मूर्ति घर के समीप रांची गुमला मुख्य मार्ग पर शुक्रवार की सुबह लगभग साढ़े आठ बजे रांची से आ रही उत्कंठा यात्री बस ने प्रखंड कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर गुमला रोड बेड़ो निवासी 32 वर्षीय पंकज पाल पिता बिंदेश्वर मिस्त्री की कार को टक्कर मार दी। वहीं कार को लगभग 25 मीटर तक घसीटते हुए बस ले गया। जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में पंकज पाल व भगनी 10 वर्षीय आयुषी प्रिया घायल हो गई। वहीं कार में सवार भगवती कुमारी चार शानवी प्रिया व डेढ़ वर्षीय वाणी प्रिया बाल बाल बच गए। कार को टक्कर मारने के बाद भाग रहे बस को पुलिस ने पीछा कर पकड़ कर थाना ले आयी है।

## नहाय खाय के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व शुरू

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोक आस्था और सूर्य उपासना का चार दिवसीय छठ महापर्व का अनुष्ठान नहाय खाय के साथ शुक्रवार से पूरे प्रखंड मुख्यालय सहित आस-पास के क्षेत्रों में प्रारंभ हो गया है। जहां छठ व्रतधारियों ने सबसे पहले पवित्र जलाशयों में स्नान कर भगवान भुवन भास्कर की पूजा अर्चना के बाद अरवा चावल, चने का दाल व शुद्ध घी से बनी कद्दू का सब्जी ग्रहण कर महापर्व का वत् शुरु किया। छठ व्रतधारी ने बताया कि यह स्वच्छता एवं शुद्धता का महापर्व है। जहां लोग अस्तलचगामी व उदयीमान सूर्य को अर्ध्य देकर महापर्व का समापन करते है।

## झारखंडी भाषा-खतियान संघर्ष समिति रांची जिला संगठन विस्तार आज

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जेबीकेएसएस रांची जिला का अधिकारिक रुप से संगठन विस्तार के लिए जिला टीम का गठन किया जाना है। इसके लिए केन्द्रीय कमिटि की ओर से मोतीलाल महतो, आनंद कटियार,विजय सिंह सहित सात प्रवेक्षक नियुक्त किए गये हैं। अभी तक रांची जिला में संगठन कार्य के लिए किसी को अधिकृत नहीं किय गया था। बैठक के लिए अनगड़ा प्रखंड के हेसल पंचायत भवन के समीप रिंग रोड़ (ह॥-33) पर निर्माणाधीन टॉलगेट के समीप गोन्दलीपोखर हाई स्कूल के बगल में बैठक के लिए सभी तैयार पुरी कर ली गई है।बैठक में रांची जिला के 18 प्रखंड के सभी सक्रिय सदस्य को आमंत्रित किया गया है।सभी मिलकर जिला संयोजक टीम का गठन किया जायेगा।

# पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र मे नहाय खाय के साथ प्रारंभ हुआ छठ महापर्व

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा शुक्रवार से नहाय खाय के साथ प्रारंभ हुआ।अगाध श्रद्धा,आस्था और भक्ति के साथ चार दिवसीय सुर्योपासना के महापर्व छठ की शुरुआत होते ही पूरा कोयलांचल क्षेत्र भक्तिमय हो गया है।महापर्व के पहले दिन आज व्रतियों द्वारा घर की पुरी सफाई करते हुए स्नान कर लौकी और चना की दाल की सब्जी के साथ अरवा चावल की भात,दाल का भोजन किया,दुसरे दिन शाम को खरना का महाप्रसाद बनता है,जिसमें व्रतियों द्वारा विधि विधान से पुजा करने के बाद प्रसाद ग्रहण कर छतीस घंटे का





कठिन उपवास की शुरुआत हो जाती है।खरना के महाप्रसाद का बड़ा महत्व माना जाता है।इस दिन श्रद्धालुओं द्वारा घुम घुमकर छठ व्रतियों के घर जाकर महाप्रसाद ग्रहण किया जाता है।तीसरे दिन शाम को व्रतियों द्वारा नदी घाटों पर जाकर पानी में खड़े होकर डुबते हुये भगवान भास्कर हो अर्ध्य दिया जाता है।चौथे दिन पुनः सुबह ही घाट पर व्रतियों द्वारा उगते हुए सुर्य को अर्ध्य देकर पुरे परिवार की सुख शांति, समृद्धि,स्वास्थ्य के लिए सर्वमनोकामना की जाती है। इधर दूसरी ओर बचरा सपही नदी स्थित छठ घाट की साफ सफाई कराई गई।स्थानीय सीसीएल प्रबंधन के अलावे कई पंचायत प्रतिनिधि और समाजसेवी के द्वारा छठ घाट की साफ सफाई की गई।छठ पूजा करने वाले श्रद्धालु भक्त पुरी आस्था के साथ इसकी तैयारी मे लगे हुए है।पिपरवार क्षेत्र के स्टॉफ ऑफिसर सिविल सुमन कुमार ने बचरा छठ घाट का निरीक्षण कर साफ सफाई की जानकारी ली।इस दौरान पूजा समिति के सदस्यो से कई बातो की जानकारी ली।बचरा छठ घाट मे साफ सफाई के अलावे लाईटिंग सहित अन्य बातो पर चर्चा की।इस मौके पर छ्ठ पूजा समिति के सभी लोग मौजुद थे।

## पिपरवार के बेती में सोहराय जतरा पर नागपुरी आर्केस्ट्रा का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती गांव मे आयोजित सोहराय जतरा मेला के मौके पर गुरुवार की रात रंगारंग नागपुरी आर्केस्ट्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित टंडवा दक्षिणी जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव और विशिष्ट अतिथि मे बेंती पंचायत की मुखिया सरिता देवी,पसंस कुमारी अनुप्रिया, समाजसेवी रोहन गंझू ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।जिसके बाद बाहर से आए हुए कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक कई प्रकार के कार्यक्रम पेश किया किया,जिसे लोगों ने खूब पसंद किया।कलाकारो के द्वारा हिन्दी,नागपूरी, खोरठा सहित अन्य भाषाओ के गीतो पर नृत्य,गीत और संगीत प्रस्तुत किया गया, जिस पर उपस्थित लोग रात भर झुमते रहे।इस कार्यक्रम को सफल बनाने



मे समिति के शंकर उर्फ कल्लू गंझू, सेवक गंझू,संतोष केसरी, रचित गंझू,रामबालक गंझू, अरुण पासवान,गणेश भुईयां,प्रेम ठाकुर,महेश गंझू, दिलीप गंझू,गणेश गंझू, मुकेश गंझू,भूनेशर गंझू,कृष्ण गंझू,जयराम भुईयां,खजांची प्रजापति,तूफान भुईयां,हरीश गंझु,बासुदेव गंझु,रोहन गंझू, सुखी गंझू,जगदीश गंझु,शिबू गंझु,सिकेन्दर प्रजापति,बंधन गंझू,हरिनारायण गंझू, जगदीश गंझू,परमेश्वर गंझू, अमीरवा गंझू,मनु केसरी, बैजनाथ प्रजापति,हेमराज प्रजापति,राजेश प्रजापति सहित आयोजन समिति के सभी सदस्यो की सराहनीय भुमिका रही।


## समाहरणालय कोडरमा
(विशेष भू-अर्जन शाखा)

प्रपत्र –VI 'क'

झारखंड सरकार

समहार्ता या समुचित सरकार

### प्रारंभिक अधिसूचना

( अधिनियम–30 / 2013 धारा–11 (1) के अधीन)

अधिसूचना संख्या 276 / भू–अर्जन    दिनांक :– 12 / 11 / 2023

चूंकि झारखण्ड सरकार / समाहर्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम– मरकच्चो II, थाना मरकच्चो, थाना नं०– 141, अंचल मरकच्चो, जिला कोडरमा में सार्वजनिक परियोजनार्थ यथा पंचखेरो जलाशय योजना अन्तर्गत, दाँया मुख्य नहर का लघु नहर के लिए भूमि ली जानी अपेक्षित है। राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड रांची के पत्रांक 376 / नि० / दिनांक 06.07.2018 में संलग्न विधि (विधान) विभाग के गजट संख्या– 628 दिनांक 26.06.2018 में प्रकाशित अधिसूचना के द्वारा भू–अर्जन पुनर्वासन और पूर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार (झारखण्ड संशोधन) अधिनियम–2015 के अनुसार सिंचाई परियोजना अन्तर्गत सामाजिक समाघात मूल्यांकन अध्ययन S. I. A. की कार्यवाई से छूट प्रदान की गयी है। फलस्वरूप वर्तमान अर्जन S. I. A. से प्रभावित नहीं होगा। प्रभावित परिवारों पूनर्वासन एवं पूर्नव्यवस्थापन के परियोजनार्थ अपर समाहर्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किये गये हैं। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम– मरकच्चो II, थाना मरकच्चो, थाना नं०– 141, अंचल मरकच्चो, जिला कोड़रमा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 4.87 एकड़ मानक माप का भूखण्ड जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है अर्जनाधीन है।

| क्रमांक | खाता सं0 | खेसरा सं0 | भूमि का प्रकार | अर्जनाधिन रकवा एकड़ | रैयत का नाम | सीमा भूखण्ड उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 354 | 5108 | धान दो | 0.015 | चुड़कु सिंह पिता धानु सिंह | पूर्व अर्जित | 5108 अंश | 5107 | 5001 |
| 2 | 354 | 5107 | धान तीन | 0.03 | बनवारी सिंह पिता तालो सिंह | पूर्व अर्जित | 5107 अंश | 5106 | 5108 |
| 3 | 354 | 5106 | धान तीन | 0.02 | वासुदेव सिंह पिता छोटू सिंह | पूर्व अर्जित | 5106 अंश | 5105 | 5107 |
| 4 | 354 | 5105 | धान तीन | 0.03 | चुडकु सिंह पिता धानु सिंह | पूर्व अर्जित | 5105 अंश | 5104 | 5100 |
| 5 | 1684 | 5031 | धान तीन | 0.12 | महेश सिंह पति स्व0 राम सहाय सिंह | 5106 एवं 5105 | 5031 का अंश | 5031 का अंश | 5030 |
| 6 | 369 | 5030 | धान तीन | 0.30 | मुरारी पोददार पिता लाटो सोनार | 5108 एवं 5107 | 5030 | 5031 | 5030 का अंश |
| 7 | 354 | 5028 | धान तीन | 0.01 | बनवारी सिंह पिता तालो सिंह | 5030 | 5028 का अंश | 5028 का अंश एवं 5024 | 5029 एवं 5002 |
| 8 | 354 | 5029 | धान तीन | 0.055 | वासुदेव सिंह पिता छोटू सिंह | 5030 | 5002 | 5028 | 5001 एवं 5029 का अंश |
| 9 | 124 | 5002 | धान तीन | 0.09 | संजय अग्रवाल पिता स्व0 जगदीश अग्रवाल | 5029 | 5002 का अंश | 5028 | 5001 |
| 10 | 1445 | 5000 | धान तीन | 0.04 | श्री सुभाष राम पिता स्व0 बैजनाथ राम। | 5001 | 5000 का अंश | 4999 | 5001 एवं 2209 |
| 11 | 754 | 2195 | धान दो | 0.01 | नागेश्वर तमोली, महादेव तमोली पिता बाला तमोली | 2195 | 2209 | 5000 | 2195 का अंश |
| 12 | 1445 | 2209 | धान तीन | 0.18 | श्री सुभाष राम पिता स्व0 बैजनाथ राम। | 2209 अंश | 2209 अंश | 5000 | 2208 |
| 13 | 1451 | 2210 | धान तीन | 0.02 | राम सहाय सिंह पिता अमृत सिंह। | 2209 | 2212 | 2210 अंश | 1100 |
| 14 | 1100 | 2211 | धान दो | 0.04 | मंगल राम पिता गोपाल राम | 2209 | 2212 | 2210 एवं 2211 अंश | 2211 अंश एवं 2206 |
| 15 | 270 | 2212 | धान तीन | 0.25 | नवल किशोर सिंह, तपेश्वर सिंह शशि भुषन सिंह उदय सिंह पिता स्व0 अर्जून सिंह वो श्री रामदेव सिंह श्री बिरेन्द्र सिंह पिता स्व0 गाजी सिंह। | 2211 | 2214 | 2212 अंश | 2212 अंश |
| 16 | 306 | 2214 | धान दो | 0.08 | गोपी कृष्ण वृज प्रसाद गौरी शंकर प्रसाद पिता लक्ष्मण प्रसाद। | 2212 | 2220 | 2214 अंश | 2215 |
| 17 | 415 | 2215 | धान तीन | 0.08 | श्री उमेश सिंह पिता स्व0 जगदीश सिंह। | 2215 | 2218 | 2214 | 2217 |
| 18 | 1436 | 2218 | धान तीन | 0.06 | सुरेन्द्र सिह शिव कुमार सिंह मनोज सिंह पिता स्व0 रामेश्वर सिंह वो रण्जीत सिंह सूजित सिंह अमित सिंह पिता स्व0 बिरेन्द्र सिंह वो मो0 संगिता पति स्व0 संजय सिंह वो जय कुमार सिंह बिनोद सिंह अजय सिंह नवल किशोर सिंह पिता स्व0 गणेश सिंह। | 2215 | 2220 | 2214 | 2218 अंश एवं 2219 |
| 19 | 1436 | 2219 | धान तीन | 0.005 | मीना देवी पति स्व0 प्रेम सिंह वो कपिल सिंह पिता स्व0 मूखलाल सिंह। | 2219 अंश | 2220 | 2218 | 2219 अंश |
| 20 | 1565 | 2220 | धान तीन | 0.22 | विनय सिंह अरविन्द सिंह संजय सिंह सुधीर सिंह पिता स्व0 बालेश्वर सिंह वो गंगाधर सिंह पिता स्व0 विशेष्वर सिंह वो शम्भू कुमार सिंह संतोष सिंह पवन सिंह पिता स्व0 राजेन्द्र सिंह। | 2218 एवं 2219 | 2917 | 2222 अंश | 2222 अंश एवं 2221 |
| 21 | 1074 | 2221 | धान तीन | 0.01 | वैजनाथ राम पिता शिव प्रसाद राम जाति लोहार। | 2222 | 2917 | 2220 | 2221 अंश |
| 22 | 1565 | 2917 | धान तीन | 0.22 | विनय सिंह अरविन्द सिंह संजय सिंह सुधीर सिंह पिता स्व0 बालेश्वर सिंह वो गंगाधर सिंह पिता स्व0 विशेष्वर सिंह वो शम्भू कुमार सिंह संतोष सिंह पवन सिंह पिता स्व0 राजेन्द्र सिंह। | 2220 | 2944 | 2917 अंश | 2917 अंश |
| 23 | 226 | 2913 | धान तीन | 0.03 | बैजनाथ सिंह पिता लाखपत सिंह | 2917 एवं 2914 | 2944 | 2917 | 2913 अंश |
| 24 | 880 | 2944 | धान एक | 0.07 | बद्रीनाथ सहाय पिता रघुनाथ सहाय। | 2913 | 2943 | 2922 | 2944 |
| 25 | 661 | 2922 | धान एक | 0.03 | दामोदर नायक पिता भीखी नायक। | 2917 | 2243 | 2922 अंश | 2944 |
| 26 | 759 | 2943 | धान एक | 0.21 | सुरेन्द्र प्रताप सिंह यमूना प्रसाद सिंह रवि सिंह महेन्द्र सिंह पिता स्व0 नाथो सिंह | 2944 एवं 2922 | 2945 | 2943 अंश | 2943 अंश 2945 |
| 27 | 661 | 15153 | धान दो | 0.02 | दामोदर नायक पिता भीखी नायक | 2943 | 2946 | 15153 अंश | 2945 |
| 28 | 306 | 2945 | धान एक | 0.15 | गोपी कृष्ण प्रसाद गौरी शंकर प्रसाद पिता लक्ष्मण सहाय। | 2943 | 2904 एवं 2946 | 15153 | 2945 अंश |
| 29 | 759 | 2947 | धान एक | 0.02 | सुरेन्द्र प्रताप सिंह यमूना प्रसाद सिंह रवि सिंह महेन्द्र सिंह पिता स्व0 नाथो सिंह | 2945 | 2904 | 2947 अंश | 2904 |
| 30 | 494 | 2904 | धान दो | 0.12 | युगल किशोर प्रसाद पिता ....... ........ जाति कायस्थ। | 2945 एवं 2946 | 2958 एवं 2950 | 2904 अंश | 2904 अंश |
| 31 | 1325 | 2950 | धान एक | 0.05 | श्री गोविन्द राम पिता स्व0 मून्शी राम। | 2904 | 2958 | 2950 अंश | 2958 |
| 32 | 640 | 2958 | धान एक | 0.42 | अशोक दुसाध रंजीत दूसाध पिता स्व0 सरजू पासवान। | 2904 | 2959 एवं 2960 | 2950 एवं 2951 | 2958 अंश |
| 33 | 496 | 2959 | धान एक | 0.01 | युगल किशोर प्रसाद पिता ....... .... जाति कायस्थ | 2958 | 2960 | 2959 अंश | 2958 |
| 34 | 640 | 2960 | अहरा | 0.05 | अशोक दुसाध रंजीत दूसाध पिता स्व0 सरजू पासवान। | 2958 | 2860 अंश | 2960 अंश | 2860 अंश |
| 35 | 640 | 2961 | मोटीआर | 0.02 | अशोक दुसाध रंजीत दूसाध पिता स्व0 सरजू पासवान। | 2960 | 3027 | 2961 अंश | 2860 |
| 36 | 640 | 3027 | धान दो | 0.04 | अशोक दुसाध रंजीत दूसाध पिता स्व0 सरजू पासवान। | 2961 | 2859 | 3027 अंश | 2860 |
| 37 | 640 | 2860 | धान एक | 0.10 | अशोक दुसाध रंजीत दूसाध पिता स्व0 सरजू पासवान। | 2958 | 2859 | 3027 | 2860 अंश |
| 38 | 640 | 2859 | धान एक | 0.18 | अशोक दुसाध रंजीत दूसाध पिता स्व0 सरजू पासवान। | 2860 | 2858 | 2859 अंश एवं 3027 | 2859 अंश |
| 39 | 640 | 2858 | धान एक | 0.16 | अशोक दुसाध रंजीत दूसाध पिता स्व0 सरजू पासवान। | 2859 | 2851 | 2858 अंश | 2858 अंश |
| 40 | 640 | 2851 | धान दो | 0.08 | अशोक दुसाध रंजीत दूसाध पिता स्व0 सरजू पासवान। | 2858 | 2850 | 2858 | 2852 एवं 2851 अंश |
| 41 | 159 | 2849 | धान दो | 0.04 | अनिल सिह सूनिल सिह कृष्ण कुमार सिह पिता स्व0 काशी सिंह। | 2851 एवं 2850 | 2848 | 2849 अंश | 2850 एवं 2817 |
| 42 | 159 | 2850 | धान दो | 0.09 | अनिल सिह सूनिल सिह कृष्ण कुमार सिह पिता स्व0 काशी सिंह। | 2851 | 2847 | 2849 | 2846 |
| 43 | 640 | 2852 | धान दो | 0.01 | अशोक दुसाध रंजीत दूसाध पिता स्व0 सरजू पासवान। | 2858 एवं 2851 | 2846 एवं 2850 | 2851 | 2852 अंश |
| 44 | 159 | 2846 | धान तीन | 0.05 | कृष्ण कुमार सिंह पिता स्व0 काशी सिंह | 2852 | 2847 | 2850 | 2846 अंश |
| 45 | 159 | 2849 | धान दो | 0.05 | कृष्ण कुमार सिंह पिता स्व0 काशी सिंह | 2850 | 2848 | 2849 अंश | 2847 |
| 46 | 159 | 2847 | धान दो | 0.055 | कृष्ण कुमार सिंह पिता स्व0 काशी सिंह | 2846 | 2848 | 2849 | 2847 अंश |
| 47 | 159 | 2848 | धान दो | 0.12 | अनिल सिह सूनिल सिह कृष्ण कुमार सिह पिता स्व0 काशी सिंह। | 2847 | 2833 | 2848 अंश | 2848 अंश |
| 48 | 1154 | 2833 | धान दो | 0.17 | सकलदेव सिह चन्द्रदेव सिंह उमेश प्रसाद अरूण कुमार सिंह अशोक प्रसाद सिंह पिता स्व0 भीखा सिंह। | 2848 | 2838 | 2833 अंश | 2833 अंश एवं 2839 |
| 49 | 1390 | 2838 | धान दो | 0.11 | रंजन चुडीहार पिता खेदन चुडीहार। | 2848 एवं 2839 | 2834 | 2833 | 2838 अंश |
| 50 | 1562 | 2834 | टांड तीन | 0.07 | विनय सिंह अरविन्द सिंह संजय सिंह सुधीर सिंह पिता स्व0 बालेश्वर सिंह वो गंगाधर सिंह पिता स्व0 विशेष्वर सिंह वो शम्भू कुमार सिंह संतोष सिंह पवन सिंह पिता स्व0 राजेन्द्र सिंह। | 2838 | 2832 | 2834 अंश | 2834 अंश |
| 51 | 1154 | 2832 | टाँड तीन | 0.05 | सकलदेव सिह चन्द्रदेव सिंह उमेश प्रसाद अरूण कुमार सिंह अशोक प्रसाद सिंह पिता स्व0 भीखा सिंह। | 2834 | 2831 | 2832 अंश | 2832 अंश |
| 52 | 1154 | 2831 | टाँड दो | 0.07 | सकलदेव सिह चन्द्रदेव सिंह उमेश प्रसाद अरूण कुमार सिंह अशोक प्रसाद सिंह पिता स्व0 भीखा सिंह। | 2832 | 2800 एवं 2829 | 2831 अंश | 2831 अंश |
| 53 | 1562 | 2828 | टाँड तीन | 0.03 | विनय सिंह अरविन्द सिंह संजय सिंह सुधीर सिंह पिता स्व0 बालेश्वर सिंह वो गंगाधर सिंह पिता स्व0 विशेष्वर सिंह वो शम्भू कुमार सिंह संतोष सिंह पवन सिंह पिता स्व0 राजेन्द्र सिंह। | 2831 | 2829 | 2828 अंश | 2829 |
| 54 | 1562 | 2827 | टाँड तीन | 0.005 | जितेन्द्र सिंह विजय सिंह पिता स्व0 खुसरू सिंह। | 2828 | 2829 | 2827 अंश | 2829 |
| 55 | 1562 | 2829 | टाँड तीन | 0.10 | नवल किशोर सिंह, तपेश्वर सिंह शशि भुषन सिंह उदय सिंह पिता स्व0 अर्जून सिंह वो श्री रामदेव सिंह श्री बिरेन्द्र सिंह पिता स्व0 गाजी सिंह। | 2831 | 2829 अंश | 2828 | 2829 अंश एवं 2830 |
| 56 | 738 | 2830 | टाँड दो | 0.005 | बसूदेव सिंह पिता स्व0 नन्हकू सिंह वो नरसिंह सिंह सरदार सिंह चन्द्रदेव सिंह देवनारायण सिंह पिता केदार सिंह। | 2831 | 2817 | 2829 | 2830 अंश |
| 57 | 1445 | 11 / 5001 | धान तीन | 0.20 | सुरेन्द्र प्रताप सिह पिता स्व0 नाथो सिंह। | 5030 एवं 5029 | 5002 एंव 5001 | 5029 एवं 5002 | 5001 अंश |
| | | | TOTAL | 4.87 | | | | | |

यह अधिसूचना भू– अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 ( अधिनियम सं० 30 / 2013) की धारा 11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी सम्बंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

योजना से सम्बंधित अर्जनाधीन भूमि का निरीक्षण विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी हजारीबाग के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार / समाहर्ता सह समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथाविनिदिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु उपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उनकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मपने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतू विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला– समाहर्ता के प्रविंक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्टि भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवायेगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 (साठ) दिनों के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के समक्ष दर्ज की जा सकती है।

ह0 / –
विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी
तेनुघाट परियोजना, हजारीबाग

ह0 / –
अपर समाहर्ता
कोड़रमा

ह0 / –
उपायुक्त, कोड़रमा सह
समुचित सरकार, झारखण्ड

PR 311588 Water Resource (23-24)_D


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## सांसद गीता कोड़ा ने राजनगर निवासी का टाटा मुख्य अस्पताल का बिल कराया माफ



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिंहभूम की कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा ने राजनगर निवासी बाबू सिंह कालुंडिया के टीएमएच का बिल माफ कराया। जानकारी के अनुसार बाबू सिंह का इलाज टीएमएच में चल रहा था। इसी बीच इलाज का बिल एक लाख 40 हजार रूपये हो गया था। इतना बिल चुकाने में परिवार के लोग घबरा गए। इसकी जानकारी कांग्रेस प्रदेश सचिव सामंता कुमार को मिली, जिसपर सामंता कुमार ने सांसद गीता कोड़ा से सम्पर्क कर गरीब परिवार के मरीज का सहायता करने के अनुरोध किया। जिस पर सांसद श्रीमती कोड़ा ने संज्ञान लेकर एक लाख रुपए टीएमएच प्रबंधन से वार्ता कर बिल माफ कराया। वहीं सांसद प्रतिनिधि चरणपाल सिंह के प्रयास सराहनीय रहा और सांसद द्वारा सामाजिक दायित्व का निर्वहन किये जाने पर प्रदेश सचिव सामंता कुमार ने आभार व्यक्त किया है।

## राजनगर राजा तालाब पहुंचने वाली जर्जर मार्ग स्थानीय लोगों ने की दुरुस्त



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आस्था का महापर्व छठ की शुरुआत हो चुकी है और इन दिनों राजनगर प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में भी छठ व्रतियों और छठ पूजा करने की तादात बढ़ रही है। परंतु राजनगर प्रखंड क्षेत्र में छठ घाट पर गंदगियों का अंबार है। छठ घाट की साफ सफाई को लेकर प्रशासन भी गंभीर नजर नही आ रही है। वहीं नहाय खाय के दिन राजनगर के राजा तालाब जाने वाली मार्ग को दुरुस्त करने और छठ घाट की साफ सफाई करने का कार्य स्थानीय लोगों ने श्रमदान कर किया। बता दें कि राजनगर प्रखंड क्षेत्र के कुजू नदी घाट ,छोटा सीजूलता नदी घाट, राजनगर के राजा तालाब तथा राजनगर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न तालाबों में छठवर्ती भगवान सूर्य को अर्ध देते हैं।

## टेल्को थाना प्रभारी व सब इंस्पेक्टर के विरुद्ध राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकार ने एसएसपी को दिया जांच का आदेश

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा नेता अंकित आनंद को धार्मिक उन्मादी बताकर धारा 107 के तहत कार्रवाई की अनुशंसा करने के मामले में टेल्को थाना प्रभारी नरेश प्रसाद सिन्हा और सब इंस्पेक्टर रंजन कुमार पासवान सहित अन्य की कार्यसंस्कृति और भूमिका की जाँच होगी. झारखंड राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकार के अवर सचिव ने इस आशय में जमशेदपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर को निदेश जारी करते हुए अविलंब मामले की जाँच करने और जाँच प्रतिवेदन प्राधिकार को भेजने को कहा है. मालूम हो कि एक माह पूर्व टेल्को थाना कि एक रिपोर्ट के आधार पर बीजेपी महानगर के पूर्व प्रवक्ता अंकित आनंद को एसडीएम कोर्ट ने धारा 107 के तहत नोटिस जारी किया था. राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकार ने इस आशय का आदेश 27 अक्टूबर को ही जारी कर दिया है. आदेश की एक प्रतिलिपि बीजेपी नेता को रजिस्टर्ड डाक द्वारा आज प्राप्त हुई है. पूर्व भाजपा जिला प्रवक्ता अंकित आनंद ने कहा कि उम्मीद जताया कि राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकार के आदेश के बाद टेल्को थाना प्रभारी और एसआई के विरुद्ध निष्पक्ष और दबाव रहित अनुसंधान पूर्ण होगी.

## मानगो में 23-24 नवम्बर को सजेगा बाबा श्याम का भव्य दरबार



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्याम मित्र मंडल मानगो द्वारा दो दिवसीय 24वां श्री श्री श्याम जन्मोत्सव 2023 का आयोजन 23-24 नवम्बर (गुरूवार एवं शुक्रवार) को धुमधाम से मनाया जायेगा। कार्यक्रम मानगो न्यू पुरूलिया रोड़ स्थित श्याम भवन में होगा। इस संबंध में संस्था के अध्यक्ष महावीर प्रसाद अग्रवाल ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर बताया कि प्रथम दिन गुरूवार को देवउठनी ग्यारस के शुभ अवसर पर सुबह 09.15 बजे से श्री श्याम अखंड ज्योत पाठ और शाम को 04.15 बजे से श्री श्याम पाठ का सागार होगा। ज्योत प्रज्जवलन शाम को 08.15 बजे होने के बाद कोलकाता की ममता बिहानी, प्रिया पोद्दार, दिनेश अग्रवाल एवं कृष्णमूर्ति एण्ड टीम द्वारा रात्रि 09.15 बजे से भजनों की अमृत वर्षा की जायेगी।

## जुगसलाई में दो दिवसीय गोपाष्टमी समारोह 20-21 नवम्बर को, बिष्टुपुर में लगेगा मेला

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जुगसलाई स्थित श्री टाटानगर गौशाला कमिटी द्वारा इस वर्ष दो दिवसीय गोपाष्टमी समारोह एवं तीन दिवसीय गौशाला मेला एवं चोखी ढानी कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जायेगा। जिसकी सभी तैयारियां अंतिम चरण पर हैं। 104 वां दो दिवसीय गोपाष्टमी समारोह 20 और 21 नवम्बर (सोमवार और मंगलवार) को जुगसलाई टाटानगर गौशाला और घाघीडीह जेल के पीछे कलियाडीह स्थित गौसदन में होगा, जहां सामुहिक गोपूजन एवं आरती का आयोजन होगा। वही तीन दिवसीय गौशाला मेला एवं चोखी ढानी का कार्यक्रम 20, 21 और 22 नवम्बर को बिष्टुपुर श्री राम मंदिर परिसर में रोजाना संध्या 06 बजे से शुभारंभ होगा। इस संबंध में श्री टाटानगर गौशाला कमिटी के अध्यक्ष कैलाश सरायवाला, महासचिव महेश गोयल, एवं कार्यक्रम संयोजक दीनदयाल कांवटिया ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर दी।

## बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी में 6 पर मामला दर्ज

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के जिलिंग आदार, धुंधाडीह, चीमटीया, पुरानडीह एवं धादकीडीह गांव के 6 अवैध बिजली उपभोक्ताओं पर शुक्रवार को ईचागढ़ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया गया। बिजली विभाग द्वारा अवैध रूप से बिजली चोरी कर बिजली उपयोग करने के खिलाफ छापेमारी किया गया। थाना प्रभारी गौरव मिश्रा ने बताया कि बिजली विभाग द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई किया जा रहा है।

## बेलटांड़ व बांगुड़दा छठ घाट की हुई साफ सफाई

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा प्रखंड के कमलपुर थाना क्षेत्र के बांगुड़दा स्थित साहेब बांध तालाब में छठ घाट की साफ सफाई स्थानीय लोगों द्वारा शुक्रवार को किया। सुबह से ही लोगों ने गैंता कुदाल लेकर छठ घाट के आसपास में फैले झोप झाड़ी व गंदगियों को साफ सफाई किया। इस संबंध में थाना प्रभारी धीरंजन कुमार ने बताया कि बांगुड़दा तालाब छठ घाट में काटिन बाजार व बांगुड़दा गांव के 12 से 15 परिवार के लोग हर साल अस्ताचलगामी व उदीयमान सूर्य को अर्घ्य प्रदान करते हैं। इधर बेलटांड़ बाजार के समीप स्थित रहरगाड़िया तालाब की बेहतर साफ-सफाई छठ पूजा समिति के सदस्यों विजय कुमार पंडित एवं गोपाल कुमार की देखरेख में स्थानीय मजदूरों ने किया।

## शिविर लगाकर छठव्रतियों के बीच गेहूं वितरण

**गम्हरिया :** जनकल्याण दुर्गापूजा समिति की ओर से छठ महापर्व के अवसर पर गम्हरिया स्थित टीचर्स ट्रेनिंग मोड़ पर शिविर लगाकर छठव्रतियों के बीच गेहूं वितरण किया गया। इस दौरान पूर्व पार्षद सोनू सिंह के नेतृत्व में एक सौ से अधिक छठव्रतियों के बीच करीब दो क्विंटल गेहूं वितरित किया गया। इस मौके पर विनोद सिंह, आज़ाद कुमार, जितेंद्र कुमार, अविराज सिंह, निशांत कुमार, विराट कुमार, अनुराग कुमार समेत समिति के कई सदस्य मौजूद थे।

### बन्ना गुप्ता अधिकारीयों संग विभिन्न छठ घाटों का किया निरीक्षण, बोले

# श्रद्धालुओं को हर सुविधा रहेगी बहाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** छठ पूजा को लेकर तैयारियों का जायजा लेने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने स्वर्णरेखा घाट, मानगो पुल, दोमुहानी घाट में घाटों की साफ-सफाई और व्रतियों की सुविधा के लिए घाटों पर किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली. साथ ही छठ घाटों को सुरक्षित करने और हर तरह की सुविधा बहाल कराने ,छठ घाटों पर श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके मद्देनजर मौके पर मौजूद पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया. छठ घाटों की ससमय साफ-सफाई, महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम की व्यवस्था, सभी छठ घाट में डेंजर जोन चिन्हित करने एवं बेरिकेडिंग किए जाने, छठ घाटों से नाविक और गोताखोर को टैग करने,



भीड़भाड़ वाले स्थानों पर ड्रॉप गेट लगाने, छठ घाट की ओर जाने वाले सभी पहुंच पथ की आवश्यक मरम्मतीकरण कार्य ससमय सुनिश्चित किए जाने, नगर निकाय, पुलिस, यातायात, विद्युत, आपदा प्रबंधन सहित सभी संबद्ध पदाधिकारियों को आपस में समन्वय सुनिश्चित करते हुए सभी कार्य ससमय संपन्न का निर्देश दिया. मौके पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा,उप नगर आयुक्त जेएनएसी, टाटा स्टील के पदाधिकारी अमित सिंह, कैप्टन धनंजय मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे.

### छठ व्रतियों के बीच 2100 सूप वितरित

**जमशेदपुरः** लोक आस्था का महापर्व छठ पर मंत्री बन्ना गुप्ता ने छठ व्रतियों के बीच निःशुल्क 2100 सूप (पूजन सामग्री) का वितरण किया. इसके लिए मानगो खुदीराम बोस चौक के समीप शिविर लगाया गया था. इस दौरान बन्ना गुप्ता ने कहा है कि किस्मत वालों को यह सौभाग्य मिलता हैं कि छठवर्तियों की सेवा कर सकें, मैं शुक्रगुजार हूँ ईश्वर का जो ये मौका मुझे मेरे जीवन काल में मिला हैं। मौके पर ईश्वर सिंह,अजय मिश्रा ,अखिलेश सिंह, मोहम्मद अख्तर, संजय शर्मा, पप्पू सिंह उज्जैन, अनूप मिश्रा ,प्रभाकर साहू, बलजीत सिंह, नीतीश पोद्दार, राकेश दाओ,निधि मिश्रा, शिशुपाल, आदि मौजूद थे.



## बर्मामाइंस में आपसी विवाद में चली गोली, एक घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शहर के बर्मामाइंस थाना क्षेत्र ईस्ट प्लांट बस्ती में अपराधियों ने युवक पर फायरिंग कर दी। इस घटना में प्रवेश कुमार नामक युवक घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने हमलावर को पकड़ लिया और घायल को इलाज के लिए टीएमएच लेकर पहुंचे जहां प्रवेश कुमार की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार गोली सत्तू गौड़ ने चलाई है। पुलिस ने सत्तू गौड़ को हिरासत में भी लिया है। लोगों ने बताया कि बाइक चलाने को लेकर बस्ती में विवाद हुआ, जिसके बाद सत्तू गौड़ ने ताबड़तोड़ गोलियां चला दी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अबुआ आवास योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर डीडीसी ने की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** अबुआ आवास योजना के लिए आगामी 24 नवम्बर से 26 दिसंबर तक आयोजित पंचायत स्तरीय शिविर में ज्यादा से ज्यादा आवेदन आये इसे लेकर जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में जिले के सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के साथ ऑनलाइन बैठक की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त ने लाभुक का चयन/पीडब्ल्यूएल सूची/योजना अंतर्गत किस्त भुगतान/आवास



निर्माण इत्यादि की जानकारी दी। उन्होंने निर्देश दिया कि आगामी 24 नवंबर से 26 दिसंबर तक आयोजित होने वाले आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में अबुआ आवास योजना का लाभ लेने वाले लाभुकों का आवेदन शत प्रतिशत प्राप्त किया जाए।

## धर्मेंद्र सोनकर ने सैकड़ो श्रद्धालुओं के बीच किया लौकी व मिट्टी का चूल्हा वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** लोक आस्था का महापर्व छठ पर्व के प्रथम अनुष्ठान नहाय खाय के अवसर पर शुक्रवार को पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर की देखरेख में अपने आवासीय कार्यालय शास्त्रीनगर से सैकड़ो श्रद्धालुओं के बीच लौकी एवं मिट्टी का चूल्हा का वितरण किया गया। धर्मेंद्र सोनकर ने कहा की हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी अपने साथियो के साथ घाटों के साफ सफाई की गयी है। श्रद्धालुओं के बीच प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सुबह का अर्ध हजारों



श्रद्धालुओं के लिए सेवा शिविर, सड़को पर रौशनी, साजो सज्जा, आपातकालीन वाहन, कच्चा दूध, दातून, सैकड़ो सेवा भक्त के साथ शुद्ध प्रसाद की व्यवस्था की गयी है। मौके पर विमल चंद्रा, अमित दुबे, शेखर बिरूवा, मनीष सिंह, मंगलेश सिंह, मुकेश प्रसाद, बसन्त बिट्टू, प्रसाद दिनेश, मनोज सोनकर, विनोद कुमार, रवींद्र दास, करन सोनकर एवं अन्य उपस्थित थे।

## महाबीर मुर्मू ने चाकुलिया में खिलाड़ियों को बांटे जर्सी सेट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** चाकुलिया प्रखंड के लोधाशोली पंचायत अन्तर्गत आमलागोड़ा गांव के जुमिद गांवता फुटबॉल टीम के खिलाड़ियों को झामुमो नेता महाबीर मुर्मू ने शुक्रवार को जर्सी सेट प्रदान की। इस संबंध में महाबीर मुर्मू ने बताया कि खिलाड़ियों की मांग थी कि उन्हें जर्सी सेट उपलब्ध कराया जाए इसलिए आज गांव पहुंचकर खिलाड़ियों के बीच जर्सी सेट वितरण किया गया। मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य ललित माण्डी, रामचंद्र हांसदा, मिहिराम सोरेन, युवा नेता सुरज गौड़, मनोज तांती, रॉकी सिंह राठौर, कमल लोचन बेरा, फुटबॉल टीम के राजन मुर्मू, दुखु हेम्ब्रम, कृष्णा मुर्मू, विशु हांसदा, सुराई हेम्ब्रम, उत्पल टुडू, लाल मुर्मू, पूर्ण चंद्र हांसदा एवं चम्पाई हांसदा समेत सभी खिलाड़ी उपस्थित थे।

## नहाय खाय के साथ शुरू हुआ लोक आस्था का महापर्व छठ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** लोक आस्था और सूर्योपासना का प्रमुख महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान शुक्रवार को नहाय खाय के साथ शुरू हो गया। अनुष्ठान के प्रथम दिन छठव्रतियों ने पवित्र स्नान कर प्रसाद के रूप में भात व कद्दू की सब्जी ग्रहण किया। दूसरे दिन शनिवार की शाम को लोहंडा है जिसमें छठव्रती सन्ध्या काल मे खरना पूजा कर प्रसाद के रूप में खीर ग्रहण करेगी। उसके बाद छठव्रती 36 घन्टे के निर्जला उपवास पर रहेंगे। तत्पश्चात रविवार की शाम



अस्ताचलगामी और तथा सोमवार को प्रातःकाल में उर्ध्वगामी सूर्य को अर्घ्य देने के बाद भगवान भास्कर का कथा श्रवण कर प्रसाद ग्रहण कर व्रत का पारन करेगी। महापर्व के प्रथम दिन छठव्रतियों द्वारा प्रसाद बनाने के लिए गेहूं धोकर उसे सुखाया गया जिसे शनिवार को पिसा जाएगा। इधर, इस महापर्व को लेकर बाजार में पूजन सामग्री, सूप समेत फल व सब्जियों की दुकानें भी सजने लगी है। कई सामाजिक संस्थाओं द्वारा और निजी स्तर पर भी छठ घाटों को दुरुस्त कर उसे अंतिम रूप देने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। इस महापर्व को लेकर चारों दिशाएं छठ गीतों से गुंजायमान हो उठी है और लोग इसे पारंपरिक रीति रिवाज के साथ धूमधाम से मनाने की तैयारी में जुटे हैं।

## रेल से कटकर महिला की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** गुरुवार देर रात एक महिला की रेल से कटकर मौत हो गई है। दुर्घटना मनोहरपुर रेलवे प्लेटफार्म संख्या 2 और पोल संख्या 372/35 के समीप हुई है। महिला की पहचान नहीं हो पाई है। जीआरपी पुलिस अग्रेतर कार्रवाई करते हुए मृतक महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल चक्रधरपुर भेज दी है। जीआरपी ने इस घटना को लेकर यूडी केस दर्ज किया है। साथ ही मृतक के परिजनों का पता लगा रही है। खबर लिखे जाने तक मृतक महिला के परिवार का पता नहीं चला है।

## वनाधिकार पत्थलगढ़ी स्थापना दिवस पर जंगल को हरा भरा रखने का लिया संकल्प



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई प्रखण्ड क्षेत्र अन्तर्गत तिलोपदा पंचायत के जुगीडी में शुक्रवार को तृतीय वनाधिकार पत्थलगढ़ी स्थापना दिवस मनाया गया। केंद्रीय सदस्य सोहन लाल ने कहा कि वन विभाग को ग्राम सभा से मिलकर वनों के विकास के लिए गति विधि करना चाहिए न कि जाल सही के रूप में। बिना ग्राम सभा के सहयोग से जंगल का विकास करना संभव नहीं है। वन विभाग के गलत कार्ययोजना के? कारण जंगल का घनत्व में बहुत ही कमी आया है और जलवायु का संतुलन बिगड़ा हुआ है। जो जैव विविधताओ पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन के केन्द्रीय सदस्य सोहन लाल कुम्हार,प्रखण्ड प्रभारी भारत सिंह मुण्डा, मुखिया करम सिंह मुंडा धर्मेंद्र सिंह मुंडा बोध सिंह भूमिज,गणेश भूमिज,सुखराम सिंह मुण्डा? सुरेश सोय आदि उपस्थित थे।

## पुलिस व पूजा कमेटी ने किया छठ घाटों की साफ सफाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जगन्नाथपुर :** छठ को लेकर हाटगम्हरिया पुलिस प्रशासन ने शुक्रवार को प्रखंड के मुख्य बाजार स्थित छठ घाटों का निरीक्षण किया। वहीं हाटगम्हरिया थाना प्रभारी बलेश्वर उराँव के नेतृत्व में पुलिस जवानों के द्वारा सफाई अभियान चला कर छट घाटों को सफा सफाई किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी बलेश्वर उराँव ने कहा कि छठ व्रतियों को घाट तक आवागमन में असुविधा को देते हुए घाट तक आने वाली रास्ता का सफाई कर दुरुस्त किया गया। साथ ही सभी छठ घाटों को बेहतर बनाने में भी पूजा कमेटियों द्वारा भी सफाई कर



घाटों का घेरा बंदी किया जा रहा है। मौके पर हाटगम्हरिया के कई पदाधिकारी भी सफाई करते दिखे। मालुम हो कि यह तलाब छठ घाट पर बड़ी संख्या में छठव्रति पहुंचते थे। इस कार्य में पुलिस पदाधिकारी मुकेश हेब्रम, समाजसेवी छोटु गुप्ता, बबलु गुप्ता, जितेंद्र,विकास, मंगल करुँवा, प्रेम जी सहित पुलिस जवान शमिल थे।

## पीएम मोदी से शिकायत करने गई महिला को जेल भेजना गलत : सुधीर कुमार पप्पू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपनी व्यथा को लेकर शिकायत करने गई महिला को जेल भेजा गया जो निंदनीय है। आखिरकार उस महिला से प्रधानमंत्री को किस प्रकार के खतरा था उसके हाथ में कुछ नहीं था फिर उसे खतरा क्यों माना गया। संगीता झा नाम की महिला देवघर की रहने वाली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद कई बार कहा है वे जनता के सेवक है फिर जनता से इतनी नफरत क्यों। प्रधानमंत्री को खुद पहल करनी चाहिए और उस महिला से उसकी व्यथा सुनकर न्याय देने का काम करना चाहिए था लेकिन उन्होंने महिला को जेल भिजवा दिया। प्रधानमंत्री मोदी झारखंड में राजनीतिक उद्देश्य से आए थे। अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने उक्त बातें कहीं हैं। उन्होंने कहा कि पूरे प्रकरण की घोर निंदा होनी चाहिए। प्रधानमंत्री एसपीजी के साए में चलते हैं और महिला खाली हाथ थी फिर खतरा कैसा। मणिपुर में



भाजपा की सरकार ने आदिवासी महिलाओं और पुरुषों के साथ इतना अत्याचार किया वह जग जाहिर है। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा के पवित्र प्रतिमा पर नरेंद्र मोदी ने माल्यार्पण किया है। उनका अपील है कि आदिवासी समाज के लोग गंगाजल से प्रतिमा का शुद्धिकरण करें। रांची पुलिस ने प्रधानमंत्री कार्यालय के इशारे पर संगीता झा के ऊपर गलत ढंग से गंभीर धारा लगाकर उसे जेल भेजना लोकतंत्र में अनुचित है इसकी निंदा होनी चाहिए। उनकी मांग है कि रांची पुलिस संगीता झा के ऊपर लगे मुकदमे को वापस लेकर उसे न्याय दे।

## पखनाडीह पुल में बने गड्ढों को समाजसेवीयों ने श्रमदान कर मरम्मत की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजनगर :** राजनगर थाना क्षेत्र के एनएच 220 मुख्य मार्ग पखनाडीह पुल में महीनों से बने बड़े-बड़े गड्ढों को नजदीक गाँव के युवा समाजसेवियों ने श्रमदान कर मरम्मत करने का कार्य किया। इस कार्य मे राजनगर पुलिस कर्मी शैलेश तिवारी, जो छट पर्व की छुट्टी लेकर घर जाने से पहले इस कार्य मे अपना भरपुर सहयोग दिया। और मुख्य मार्ग में श्रमदान कर मरम्मती कार्य मे जुटे युवाओं का हौसला बढ़ाते हुए मुख्य मार्ग में यातायात बाधित ना हो इसलिए कई घण्टों तक सड़क पर खड़े होकर यातायात व्यवस्था सम्भाली। इस कार्य मे उनके सहयोगी पुलिस कर्मी मनोज डोगरा ने भी साथ दिया। राजनगर प्रखंड क्षेत्र में ऐसा पहली बार देखने को मिल रहा है।सामान्य वर्ग के युवाओं ने दुघर्टनाओं पर अंकुश लगाने की पहल की है। और संभावित दुर्घटनाओं से आम जन को बचाने के लिए

### पुलिस कर्मी ने भी दिया योगदान



श्रमदान कर गड्ढों को भरा। वहीं बनकटी जोतटांड़ गाँव का युवक टेम्पू चालक शांति मंडल अपनी महीने भर की कमाई का कुछ हिस्सा इस कार्य को करने में लगा दिया। तो वहीं खोकरो गाँव के युवा समाजसेवी अजय कुमार गोप ने कुछ युवा साथियों के साथ पुल पर बने गड्ढों को भरने का कार्य किया। वहीं राजनगर के दो पुलिस कर्मी की भी इस कार्य मे महत्वपूर्ण भूमिका देखी गई।

## संपादकीय

# जलवायु परिवर्तन की तपन

आज दुनिया में जलवायु परिवर्तन के बढ़ते, भयावह प्रभावों की बात करेंगे। हम नवम्बर में दीपावली पर्व मना रहे हैं, लेकिन हमारे गरम कपड़े अभी गायब हैं। देश के करीब 99 फीसदी हिस्से अधिक तापमान को झेल रहे हैं। राजधानी दिल्ली और आसपास के शहरों का अधिकतम तापमान अब भी 32-34 डिग्री सेल्सियस है। रात के न्यूनतम तापमान में कुछ ठंडक आई है, लेकिन पंखे अब भी चल रहे हैं। औसत तापमान सामान्य से अधिक है, लिहाजा सर्दी का एहसास भी गायब है। मौसम विज्ञानियों का आकलन है कि इस बार 15 दिसंबर तक वैसी सर्दी महसूस नहीं होगी, जिसके लिए दिल्ली और आसपास के क्षेत्र विख्यात हैं। बीती कई सदियों की सर्दी का आकलन किया गया है, तो 2023 को सबसे गरम वर्ष आंका जा रहा है। मौसम के इस बदलते रुख के मानवीय स्वास्थ्य, कृषिगत और अर्थव्यवस्था संबंधी नकारात्मक असर भी सामने आ रहे हैं, क्योंकि अनुकूलन का माहौल नहीं है और गरम कपड़ों का बाजार उदास, मूकदर्शक बना है। मौसम विज्ञानी मान रहे हैं कि संभव है कि आगामी मई-जून में जबरदस्त गर्मी के स्थान पर बारिश, बाढ़ और भूस्खलन के मौसम देखने और झेलने पड़ें! एक तरफ देश के करीब 91 फीसदी शहरों, कस्बों में प्रदूषण की जहरीली हवाएं चल रही हैं, वायु गुणवत्ता सूचकांक लगातार गंभीर श्रेणी में दर्ज किए जा रहे हैं, तो दूसरी तरफ प्रकृति बेहद नाराज है और सर्दियों में ठंडक ही गायब है। तमिलनाडु में भारी बारिश का प्रकोप है। राजधानी के कुछ हिस्सों में शुक्रवार की सुबह कुछ बूंदाबांदी हुई है। यही तो जलवायु परिवर्तन के भयानक और नकारात्मक असर हैं-बेमौसमी सब कुछ। दुर्भाग्य और विडंबना है कि हम अब भी पर्यावरण के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। पृथ्वी का तापमान बढ़ता ही जा रहा है। यह कार्बन उत्सर्जन, विषैली गैसों और धुएं का ही असर है कि जिन यूरोपीय देशों में, घर-दफ्तरों में, पंखे ही नहीं होते थे और अधिकतर मौसम सर्द ही रहता था, वहां आजकल तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक है। वहां के लोग तालाबों, झरनों में नहा रहे हैं और घर-दफ्तरों में पंखे भी चलने शुरू हो गए हैं। इटली के वेनिस शहर की झीलों पर सूखने के संकट मंडरा रहे हैं। दुनिया भर से लोग इस खूबसूरत शहर में आते रहे हैं और झीलों में नौका-विहार का आनंद उठाते रहे हैं, लेकिन लगातार गर्मी इतनी बढ़ती जा रही है कि झीलों का पारदर्शी पानी भाप बनने लगा है। ये प्रत्यक्ष तौर पर जलवायु परिवर्तन के ही प्रभाव हैं। भारत में 90 फीसदी से अधिक कामगार और मजदूर खुले में ही काम करने को बाध्य हैं। यदि जलवायु परिवर्तन के कारण गर्मियां लगातार लंबी होती रहीं, तो इस तरह काम करना असंभव-सा होता जाएगा। जाहिर है कि कामगारों की औसत उत्पादकता और कार्य-शक्ति कम होती जाएगी। अंततः नुकसान देश का ही होगा। सर्वोच्च अदालत और उच्च न्यायालय के न्यायाधीश प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन को लेकर सरकारों को फटकार लगाते रहे हैं। चेतावनियां भी जारी करते हैं, लेकिन हमारा राजनीतिक नेतृत्व बिल्कुल संवेदनहीन है। उसे भविष्य के खतरों से डर नहीं लगता। वह अपनी ही सत्ता और सियासत के नशे में चूर है। दुर्भाग्य यह भी है कि ये मुद्दे जन-सरोकार के आधार नहीं बनते। प्रदूषण और बदलते मौसम के भयावह खतरों पर आंदोलन तैयार नहीं किए जा सकते और न ही कोई चुनाव निश्चित किया जा सकता है। हमारे प्रधानमंत्री ने आज तक, कमोबेश इसी वर्ष के मौसम में, इन मुद्दों का कभी भी गंभीर उल्लेख नहीं किया। अंतरराष्ट्रीय स्तर के सम्मेलनों में जो लक्ष्य तय किए गए हैं, उन पर संबद्ध मंत्रालय कुछ काम कर रहे होंगे, क्योंकि उसी वैश्विक मंच पर जवाबदेही भी तय होनी है, लेकिन पृथ्वी का औसत तापमान कितना कम किया जा रहा है अथवा उस संदर्भ में कितने सक्रिय प्रयास किए जा रहे हैं, उनके कुछ उथले से जवाब तो होंगे। वैसे प्रकृति की करवटों को हम प्रत्यक्ष तौर पर झेल ही रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग की समस्या वैश्विक स्तर पर है। यह माना जाता है कि इसके लिए ज्यादा दोषी विकसित देश हैं, जो अपनी जिम्मेवारी समझने के लिए तैयार नहीं हैं। कई अवसरों पर विकसित देशों ने वादा किया कि वे ग्लोबल वार्मिंग की समस्या को हल करने के लिए पूरे प्रयास करेंगे, लेकिन क्रियान्वयन के स्तर पर आज तक खास कुछ नहीं हुआ। तृतीय विश्व को विकसित देशों पर हर हाल में दबाव बनाना होगा कि वे अपनी जिम्मेवारी समझें, नहीं तो यह समस्या पूरे विश्व के लिए संकट पैदा कर देगी।

औसत तापमान सामान्य से अधिक है, लिहाजा सर्दी का एहसास भी गायब है। मौसम विज्ञानियों का आकलन है कि इस बार 15 दिसंबर तक वैसी सर्दी महसूस नहीं होगी, जिसके लिए दिल्ली और आसपास के क्षेत्र विख्यात हैं। बीती कई सदियों की सर्दी का आकलन किया गया है, तो 2023 को सबसे गरम वर्ष आंका जा रहा है। मौसम के इस बदलते रुख के मानवीय स्वास्थ्य, कृषिगत और अर्थव्यवस्था संबंधी नकारात्मक असर भी सामने आ रहे हैं, क्योंकि अनुकूलन का माहौल नहीं है और गरम कपड़ों का बाजार उदास, मूकदर्शक बना है। मौसम विज्ञानी मान रहे हैं कि संभव है कि आगामी मई-जून में जबरदस्त गर्मी के स्थान पर बारिश, बाढ़ और भूस्खलन के मौसम देखने और झेलने पड़ें! एक तरफ देश के करीब 91 फीसदी शहरों, कस्बों में प्रदूषण की जहरीली हवाएं चल रही हैं, वायु गुणवत्ता सूचकांक लगातार गंभीर श्रेणी में दर्ज किए जा रहे हैं, तो दूसरी तरफ प्रकृति बेहद नाराज है और सर्दियों में ठंडक ही गायब है। तमिलनाडु में भारी बारिश का प्रकोप है। राजधानी के कुछ हिस्सों में शुक्रवार की सुबह कुछ बूंदाबांदी हुई है।

## कुछ अलग

# खेलों की ओर हमारे कदम

राष्ट्रीय खेलों में हिमाचल के नाम रहे पदक तसदीक करते हैं कि पर्वतीय हवाओं की दृढ़ता में, राष्ट्र गान की ध्वनि के लिए हमारे फेफड़े कितने ताकतवर हैं। पदकों की एक श्रृंखला इस बार बनी है, जहां एथलेटिक्स में सीमा राष्ट्रीय फलक पर दौड़ कर अव्वल रही, तो महिला कबड्डी व हैंडबाल में राष्ट्र की स्टेज पर हिमाचल की बेटियों ने शिखर प्राप्त किए। हालांकि पदकों के हिसाब से प्रदेश 26वें स्थान पर दिखाई दे रहा है, लेकिन महिला खिलाडियों ने दम दिखाते हुए हरियाणा की दिग्गज टीमों को पछाड़ा है। हिमाचल को अभी भी मणिपुर व गोवा से सीखना होगा, जिन्होंने क्रमशः छठे व नौवें स्थान पर रहते हुए यह प्रमाणित किया कि छोटे राज्य भी कमाल कर सकते हैं। हिमाचल में खेलों के प्रति सरकार, समाज और अभिभावकों को इस तर्ज पर सोचना होगा ताकि करियर के स्थान पर खेलों को प्राथमिकता मिले। कुछ प्रयास शुरू हुए हैं और हिमाचल के खिलाड़ी डीएसपी स्तर तक सीधे नियुक्ति पा रहे हैं, फिर भी ऐसे जुनून की पैरवी के लिए प्रदेश को दिल खोलना पड़ेगा। बेशक खेल छात्रावासों के माध्यम से कुछ टेलेंट बाहर निकला है, लेकिन ढांचागत उपलब्धियों के लिए प्राथमिकताएं तय करने की जरूरत है। पिछली जयराम सरकार के दौरान भी एक खेल नीति सामने आई, लेकिन कार्यान्वयन की दृष्टि से यह भी पिछड़ गई। अब नए खेल मंत्री के रूप में विक्रमादित्य सिंह ने खेल नीति को फिर से नई धार देने की हामी भरी, लेकिन जमीन पर हलचल दिखाई नहीं दी। यह दीगर है कि एचपीसीए ने कुछ महिला क्रिकेटर को राष्ट्रीय टीम तक पहुंचाया है। हिमाचल में अगर स्नेहलता जैसे कोच के निजी प्रयास से शुरू हुआ हैंडबाल का काफिला आज भारत विजेता बन कर लौट रहा है, तो बाकी खेल संघों को भी सक्रियता के साथ परिणाममूलक प्रयत्न करने होंगे। वर्षों से प्रदेश में खेल प्राधिकरण, खेल महाविद्यालय व विभिन्न खेलों की अकादमियां स्थापित करने की घोषणाएं तो होती रहीं, लेकिन जमीनी प्रयास नगण्य हैं। केवल एक बार धूमल सरकार ने गंभीर प्रयास करते हुए खेल प्रशिक्षक नियुक्त किए थे, लेकिन यह कसौटी भी खत्म हो गई। अब 'खेलो इंडिया' के तहत केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने हमीरपुर में एक एक्सीलेंस सेंटर की बात कही है, जबकि इससे पूर्व धर्मशाला में राष्ट्रीय प्रशिक्षण के एक्सीलेंस सेंटर एवं छात्रावास के लिए आया 26 करोड़ का स्वीकृत बजट तहस-नहस हो गया। इसी तरह हाई अल्टीट्यूट प्रशिक्षण केंद्र को निर्धारित जमीन धूल फांक रही है। बेशक पर्यटन की दृष्टि से वाटर स्पोर्ट्स की एक महत्त्वाकांक्षा परियोजना नादौन के लिए स्वीकृत हुई है, लेकिन हिमाचल को वाटर स्पोर्ट्स का हब बनाने के लिए कृत्रिम झीलों का बेहतर इस्तेमाल करना होगा। हिमाचल में खेल संघों की सक्रियता तथा खिलाडियों की वित्तीय सुरक्षा के लिए अहम फैसले लेते हुए अगर ग्रामीण एवं स्कूली खेलों को बुनियादी तौर पर अहमियत दें तो वातावरण और सशक्त होगा।

# आदिवासी परंपरा का गौरवगान जनजातीय गौरव दिवस



**अर्जुन मुंडा**
केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री

विविध संस्कृतियों और परंपराओं की भूमि भारत ने हमेशा देश की आजादी के लिए लड़ने वाले अपने बहादुर योद्धाओं के योगदान और बलिदान का जश्न मनाया है। हालाँकि, इस उत्सव के बीच, आदिवासी समुदाय की वीरता और संघर्ष पर अक्सर ध्यान नहीं दिया गया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आदिवासी समाज और संस्कृति के प्रति सम्मान और अटूट प्रेम ही है, जिसने भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयन्ती के दिवस को जनजातीय गौरव दिवस के नाम से मनाने की घोषणा कर आदिवासी समाज का पूरे देश में मान बढ़ाया है।आज यह तीसरा वर्ष है जब पूरा देश आदर, सम्मान और उत्साह के साथ भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती जनजातीय गौरव दिवस÷के रूप में मना रहा है। इस दिवस से लोगों ने जनजातीय समुदायों के सह-अस्तित्वको स्वीकारा है और दशकों के इंतजार के बादसामाजिक समानता के सपने को हकीकत में बदल दिया है। भगवान बिरसा मुंडा ने हमेशा वन भूमि के साथ-साथ सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा की और उसी संकल्प को पूरा करते हुए अपने साथियों के साथ अंग्रेजों से लड़ते हुए शहादत दी। ऐसे ही देश के विभिन्न हिस्सों में रह रहे आदिवासी लोगों ने अंग्रेजों को कड़ी टक्कर दी क्योंकि जनजातीय लोगों ने कभी भी अंग्रेजों की गुलामी को स्वीकार नहीं किया, शायद अभी तक बहुत कम ही लोग ये जानते थे कि अग्रेजों को सबसे प्रारम्भिक और सशक्त चुनौतीदेश के जंगलों से आदिवासी समाज से ही मिलना प्रारम्भ हुई थी। चाहेतिलका माँझी के नेतृत्व में पहाड़िया आंदोलन हो,बुधू भगत के नेतृत्व में चला लरका आंदोलन हो, सिद्धू मुर्मू और कान्हू मुर्मू के नेतृत्व में संथाल हूल आंदोलन हो, रानी गाइदिन्ल्यू के नेतृत्व में नागा आंदोलन हो, अल्लूरी सीता राम राजू का रम्पा आंदोलन हो, कोया जनजाति का विद्रोह हो, गोविंद गुरु का भगत' आंदोलनहो, अंग्रेजों के विरुद्ध जनजाति समाज का एकव्यापक, विस्तृत व विशाल योगदान रहा है। 'धरती आबा'बिरसा मुंडा की अपने माटी के प्रति संघर्ष की ही पृष्ठभूमि थी कि अंग्रेजों को छोटा नागपुर काश्तकारी-सीएनटी अधिनियम बनाने के लिए बाध्य होना पड़ा। जिसके अधीन परंपरागत वन अधिकार भुईहरी खूँट के नाम से निहित है। भुईहरी खूँट, जो जल, जंगल, जमीन पर पूर्ण स्वामित्व का अधिकार देता है। भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष के बल पर देश भर के जनजातीय क्षेत्रों में हुए ऐतिहासिक भूल को स्वीगकारते हुए हमारी संसद ने वन अधिकार कानून पारित किया। भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष का एक महत्वपूर्ण पहलू यह था कि उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयास किया कि उनके अपने समाज की स्वशासन व्यवस्था पर किसी भी प्रकार का बाह्य हस्तक्षेप न हो। इस कारण पेसा जैसे कानून इस देश में बने, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि उनकी परंपरागत व्यवस्था पर कोई हस्तक्षेप न हो, परंपरागत ढंग से नियंत्रणाधीन व्यवस्थाओं के अनुरूप ही पेसा का कानून चले और साथ ही साथ संवैधानिक प्रावधानों का समावेशीकरण हो सके।। इसकी मुख्य अवधारणा अनुसूचित क्षेत्र में पंचायत की व्यवस्था हो ताकि उसकी सांस्कृतिक परंपरा और नैसर्गिक व्यवस्था बनी रहे और प्राकृतिक समन्वयता पर किसी तरह का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। भगवान बिरसा मुंडा के अनुरूप जनजातीय समाज पुनर्स्थापित हो, इस चुनौती भरे कार्य को दायित्व के रूप में हमें लेना पड़ेगा साथ ही अपनी जनजातीय जीवंत संस्कृति पर गर्व करते हुए बनाए रखना पड़ेगा। भारत सरकार कावन अधिकार अधिनियम (एफआरए) सामाजिक व्यवस्था के साथ जोड़कर पुनर्स्थापित करने पर जोर देता है। वनाधिकार कानून एकाधिकार को ही सुनिश्चित नहीं करता है, बल्कि मानव समुदाय को प्राकृतिक दृष्टि से समानुपातिक सहभागिता के रूप में देखता है।कई चुनौतियों के बीच हमें इन सारे विषयों पर संवेदनशील होकर देखने की जरूरत है। प्रकृति का अन्योन्याश्रय संबंध न बिगड़े इस पर समस्त भारत वासियों को पुनरावलोकन करना पड़ेगा। यह भगवान बिरसा मुंडा का विशेष सूत्र रहा है।जनजातीय गौरव दिवस का उत्सव भारत में आदिवासी समुदायों के योगदान और संघर्षों को पहचानने और सम्मान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह इन हाशिए पर मौजूद समूहों के कल्याण और सशक्तिकरण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। विभिन्न नीतियों, कार्यक्रमों और कानून के माध्यम से, सरकार का लक्ष्य आदिवासी समुदायों का उत्थान करना और ऐतिहासिक अन्याय को दूर करना है। भारत के संविधान ने, अनुसूचित जनजातियों की सुरक्षा के प्रावधानों के साथ, उनके अधिकारों की रक्षा करने और समावेशिता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वन अधिकार अधिनियम, पेसा और अन्य कानूनों ने आदिवासी समुदायों के अधिकारों को और मजबूत किया है और उन्हें अपने जीवन के तरीके की रक्षा करने के लिए सशक्त बनाया है। ट्राइफेड और एनएसटीएफडीसी जैसे संस्थानों ने आदिवासी समुदायों को आर्थिक रूप से आगे बढ़ने और उनकी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के लिए सहायता और अवसर प्रदान किए हैं। जनजातीय लोगों ने अपनी सभ्यता और संस्कृति की धरोहरों को युगों से संजोया हुआ है, जनजातीय गौरव दिवस एक अवसर है आदिवासियों की जीवन परंपरा, रीति-रिवाज व सामाजिक-सांस्कृतिक व्यवस्था को समझने का जो कि अत्यधिक समृद्ध है।आज देश यह बात जान गया है कि राष्ट्र निर्माण में आदिवासी समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और आगे भी उनकी इस भव्य विरासत से प्रेरणा लेकर हमें इस अमृतकाल में नव भारत निर्माण का संकल्प पूरा करना होगा।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

### संथाल समाज दिशोम मांझी परगना की प्रखंड कमिटी गठित

## कपड़ा के बदले सहयोग राशि देने की बात रखी गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** उरीमारी के जोजो टोला में शुक्रवार को संथाल समाज दिशोम मॉझी परगना प्रखण्ड समिति के निर्देशानुसार जोजो टोला में रैना मॉझी की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसका संचालन बेनीलाल मॉझी ने किया। वहीं इस बैठक में जोजो टोला समिति का पुर्नगठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से सुकर मॉझी को मॉझी हड़ाम, भिखु को पराणिक, दिनेश टुडू को नायके, महेश मॉझी को कुडाम नायके, अघनू मॉझी को जोगवा व बेनीलाल मॉझी,भरत मॉझी,संजय टुडू,दासो मुर्मू ,पप्पु लाल मॉझी, कुमारी हॉसदा,क्रांति सोरेन,आनिता हांसदा, सुकरू देवी, फुलमती देवी को सदस्य मनोनीत कर संथाल समाज दिशोम मॉझी परगना जोजो टोला समिति बनाई गई। वहीं इस बैठक में छठी,छेका,शादी विवाह,व मरनी के पश्चात कपड़ा देने पर प्रतिबंध लगाई गई है।उसके बदले



सहयोग राशि देने पर जोर दिया गया। समिति पर प्रतिमाह 20 रूपए जमा करना,जो गांव के हित में कार्य कर सके। वहीं इस मौके पर रैना मॉझी ने कहा संथाल समाज दिशोम मॉझी परगना रूढ़िवादी से चलता है, हमारा समाज में आज की परिस्थितियों उच्च शिक्षा की जरूरत है, जिसमें समाज का उत्थान और विकास पर प्रगतिशील हो सके। जिला कल्याण विभाग से मॉझी स्थल, मॉझी हाऊस निर्माण,सरना स्थल की चहारदीवारी करने का कार्य कराया जा रहा है। जिसमें जोजो टोला को भी जोड़ा गया है। वहीं रैना मॉझी ने यह भी कहा कि सभी संथाल समुदाय के शादी विवाह को एक जैसा करने पर जोर दिया जाए। वही राजेन्द्र सोरेन ने कहा संथाल समाज को जागरूक करने की अवश्यकता है, अपना हक अधिकार लेने के लिए हमें आगे आने की जरूरत है। सन्नी सोरेन ने कहा संथालो की न्याय व्यवस्था सामान्यतः उनके द्वारा निर्मित अदालतों अतु बैसी,मोड़े मॉझी, टुलिया बैसी,परगना बैसी एंव लॉ- बीर बैसी के इर्द-गिर्द घूमती है। परन्तु आधुनिकरण की दौड़ में संथाल समाज के लोग भी न्याय प्रणाली का अनुकरण करने लगे है। जिसका प्रमुख मॉझी ग्राम प्रधान होता है,इसका मुख्य कर्तव्य जन्म, मृत्यु एंव विवाह संबंधी रूढ़ियों रीति रिवाज का अनुपालन कराना, वार्षिक त्यौहारों का अयोजन करना शामिल है। वहीं इस बैठक में मुख्य रूप से सन्नी सोरेन, सुकर मॉझी, रैना मॉझी, बेनीलाल सोरेन, राजेन्द्र सोरेन भारत मॉझी, सुरेश मुर्मू , पप्पु लाल मॉझी, संजय टुडू, बाबुराम मॉझी, प्रकाश टुडू, मुनिष मराण्डी,धानो मराण्डी, मनोज टुडू, विकास टुडू,चारो मॉझी, सानो मरांडी, संतोष टुडू,सुभाष टुडू,महेश मॉझी, भुटका मॉझी, मिथुन टुडू, दासो मुर्मू, जेठू मॉझी रामजीत टुडू, सुलेन्द्र टुडू, कृष्णा टुडू, जुगनू मॉझी, रमेश मॉझी, सोनमती देवी, मीना कुमारी, अनिता हॅसदा, सुकरू देवी,आदि थे।

## जनता मजदूर संघ के केन्द्रीय संगठन सचिव सुखदेव प्रसाद ने हैवी ब्लास्टिंग पर रोक लगाने की मांग प्रबंधन से की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र अंतर्गत सयाल डी परियोजना में कार्य कर रही दो परियोजना पीएसएमई और आर ए माइनिंग कंपनी द्वारा हैवी ब्लास्टिंग पर रोक लगाने की मांग जनता मजदूर संघ के केन्द्रीय संगठन सचिव सुखदेव प्रसाद ने प्रबंधन से की है। वहीं सुखदेव प्रसाद ने बताया कि पीएसएमई और आर ए माइनिंग कंपनी में ब्लास्टिंग तय मानक से अधिक किया जा रहा है। हैवी ब्लास्टिंग के कारण सौंदा बस्ती,सरैया टोला, शांति नगर, एवं टोंगरी टोला सहित क्षेत्र के कई घरों दरारें पड़ना शुरू हो गई है। वहीं जब पक्के मकान में दरारें पड़ रही है तो कच्चे मकानों की क्या स्थिति होगी यह अनुभव करने की बात है।वहीं जनता मजदूर संघ ने सीसीएल प्रबंधन से मांग किया है कि हैवी ब्लास्टिंग पर तत्काल रोक लगाई जाए और ब्लास्टिंग के लिए जो मानक तय किया गया है उसी मानक के तहत कोयला खनन हेतु ब्लास्टिंग किया जाए। अन्यथा जनता मजदूर संघ बाध्य होकर सयाल डी परियोजना में खनन कार्य को रोक दिया जाएगा जिसकी सारी जवाबदेही प्रबंधन की होगी।वहीं जनता मजदूर संघ के केन्द्रीय संगठन सचिव सुखदेव प्रसाद ने कहा कि छठ पर्व के बाद जमसं का प्रतिनिधिमंडल हैवी ब्लास्टिंग पर रोक लगाने के लिए महाप्रबंधक व परियोजना पदाधिकारी सयाल को मांग पत्र सौंपेगी।

## दामोदर सिरका- बुंडू नदी से अवैध बालू की हो रही ढुलाई लदाई, व्रतियों को होगी परेशानी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** दामोदर नदी सिरका से लेकर बुंडू घाट तक प्रतिदिन अवैध बालुओ की ढुलाई व लदाई धड़ल्ले से जारी हैं। वहीं कोयलांचल अरगड्डा-सिरका, जीएम आंफिस में महापर्व छठ पर घाटों पर जाने वाले व्रतियों एंव भक्तों को नदी में निकले पत्थरो से परेशानियों का भी सामना करना पड़ेगा। लोग बताते हैं कि प्रतिदिन अरगड्डा- सिरका तथा जीएम ऑफिस बुंडू सड़कों पर डेढ़ सौ ट्रैक्टर दिन के उजाले से लेकर देर रात्रि तक तेज रफ्तार में दौड़ते हुए नईसराय की ओर जाते नजर आ जाएंगे। जिसे रोकने के लिए प्रशासन के द्वारा खानापूर्ति की दौड़ लगाये जाते हैं। लेकिन अब तक अरगड्डा-सिरका क्षेत्र दामोदर नदियों से बालूओ की लूट की छुट मिली हुई हैं। दूसरी ओर बालू के काले खेल को पुलिसिया सेटिंग कर चलाया जा रहा हैं। वहीं इस सबंध में क्षेत्र के समाजसेवी संजय कुमार के द्वारा प्रशासन(एसडीओ) को बेखौफ अवैध बालू की ढुलाई व लदाई रोकने, कारवाई सबंधी पत्र सौपा गया है।

## झामुमो सदस्यों ने पार्टी मजबूती व 27 को सोना सोबरन शहीद दिवस मनाने का लिया निर्णय





प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक शुक्रवार को अरगड्डा जीएम ऑफिस सिरका में आयोजित हुई। बैठक में जेएमएम सदस्यों ने संगठन की मजबूती पर बल दिया। साथ ही आगामी 27 नवंबर को सोना सोबरन सोरेन शहीद दिवस मनाने का निर्णय लिया। इसके अलावे कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की बातें कहीं गई। बैठक की अध्यक्षता राजेश बेदिया ने किया। मौके पर त्रिवेणी प्रजापति, इरफान खान, मुखलाल बेदिया, रमेश किस्कू, अरुण कुमार बेदिया, समीर मुर्मू, श्रीराम मांझी, ललकु बेदिया आदि मौजूद थे।

## मृतक के आश्रितों को 10 लाख का मुआवजा देने की मांग





प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** भाकपा-माले रामगढ़ जिला कमेटी की बैठक माले कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत पार्टी सदस्य उम्मीदलाल गोप- हेसालौंग ,बबलू मांझी- तिलैया टोला बेहरा टांड और सुधू बेदिया- मोढ़ा चूल्हा बेड़ा टोला काना बेल के प्रति एक मिनट का मौन श्रद्धांजलि दी गई।बैठक का संचालन जिला सचिव- भुनेश्वर बेदिया ने किया। विचार-विमर्श के उपरांत निर्णय लिया गया कि आगामी 23 अक्टूबर 2023 को पुलिस जुल्म के खिलाफ घाटो थाना प्रभारी पर कार्रवाई करो और मृतक ललन किस्कू के आश्रितों को 10 लाख रुपए मुआवजा दो को लेकर अक्रोश मार्च व सभा के कार्यक्रम में मांडू, पतरातू, रामगढ़, दुलमी, गोला, गोमिया प्रखंड़ों से भागीदारी की सफलता के लिए हजारों की संख्या में घाटो जाएंगे अभियान को संचालित करने का निर्णय लिया गया है और पार्टी को मजबूत करने के लिए पार्टी की सदस्यता भर्ती एवं नवीकरण करते हुए सांगठनिक ढांचों का गठन करने पर जोर दिया गया।बैठक में देवकीनंदन बेदिया, नीता बेदिया, लाली बेदिया, रामसिंह मांझी, देवानंद गोप, और सरयू बेदिया शामिल थे।

## अरगड्डा छठ घाटों पर जेसीबी से सड़के बनी, नदी तटों की हो रही सफाई

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छठ पूजा महापर्व को देखते हुए नगर परिषद रामगढ़ के द्वारा शुक्रवार को अरगड्डा नोनाहीटाड़ घाट जाने वाले रास्ते को जेसीबी द्वारा समतलीकरण कर बनवाया गया। साथ ही व्रतियों, भक्तों के पूजन स्थल घाटो पर सफाई अभियान चलाया गया। मौके नप वार्ड जमादार अलिफ आलम, जेसीबी ऑपरेटर मनोज, ड्राइवर सद्दाम, सफाई मित्र सिकन्दर, बसन्त, अमर,सुशील, राहुल, सन्नी आदि उपस्थित थे।



## राकोमयू के क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने छठ घाट का निरीक्षण किया

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी दामोदर नदी छठ घाट का शुक्रवार को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने अपने सभी कार्यकर्ताओं के साथ निरीक्षण किया। वहीं उन्होंने छठ घाट की साफ सफाई और छठ व्रतियों व श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार कि छठ घाट आने में परेशानी ना हो इस बात का भी ध्यान रखने के लिए कहा गया।वहीं छठ घाट पर समुचित लाइट की व्यवस्था करने को कहा गया। इस मौके पर विस्थापित नेता महादेव बेसरा,कमिन कुमार(सिविल),अजय मिश्रा, शिगू मांझी, सतीश कुमार,दीपक कुमार यादव, शिबू ठाकुर, बिनोद प्रजापति, कमलेश यादव, बिनोद कुमार इत्यादि दर्जनों लोग मौजूद थे

## कोयलांचल अरगड्डा में नहाए खाए के साथ सूर्य उपासना का चार दिवसीय पर्व हुआ प्रारंभ

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल अरगड्डा- सिरका, जीएम ऑफिस, गिद्दी, रेलीगढ़ा, गांव बड़काचुंबा समेत आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को लोक आस्था का सबसे बड़ा पर्व छठ पूजा के लिए व्रतियों ने नहाए खाए के साथ आरंभ किया। यह उपासना चार दिवसीय का होगा। जिसमें खड़ना, पहला अर्घ्य डूबते सूरज को और दूसरा अर्घ्य उगते सूर्य को देकर नदी, तालाबों तटों, जल स्रोतों के समक्ष पूरा होगा। पूरा क्षेत्र छठ मईया व सूर्यदेव के जय-जयकारों से भक्तिमय बन उठेगा।



## अबुआ आवास योजना के प्रचार प्रसार को लेकर मंत्री, डीसी, डीडीसी ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

➲24 नवम्बर से 26 दिसम्बर तक चलने वाले आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में कई परिवार अबुआ आवास योजना से होंगे लाभान्वित : सत्यानंद भोक्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार जिला ग्रामीण विकास अभिकरण द्वारा अबुआ आवास योजना के बृहद प्रचार प्रसार हेतु जागरूकता रथ को रवाना किया गया। कार्यक्रम में मंत्री सत्यानंद भोक्ता भी शामिल हुएं। डीसी अबु इमरान ने मंत्री के आगमन पर उन्हें पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके पश्चात मंत्री सत्यानंद भोक्ता, उपायुक्त अबु इमरान, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम अन्तर्गत दिनांक 24 नवम्बर से 26 दिसम्बर तक प्रत्येक पंचायत में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पंचायत स्तरीय शिविर में ही योग्य परिवारों से अबुआ आवास योजना के लिए आवेदन प्राप्त किये जाएंगे। अबुआ आवास योजना अन्तर्गत स्थानीय सामग्री तथा डिजाइन का उपयोग करते हुए तीन कमरे के आवास का निर्माण न्यूनतम 31 वर्ग मीटर में किया जाएगा, जिसमें स्वच्छ रसोईघर भी शामिल है। अबुआ आवास योजना घरों को अनिवार्य रूप से परिवार की महिलाओं के नाम पर पंजीकृत किया जाएगा। महिला की मृत्यु या अनुपस्थिति की स्थिति में, परिवार के मुखिया के नाम पर आवास पंजीकृत किया जा सकता है। प्रति यूनिट आवास की सहायता राशि 2.00 लाख रुपए होगी। आबुआ आवास योजना के लाभुकों को स्वच्छ भारत मिशन से अभिसरण के माध्यम से शौचालय निर्माण के लिए सहायता दिये जाने का भी प्रावधान है। घर के निर्माण के लिए यूनिट सहायता राशि के अलावा मनरेगा के तहत अधिकतम 95 मानव दिवस अकुशल मजदूरी भुगतान करने का प्रावधान है। मापदंडों के आधार पर लाभार्थियों की पहचान, चयन तथा संबंधित ग्राम सभा के द्वारा चयनित लाभार्थियों का सत्यापन किया जाएगा। लाभार्थियों को सहायता राशि का भुगतान केवल आधार से जुड़े हुए उनके बैंक खातों में हस्तांतरित किया जाएगा।इस योजना का लाभ वैसे परिवारों को दिया जाएगा जो निम्नांकित मापदंड के अंतर्गत आते हैं। कच्चे घरों में रहने वाले परिवार, आवासविहीन एवं निराश्रित परिवार, विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह के परिवार, प्राकृतिक आपदा के शिकार परिवार, कानूनी तौर पर रिहा किये गये बंधुआ मजदूर, वैसे परिवार, जिन्हें राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार द्वारा संचालित आवास योजना यथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर आवास योजना, बिरसा आवास योजना, इंदिरा आवास योजना इत्यादि आवास का लाभ नहीं दिया गया हो।

## हंटरगंज में मंत्री ने बिरहारों के बीच किया कंबल और स्वेटर का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** हेमंत सरकार के कैबिनेट मंत्री सत्यानंद भोगता ने अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत हंटरगंज प्रखण्ड के ग्राम ढेबो के तीन परिवारों के घर से दीपावली के दिन तीन नव युवकों की मौत हो गई थी।उनके शोकाकुल परिजनों से मिल कर हर संभव मदद करने का अवश्वसान देते हुए कुछ नगद सहायता राशि दिया गया। स्थानीय प्रभारी बीडीओ राम नारायण खलको और सीओ अरुण कुमार मुंडा को मौके पर निर्देश देते हुए कहा कि पीड़ित परिवार समेत योग्य लाभुकों को वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन किया जाए। पीड़ित परिवारों को नियमानुसार अबुआ आवास देने की प्रक्रिया अतिशीघ्र शुरू किया जाए। मौके पर उन्होंने श्रम विभाग से मिलने वाले लाभ के बारे में लोगों से अवगत कराते हुए कहा कि श्रम विभाग के पास पैसे की कमी नही है इस विभाग से मुफ्त



इलाज कराया जा सकता है। साथ ही गरीब असहाय बच्चों को पढ़ने लिखने और साइकिल का पैसा डिबीटी के माध्यम से देने का प्रावधान है।इस विभाग के पोर्टल पर जा कर जानकारी प्राप्त कर ऑन लाइन रजिस्ट्रेशन कर लाभ उठाया जा सकता है। ज्ञात हो कि ग्राम ढेबो निवासी महेंद्र यादव के पुत्र महेश कुमार, बंगाली यादव के पुत्र सचिन कुमार की सडक़ दुर्घटना में एंव सौरभ कुमार की हृदयगति रुकने से मृत्यु हो गई थी। उन्होंने यह भी कहा कि मृत्यु सर्टिफिकेट और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर पीड़ित परिवारों को सरकारी स्तर से चार-चार लाख रुपए मुआवजा के रूप में दिया जाएगा। उन्होंने गोपालपुर स्थित बिरहोर टोला में बिरहोरों के बीच ठंडी को देखते हुए कंबल और स्वेटर का वितरण किया। मंत्री दर्जनों छठ घाट का स्थल निरीक्षण करते हुए साफ सफाई एवं समतलीकरण का निर्देश दिया है।

## देसी कट्टा के साथ अपराधी गिरफ्तार, जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा थाना को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार को अभियुक्त अशोक कुमार उर्फ अशोक यादव, पिता कालेश्वर यादव, टंडवा थाना अंतर्गत सराढु के टोला सिदालू निवासी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधी अशोक की तलाशी ली गई तो उसके पास से एक देसी कट्टा एवं एक जिंदा गोली बरामद हुआ। इस संदर्भ में टंडवा थाना कांड संख्या 263/23 धारा 25(1 - B )ए 26 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। टंडवा थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि अशोक यादव उर्फ अशोक कुमार पूर्व से ही टंडवा थाना में कांड संख्या 105/17 धारा 279/ 304 ए तथा धारा 302/ 201/ 120बी का अभियुक्त है। इसकी गिरफ्तारी हेतु



टंडवा पुलिस टीम के द्वारा लगातार छापामारी की जा रही थी, परंतु यह अभियुक्त फरार था। इसके आलावा हजारीबाग जिले के केरेडारी थाना में भी कांड संख्या 186/23 धारा 379/ 414/34 दर्ज है, एवं हजारीबाग न्यायालय के द्वारा गिरफ्तारी वारंट भी प्राप्त है। अशोक यादव की गिरफ्तारी में टंडवा थाना प्रभारी सह निरीक्षक प्रभारी विजय कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक अभिनव आनंद तथा टंडवा थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी का किया गया उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** उपायुक्त श्री अबु इमरान की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी का जे.जे एक्ट, पोक्सो एक्ट, बाल विवाह अधिनियम एवं मादक द्रवायों से बालकों का संरक्षण से संबंधित प्रशिक्षण/ उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में 31 अक्टूबर से 14 नवंबर तक बाल विवाह उन्मूलन हेतु चलाए गए अभियान के तहत वैसी बालिका जिन्होंने बाल विवाह का विरोध कर शिक्षा को जारी रखा, संबंधित क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता के साथ उपस्थित थे। उपायुक्त चतरा श्री अबु इमरान द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया तथा बाल विवाह को हतोत्साहित कर शिक्षा को जारी रखने वाली बालिका जो सिमरिया





और कान्हाचट्टी से आई थी उन्हें डिक्शनरी उपहार स्वरूप भेट करते हुए शिक्षा जारी रखने एवं उनको भविष्य में पढ़ लिख कर आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दिया।यूनिसेफ के सहयोगी अंकित कुमार द्वारा कार्यक्रम का उद्देश्य तथा बाल विवाह से होने वाली क्षति के बारे में बताया गया वहीं इंदू भूषण पांडे अधिवक्ता सह मीडिएटर जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा द्वारा विधि से संबंधित कई जानकारियां सभी थाना के बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी को दिया गया। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी द्वारा प्रेजेंटेशन प्वाइंट के माध्यम से बाल संरक्षण सेवाओं का उद्देश्य तथा क्रमशः बाल विवाह के दुष्परिणाम, किशोर न्याय अधिनियम एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के तहत बाल कल्याण पुलिस अधिकारी जो सभी थाना में नामित है और जो.,स.ढ्ढ से रैंक के नीचे के नही होते है को बच्चों के साथ कैसे व्यवहार किया जाना है की जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई है ।पुलिस उपाधीक्षक सह विशेष किशोर न्याय पुलिस इकाई के प्रमुख केदार नाथ राम द्वारा प्रशिक्षण में बताए गए विभिन्न बिंदुओं का अनुपालन करने का निर्देश सभी बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी को दिया गया।

## सूर्य उपासना के महापर्व छठ के उपलक्ष्य पर छठ घाटों की साफ सफाई जोरो पर



**कुन्दा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सूर्य उपासना के महापर्व छठ के उपलक्ष्य पर पत्रकार संतोष कुमार यादव के नेतृत्व में पंचायत क्षेत्र के नावाडीह छठ घाट की साफ सफाई की गई।ज्ञात हो की प्रत्येक वर्ष पत्रकार संतोष कुमार यादव पंचायत क्षेत्र के कई छठ घाटों पर छठव्रतियों को परेशानी ना हो इसे लेकर साफ सफाई समेत छठ घाट पर लाइट व अन्य सुविधाएं प्रदान करते आ रहे।वही शुक्रवार से नहाय खाय के साथ लोकआस्था का महापर्व छठ शुरू हो गया है। धार्मिक हिन्दू मान्यताओं के अनुसार छठ पर्व पूरे चार दिनों तक चलता है और इसमें व्रती पूरे 36 घंटे का निर्जला उपवास रखती है इसके साथ ही इस व्रत में शुद्धता का पूरा ख्याल रखा जाता है। इसी वजह से इस महापर्व को कठिन व्रत भी माना जाता है। घाट की साफ सफाई में संतोष कुमार, राहुल सिंह, विजेंद्र भोक्ता, पिन्टु भोक्ता, उपेन्द्र साव, सुरेन्द्र भारती, सागर विश्वकर्मा, रवि साव, दीपक गंझू, जयराम साव समेत अन्य ने अपनी भूमिका निभाई।

## समाजसेवी ने किया आम की लकड़ी वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** शहर के शहीद चौक में समाजसेवी अशोक प्रसाद उर्फ बुट्टा ने शुक्रवार की सुबह छठ महापर्व को लेकर आम की लकड़ियों का वितरण किया। बता दें कि छठ महापर्व में खीर भोजन का प्रसाद बनाने के लिए आम की लकड़ियों की नितांत जरूरत होती है। इसे देखते हुए श्री प्रसाद के द्वारा छठ व्रतियों के लिए आम की लकड़ियों का वितरण किया गया. उन्होने कहा कि शहर में अक्सर छठ व्रतियों के परिजनों को आम की लकड़ियों के लिए भटकना पड़ता है। उनकी परेशानियों को दूर करने के लिए विगत दस सालों से वे आम की लकड़ियों का वितरण कर रहे हैं. उन्होने कहा कि छठ मईया पर उनकी विशेष आस्था है। लोगों ने श्री प्रसाद के इस कार्य की सराहना की है. बता दें कि अशोक प्रसाद सामाजिक कार्यो में हमेशा तत्पर रहते हैं और बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हैं।

## छठ घाटों की साफ सफाई, छठ व्रतियों के लिए जेसीबी से बना छठ घाट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** हंटरगंज प्रखंड के डुमरी कला पंचायत के मुखिया साधना सिंह एवं मुखिया प्रतिनिधि समरेश सिंह उर्फ पिंटू सिंह के द्वारा पंचायत क्षेत्र के सभी छठ घाट का जेसीबी मशीन से समतलीकरण एवं छठ घाट में पड़े गंदगी को साफ सुथरा कराया गया। छठ घाटों की साफ सफाई हो जाने से छठ वर्ती को आने-जाने में कोई भी परेशानी का सामना न करना पड़े इनके द्वारा डुमरी कला बैंक गुरुद्वारा के सामने पेट्रोल पंप के सामने एवं ग्राम बेला देवरिया के अलावा दर्जन छठ घाट की साफ सफाई कराया गया एवं गड्ढे को मिट्टी से भराया गया। इस मौके पर थाना प्रभारी सनोज चौधरी, समाजसेवी सरदार मनोज सिंह, सरदार राजेश सिंह, इंद्रदेव साहू राजकुमार साहू, सरदार सोनू सिंह, कुंदन कुमार सिंह, मिथिलेश यादव, मन्नू साहू, संतन पासवान के अलावा कई लोगों उपस्थित थे।

## मुखिया अपने निजी खर्चे से युद्ध स्तर पर करवा रहे हैं छठ घाट की सफाई लोगों में उत्साह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखण्ड के अन्तर्गत मंझगावां पंचायत के मुखिया सरिता देवी एवं समाजसेवी बसंत सिंह के द्वारा अपनी निजी खर्च से युद्ध स्तर पर छठ घाट की साफ सफाई करवा रहे हैं। जिसके लिए एक टीम का गठित किया। जो टीम के लोगों के देख रेख में पिंडारकोण छठ घाट, गडके छठ घाट, घटेरी छठ घाट एवं सिंदवारी छठ घाट का साफ सफाई किया गया है। इस प्रकार नेक कार्य करवाते देख ग्रामीणों में उत्साह देखा जा रहा है।

## कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना एवं प्री मैट्रिक छात्रवृति हेतु जिला स्तरीय अनुमोदन व अनुश्रवण समिति की बैठक संपन्न



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर कल्याण पदाधिकारी विजय दास द्वारा कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना एवं प्री मैट्रिक छात्रवृति हेतु जिला स्तरीय अनुमोदन व अनुश्रवण समिति की बैठक की गई।मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के लिए प्राप्त आवेदन की बारी बारी से जांच की गई। जिसमे अनुसूचित जाति के 33 अनुसूचित जनजाति के 14 तथा पिछड़ी जाति के 141 लाभुकों का भुगतान करने हेतु स्वीकृति दी गई। प्री मैट्रिक छात्रवृति में विद्यालय के प्रधानाध्यापक के द्वारा ई कल्याण पोर्टल पर कुल 93680 छात्र छात्राओं का रजिस्ट्रेशन अपलोड किया गया है। आज की बैठक में 69798 का डेटा डीएनओ लेवल से सत्यापित कर कमिटी के समक्ष रखा गया। जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृत करते हुए भुगतान करने का निर्णय लिया गया।

## रोजगार के नाम पर पैसा लेकर रोजगार देने का आरोप, पैसा नहीं देने पर कई युवा वंचित

➲पैसा लेकर रोजगार देना बहुत गलत है, लिखित शिकायत मिलने पर जांच कमेटी गठित का जांच कर की जाएगी कार्रवाई : पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी

➲पीड़िता ने नाम सार्वजनिक नही करने पर मीडिया को सुनाया आपबीती, कहा एनटीपीसी के खिलाफ मुंह खोलने पर दिया जाता है धमकी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** एनटीपीसी प्रबंधन के नाक के नीचे रोजगार देने के नाम पर अवैध वसूली का मामला प्रशासन में आया है। एनटीपीसी के अधीन कई कंपनी मैनपॉवर का सप्लाई करता है। जिसमें कंपनी व एनटीपीसी के एक अधिकारियों के मिली भगत से नौकरी देने के नाम पर युवाओं से 20 से 30 हज़ार रुपया लेने की बात कही जा रही है। वह स्थानीय दो युवाओं को तीन महीना से रोजगार देने को लेकर टालमटोल किया जा रहा है। बताया गया 20 हज़ार रुपया





का मांग किया गया था, जो देने में समर्थ नही है। पैसा नहीं मिलने कारण से अभी तक रोजगार नहीं दिया गया है। जब पीड़िता युवा पत्रकार को इस खेल के बारे में बताया तो आश्चर्य की बात सामने आया। पीड़िता ने बिना नाम छापे शर्त पर पत्रकार को इस मामले में होश उड़ा देने के बात कही। कहा पैसा मांगने वाले अधिकारी के नाम मीडिया में बोलेंगे तो हम सभी परिवार को बर्बाद कर देगा और कई झूठा केस में फंसा देगा। इसी के डर से पीड़िता युवा एनटीपीसी व एनटीपीसी के अधीन काम करने वाली कंपनी के अधिकारियों का नाम नहीं लेता है। बताया गया पूर्व में कई लोगो ने विजिलेंस के टीम से शिकायत की थी। जिसके बाद अधिकारियों हरकत में आए थे।इस मामले में पूर्व मंत्री सह चतरा लोकसभा के सांसद प्रत्याशी केएन त्रिपाठी से पूछे जाने पर बताया पैसा लेकर रोजगार देना अपराध के श्रेणी में आता है। लिखित शिकायत मिलने पर जांच कमेटी गठित कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। कहां एनटीपीसी को स्थानीय लोगों को ही अधिक से अधिक रोजगार देना चाहिए। एनटीपीसी भ्रष्टाचार के विरोध आवाज उठाने वाले स्थानीय को डराने व धमकाने के मामले में पूर्व मंत्री ने कहा कानून का राज स्थपित है, एनटीपीसी या अन्य जो भी गलत करता है, पुलिस या कोर्ट में जाना चाहिए कानून के राज्य में गलत करने वालों को नहीं बक्शा जाता है। वही राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रवि सिंह ने कहा रोजगार के नाम पर पैसा लेने की शिकायत पूर्व में सामने आया था। जिससे पैसा का डिमांड किया गया है, वे लिखित आवेदन दे, 20 सूत्री में मामला उठाकर कार्रवाई के लिए उपायुक्त कमिश्नर से कार्रवाई की मांग करेंगे।

## स्कूल क्रिकेट लीग का समापन समारोह संपन्न

## लातेहार में प्रतिभा की कमी नहीं है : पंकज कुमार सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित स्कूल क्रिकेट लीग 2023-24 का समापन शुक्रवार को जिला खेल स्टेडियम में किया गया। फाइनल मैच लातेहार क्रिकेट एकादमी तथा शेरशाह वारियर के बीच खेला गया। जिसमें टॉस हारकर शेरशाह वारियर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 5 विकेट खोकर 245 रन का स्कोर किया। जिसमें विजय रोहित 101, सतीश कुमार 56, प्रवीण उरांव 22 रन का योगदान दिया।एल सी ए की ओर से अमित कुमार 2 ,कुमार शानू 1विकेट चटकाए। लक्ष्य की पीछा करते हुए एल सी ए ने 162 रन पर पूरी टीम ढेर हो गई। जिसमें अभिषेक कुमार 53, प्रीत रंजन ने 19 रन का योगदान दिया। शेरशाह वारियर की ओर से विजय रोहित 3, आकाश साहू ने 2 विकेट चटकाए । शेरशाह वारियर ने 83



रन से जीतकर खिताब पर कब्जा जमाया। मैन ऑफ द मैच विजय रोहित बने। जबकि मैन ऑफ द सीरीज तथा बेस्ट बैट्समैन का खिताब विजय रोहित चुने गए। वही बेस्ट बॉलर आकाश साहू चुने गए। वही विजेता एवम उपविजेता टीम को पुरस्कार संघ के अध्यक्ष पंज कुमार सिंह, सचिव अमलेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने सामूहिक रूप से दिया । वही खिलाडियों को संबोधित करते पंकज कुमार सिंह हुए बताया कि जिला में प्रतिभा की कमी नहीं है । छुपे हुए प्रतिभा को निकालने तथा निखारने के लिए स्कूली लीग का आयोजन पिछले कई वर्षो से किया जा रहा है । वही खिलाड़ियों उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बेहतर क्रिकेट खेलने की नसीहत दी। श्री सिंह ने कहा कि खिलाड़ी खेल में ही अपनी प्रतिभा को निखारे तथा भविष्य को तलाशे। संघ के उपाध्यक्ष अनिल सिंह ने सभी खिलाड़ियों को बेहतर खेलने की बात कही । संचालन अमलेश कुमार सिंह ने किया। मौके पर संघ के संयुक्त सचिव प्रकाश कुमार , शैलेश कुमार, पवन कुमार, उमा कांत प्रसाद, श्रवण महली, शमरेश बादल,

## संक्षिप्त खबरें

### आठवें दिन लगातार विधायक सेवा कार्यालय में चला पूजन साड़ी पैकिंग अभियान

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर विधायक मनीष जायसवाल ने पिछले साल की तर्ज पर वर्तमान साल भी लोकआस्था और सूर्योपासना के महापर्व छठ के उपलक्ष्य में हजारीबाग के 10 हज़ार छठ महाव्रतियों तक पूजन साड़ी भेंट करने का लक्ष्य निर्धारित किया था। इसके लिए पिछले आठ दिनों से निरंतर विधायक सेवा कार्यालय में साड़ी पैकिंग अभियान चला। आठवें दिन शुक्रवार को इस अभियान में हजारीबाग के युवा क्रिकेटर और क्रिकेट प्रेमियों ने अहले सुबह से ही अपनी पूरी ताकत झोंक दी और दोपहर से पहले साड़ी पैकिंग अभियान को समाप्त कर दिया। इधर छत्तीसगढ़ चुनाव प्रवास से लौटकर खुद विधायक मनीष जायसवाल साड़ी वितरण अभियान में लगातर जुटे हुए हैं। शुक्रवार को उन्होंने अपने विधायक सेवा कार्यालय से दर्जनों लोगों को पूजन साड़ी भेंट किया तो वहीं उनके सहयोग में भाजपा कार्यकर्ताओं, विधायक प्रतिनिधि और विधायक समर्थकों ने नहाय- खाय से पूर्व तक कटकमसांडी, कटकमदाग, दारू, सदर प्रखण्ड और हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में साड़ी वितरण अभियान में अपनी पूरी ताक़त झोंक दी और लक्ष्य के अनुरूप छठ महाव्रतियों तक विधायक मनीष जायसवाल का यह भेंट पहुंचाया । विधायक मनीष जायसवाल ने 10 हज़ार छठ महाव्रतियों तक पूजन साड़ी पहुंचने में और साड़ी पैकिंग अभियान में सहयोग करने वाले तमाम भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ताओं, विधायक प्रतिनिधि और समर्थकों के प्रति आभार जताया और उन्हें धन्यवाद दिया।

### छठ पूजा में लगता है अनोखा बाजार समाज के लोगों से लिया जाता सहयोग

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** छठ पूजा पर अनोखा बाजार हिंदू स्कूल के प्रांगण में लगता है.जहां लाखों रुपया का फल बेचा जाता है. लेकिन इस बेचने की प्रक्रिया और तरीका बेहद अलग है. समाज के लोगों से सहयोग राशि ली जाती है और फिर उन्हें बेच कर पैसा वापस किया जाता है. खासियत यह है कि लागत मूल्य पर ही फल बाजार में मुहैया कराया जाता है. इस बाजार का एकमात्र उद्देश्य बाजार के फल मूल्यों को नियंत्रित करना है. त्योहार के समय फलों की कीमत आसमान छू जाती है तो दूसरी ओर इस बार महंगाई की मार भी लोगों को झेलना पड़ रहा है.ऐसे में यह बाजार आकर्षण का केंद्र बिंदु रहता है. इस बाजार में कोई व्यवसायी नहीं होता है. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य, शिक्षक,अधिवक्ता, पत्रकार और समाजसेवी बजार का संचालन किया जाता हैं. सूर्य षष्टि छठ पूजा वितरण समिति के बैनर तले सुविधा दी जाती है. सदस्य सेवा भाव से काम करते हैं.,फल गाड़ी से उतारने फिर बेचने का काम सदस्य करते. जिसका उद्देश्य खरीद दाम पर ही फल उपलब्ध कराना है .केला,सेब, नारंगी,डंभा,गन्ना, नारियल,घी,रिफाइन, पूजन सामग्री समिति खरीद दाम में उपलब्ध कराती है .बेहद श्रद्धा भावना के साथ बाजार का संचालन की जाती है.बाजार लगाने के लिए 1 महीने सूर्य षष्टि छठ पूजा वितरण समिति पैसा समाज के लोगों से एकत्रित करते हैं. बेचकर उन्हें वापस किया जाता हैं. बाजार में खासकर किसानों को विशेष रुप से जगह दिया जाता है. जो अपना उत्पाद लाकर यहां बेचते हैं. उनसे किसी भी तरह का शुल्क नहीं लिया जाता है. सूर्य षष्ठी छठ पूजा वितरण केंद्रीय समिति के अध्यक्ष चंदन मेहता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार 50 लाख रुपया का फल की खरीदारी की गई है. पैसा समाज के लोगों से सहयोग के रूप में लिया गया है. लागत मूल्य पर फल बेचकर पैसा उन्हें छठ पूजा के दो दिनों के बाद वापस भी किया जाता है. पिछले 9 सालों से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बैनर तले सेवा हजारीबाग वासियों को दी जा रही है. इस वर्ष आठ प्रखंडों में लागत मूल्य पर फल उपलब्ध कराया जा रहा है.

### बरकट्ठा के दर्जनों क्षेत्र में छठ घाट का किया गया साफ-सफाई

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोक-आस्था व उपासना के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर बरकट्ठा प्रखण्ड के जिला परिषद दक्षिणी क्षेत्र के बरकट्ठा घाट,करोंजवा घाट, शिलाडीह घाट, पंचबेहनी घाट,गोरहर घाट,देवी मंडप घाट,राजकीय बुनियादी विधालय बेलकप्पी घाट,सूर्यकुण्ड घाट के अलावे क्षेत्र के दर्जनों छठ घाटों में जिला परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया के प्रयास से छठ घाट कि साफ-सफाई एवं छठ घाटों को सुदृढ़ किया जा रहा है.पिछले4 दिनों से जेसीबी मशीन जिला परिषद बरकट्ठा दक्षिणी क्षेत्र में कार्य कर रही है।इस अवसर समाजसेवी सी.के पाण्डेय,सुरेश कुमार पाण्डेय,अजीत पाण्डेय,छोटी महतों,मुकेश तिवारी,मेघलाल पासवान,आशिष कुमार पाण्डेय,रिंकु माली,शेषनाथ सिंह,चंदन ठाकुर,पंकज पाण्डेय,राजेंद्र तिवारी,शिशुपाल यादव, अर्जुन राम,भीम रवानी,प्रदीप राम,अभय पाण्डेय,संतोष रवानी,राजेन्द्र रवानी के अलावे दर्जनों लोग अपने अपने छठ घाट पर उपस्थित रहे।

### आरएनवाईएम कॉलेज के कर्मचारी का आकस्मिक निधन, शोक की लहर

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):**गुरुवार को बीते रात्रि रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय बरही के कर्मचारी संतोष कुमार साव की आकस्मिक निधन हो गई। इनके निधन से स्कूल परिसर से शोक की लहर है। बता दे की संतोष कुमार साव महाविद्यालय में चालक के पद पर कार्यरत थे। ये पिछले कुछ महीने से बीमार थे। इनका ईलाज भी चल रहा था, लेकिन रात में अचानक इनकी मृत्यु हो गई। इनका दाह संस्कार बरही नदी घाट में शुक्रवार को किया जायेगा। मुखाग्नि इनका पुत्र अमन कुमार ने दी। मृतक संतोष ने अपने पीछे पत्नी सहित भरा पुरा परिवार छोड़ दिया। परिवार का रो रो कर बुरा हाल है। संतोष साव की आमदनी से ही परिवार का परवरिश चलता था। संतोष साव हसमुख और मिलनसार व्यक्ति थे। इनकी अचानक मृत्यु से बरही टैक्सी स्टैंड परिवार सहित महाविद्यालय परिवार शोकाकुल है, इनकी मृत्यु से समाज एवं महाविद्यालय परिवार में अपूर्णीय क्षति हुई है। इनका दाह संस्कार में भगवान केशरी, विकास कुमार, राजकुमार पंडित, लखन यादव, रितेश सहित सैकड़ों लोगों सहित महाविद्यालय के डा संजय कुमार बर्णवाल, डा अजय?? रविदास, प्रोफेसर हिरामन साव, डा. अरुण कुमार रामानुज, दिनेश्वर कुमार यादव, नागेश्वर यादव, दिनेश यादव, सतोष, शिवाली, विकास यादव, हरेन्द्र सिंह सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

### बासु दा के निधन से डीवीसी को अपुर्णिय क्षति : कविता

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डी वी सी श्रमिक यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, सीटू सी आई टी यू के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, ऑल इंडिया कॉल वर्कर्स फेडरेशन के अध्यक्ष, सी पी आई एम के पुर्व केन्द्रीय कमेटी सदस्य और सातवीं लोकसभा से लेकर 15 वीं लोकसभा तक लगातार 9 बार सांसद रहे कामरेड वासुदेव आचार्य का इलाज के दौरान हैदराबाद में निधन होने के कारण स्थानीय डी वी सी श्रमिक यूनियन कार्यालय में एक शोक सभा कर कामरेड वासुदेव आचार्य के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हे श्रद्धांजलि दिया गया. कामरेड वासुदेव आचार्य रेलवे और कृषि मंत्रालय की संसदीय स्टैंडिंग कमेटी की अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने देश के रेलवे, रेलवे कर्मचारी, रेलवे यात्रियों की सुविधा और किसानों के हितों के लिए अनुकरणीय काम किए थे. ऑल इंडिया कॉल वर्कर्स फेडरेशन के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने कोयला उद्योग और कोयला मजदूरों के हितों के रक्षा के लिए सदा तत्पर रहते हुए कई काम किया. उनका झारखंड से बहुत लगाव था. झारखंड के मजदूर आंदोलन में कई बार झारखंड आना हुआ. ये मजदूर और किसानों की बात न सिर्फ लोकसभा के अंदर बल्कि बाहर में भी उनके साथ कंधों से कंधा मिलाकर आंदोलन करते रहे और उनके आंदोलन के कई सकारात्मक प्रभाव भी हुए, जिसका लाभ देश के रेलवे, कोयला मजदूरों को और किसानों को हुआ. उनके निधन से डी वी सी और इसके मजदूरों को अपूर्णिय क्षति हुई है जो निकट भविष्य में पूरा नहीं किया जा सकता. चुनाव आयोग भारत सरकार के अनुसार लगातार नौ बार सांसद रहें. शोक सभा की अध्यक्षता मजदूर नेत्री कविता सरकार ने की और संचालन यूनियन के सचिव विजय चौधरी ने किया. इस अवसर पर सी आई टी यू के जिला उपाध्यक्ष गणेश कुमार सीटू, तपेश्वर राम, एटक के महेंद्र राम, श्रमिक यूनियन के चांद दीदी, आशा देवी, रवि उरांव, चंचल चटर्जी, एस गणपति, लाल बहादुर, संतोष रजवार, संदीप पाल, गुरुदेव प्रसाद, वासुदेव मुखर्जी सहित यूनियन के कई लोगों ने भाग लिया .

## जी रोड स्थित गोरहर में नहीं थम रहा है सडक़ दुर्घटना का दौर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र के गोरहर में नहीं थम रहा है एक्सीडेंट का दौरा।प्राप्त जानकारी के अनुसार गोरहर पुल के समीप बीते गुरुवार की संध्या लगभग 07:30pm को बरही की ओर से आ रही ट्रक संख्या NL-02Q,9066 और बगोदर की ओर से आ रही ट्रक संख्या jh05 डी के 8875 में आमने-सामने से टक्कर हो गई.जिससे दोनों ट्रक के चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई.ग्रामीणों ने बतलाया कि बुधवार की रात भी एक एक्सीडेंट हुआ था जिसमें 16 चक्का ट्रक बीच सडक़ पर पलट गया था। जिसके बाद पुरानी जीटी रोड को चालू किया गया था। जिससे अज्ञात ट्रक ने बिजली के पॉल मैं टक्कर मार दी जिससे कई पॉल टूट जाने से ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर हैं।वहीं मुखिया प्रतिनिधि छोटन कॉल ने कहा राज केसरी कंस्ट्रक्शन कंपनी के लापरवाही के कारण आए दिन गोरहर में सड़क दुर्घटनाएं होती रहती है। वहीं दुर्घटना होने से क्षेत्र में अफरा तफरी का माहौल हो गया।गोरहर पुलिस और ग्रामीणों के सहयोग से शव को गाड़ी से निकालकर अंत्यपरीक्षण के लिए हजारीबाग भेजा गया।

## राज्य स्तरीय क्विज कंपटीशन में पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज के 6 विद्यार्थियों का हुआ चयन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत कपका स्थित संचालित पी.एम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज के छात्रों के द्वारा विगत दिनों संपन्न हुए पूरे भारतवर्ष में आयोजित टाटा कंपनी के द्वार आयोजित क्विज़ कंपटीशन में कपका स्थित सीबीएसई पैटर्न पर आधारित विद्यालय पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज के छह बच्चों का चयन हुआ है।जूनियर ग्रुप से कक्षा 6 से 8 में सूरज राणा पिता फूलचंद राणा,चंदन मंडल पिता जागेश्वर मंडल,अनिल कुमार पिता अशोक पंडित का चयन हुआ है।सीनियर वर्ग में कक्षा 9 से 10 में रतन कुमार पिता प्रकाश मंडल,चंदन कुमार पिता दामोदर महतो,परमानंद प्रसाद पिता विनोद प्रसाद का चयन हुआ।विद्यालय के निदेशक सत्येंद्र प्रसाद ने सफल प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए कहा कि यह इन विद्यार्थियों के अथक प्रयास एवं मेहनत का परिणाम है।पीएम स्कूल का परंपरा रही है कि वह विद्यार्थियों के अंदर छिपी विभिन्न सोच को खोज कर उसे दिशा दिखाने का प्रयास करते हैं।

## सांकुल में खिलाड़ियों को दिया गया खेल सामग्री



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता हेतु शुक्रवार को सांकुल पंचायत के खिलाड़ियों के बीच खेल सामग्री बांटी गई । इसके पूर्व पंचायत में फुटबॉल टीम का गठन कर खेल सामग्री का वितरण पंचायत मुखिया सुमन भारती के द्वारा किया गया। वही खिलाड़ियों में गणेश करमाली, विकास करमाली,विशाल गंझू, सरफराज अंसारी,अल्ताफ अंसारी, साहिल अंसारी,रूपेश सिंह,रोशन सिंह शोएब अंसारी प्रतीक कुमार सिंह,सुधीर कुमार सिंह,अंशु कुमार, राम बादल कुमार,रितिक पांडे और संजीव कुमार राम सहित पंचायत के सभी जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## बरही में सड़क दुर्घटना में 14 वर्षीय बालक अमिताभ कुमार की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** गया रोड में हुई सड़क दुर्घटना में मल्हाटोली निवासी शंभू माली के 14 वर्षीय पुत्र की मौत घटना स्थल पर हो गई। पिता के सामने पुत्र की मौत ने सभी को झकझोर कर रख दिया। बताया जाता है कि अमिताभ कुमार अपने पिता के साथ बरही मल्हाटोली में अपने चाचा के घर छठ पूजा के नहाए खाए के बाद बना प्रसाद को ग्रहण करके वापस अपने घर आ रहा था। गया रोड में पिता पीछे-पीछे और आगे आगे अमिताभ कुमार साइकिल से जा रहा था, इसी दौरान एक बोलेरो से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया। वही विपरीत दिशा से आ रही एक ट्रेलर नंबर पीबी 05 एक्यू 9106 ने अपने चपेट में ले लिया। जिससे अमिताभ कुमार की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। हालांकि मौके पर से बोलेरो चालक बोलरो लेकर फरार हो गया, वही ट्रेलर को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। इधर ग्रामीणों ने गया रोड को जाम कर दिया और घटना का मुख्य कारण अतिक्रमण बताया।

इधर घटना की जानकारी मिलने पर डीएसपी नाजिर अख्तर, थाना प्रभारी रोहित सिंह, सीओ रामनारायण खलखो, सर्किल इंस्पेक्टर जगलाल मुंडा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा नेता अर्जुन साहू, गणेश यादव, विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान, मुखिया शमशेर आलम, मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, मुखिया सिकेन्द्र राणा, राजसिंह चौहान, बेंदगी मुखिया सिकंदर राणा आदि घटना स्तर पर पहुंचे।

## लोकआस्था के महापर्व छठ का शुभारंभ नहाय-खाय के साथ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ में लोक आस्था के महापर्व छठ का शुभारंभ नहाय खाय के साथ हुआ। चार दिवसीय महापर्व छठ के नहाय खाय के दिन छठवर्तिया नदी में स्नान कर घरों में आकर सम्पूर्ण पवित्रता के साथ अरवा चावल,कद्दू की सब्जी,कोहड़ा की सब्जी,दुद्धालु की सब्जी में सेंधा नमक का उपयोग कर भोजन बनाकर ईश्वर को अर्पितकर प्रसाद के रूप में ग्रहण करती है। छठ पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में उमंग और उत्साह चरम पर है। महापर्व को लेकर विष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय समीप गावों में भी छठ घाट की साफ सफाई टेंट,लाइट साउंड सजावट का कार्य अंतिम चरण में है। बाजार में पूजन सामग्री की खरीदारी को लोग उमड़ पड़े है।छठ पर्व को लेकर गांव से बाहर उन प्रदेशों में रहने वाले अपने पैतृक गांव पहुंच रहे हैं।



विष्णुगढ़ के जमुनिया नदी में श्रद्धालुओं की पूजा में भारी भीड़ जुटती है।वही छठ पूजा को लेकर सभी कमेटियों की तैयारी पूरे जोरों शोरों से चल रही है।

## सांकुल में भव्य जागरण का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** ग्राम पंचायत सांकुल में गुरुवार रात्रि माता का भव्य जागरण का आयोजन किया गया। यह आयोजन श्री श्री काली पूजा समिति सांकुल के द्वारा आयोजित किया गया।जिसमें रांची से आए हुए कलाकारों में गायिका प्रीति पांडे स्वीटी राज,कोमल छाया,दलजीत सिंह दिवाना और मंच संचालक छोटा सोनू ने एक से बढ़कर एक भजन और झाकी प्रस्तुत किए।वहीं ग्रामीण माता का जयकारा लगाते हुए झूमते नजर आये।जागरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर एच के सिंह और आजसू पार्टी केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि में आजसू पार्टी से नित्यानंद कुमार,गनपत साव अशोक पाठक तथा कांग्रेस पार्टी के हरिदास साव,पूर्व मुखिया सुनीता देवी और पंसस अंजु देवी उपस्थित रहे।वहीं समिति अध्यक्ष आनंद मिश्रा उपाध्यक्ष आशीष ठाकुर सचिव सतीश कुमार साव कोषाध्यक्ष विकास ठाकुर इसके अलावे नटराज यादव,शंकर साव एवं ग्रामीणों में राज कुमार राम,समाज सेवी चंद्रदीप साव, फनु सिंह,उदय साव,महेश साव, विजय साव,मिथिलेश साव सहित सैकड़ों महिलाएं पुरुष एवं बच्चे शामिल रहे ।

## बड़कागांव पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर गैंग का किया भंडाफोड़ 6 मोटरसाइकिल सहित 4 अभियुक्त पुलिस की गिरफ्त में



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** बड़कागांव पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए मोटरसाइकिल चोर गैंग का भंडाफोड़ किया। बड़कागांव थाना कांड संख्या 350/23 धारा 379 के मामले में गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित करवाई करते हुए बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चला कर चोरी की गई अपाची मोटरसाइकिल जेएच 02एपी 1571 सहित दो काले रंग का 150 सीसी का पल्सर मोटरसाइकिल जेएच 24 ए 3867 तथा जेएच 02 एसी 6990 के साथ अप्राथमिक अभियुक्त बड़कागांव थाना क्षेत्र के ग्राम सांढ निवासी रूपेश कुमार पिता नरेंद्र कुमार और रौशन कुमार पिता कृष्ण कुमार को मोटरसाइकिल बिक्री की सूचना पर हजारीबाग सदर थाना छेत्र से बरामद किया गया। गिरफ्तार दोनो अभियुक्त की निशानदेही पर बड़कागांव थाना क्षेत्र के ग्राम शिवाडीह निवासी पप्पू कुमार पिता बिरेंद्र प्रसाद के घर से चोरी का हीरो स्पलेंडर जेएच 02 एयू 5043, बड़कागांव थाना क्षेत्र के ग्राम शिवाडीह निवासी अरविंद कुमार पिता उमेश प्रसाद के घर से चोरी का हीरो स्पलेंडर जेएच 02 ई 0522 तथा बड़कागांव थाना क्षेत्र के ग्राम बादम निवासी कासिफ पिता सफदर इमाम के घर से चोरी का होंडा शाइन जेएच 01 एएक्स 7652 को बरामद किया गया।

बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने बताया के इस मामले में अब तक 6 मोटरसाइकिल बरामद हुआ है। चार अभियुक्त रूपेश कुमार, रौशन कुमार, पप्पू कुमार और अरविंद कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। जो भी इस तरह के काम में संलिप्त पाया जाएगा उसके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी करवाई की जाएगी। छापेमारी दल में एसआई प्रदीप कुमार, एएसआई हादी खान, बसंत भगत सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## आईसेक्ट विश्वविद्यालय में सृष्टि सौंदर्य पेंटिंग का किया गया अनावरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** आईसेक्ट विश्वविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस के प्रमुख दीवार पर विश्वविद्यालय के फाइन आर्ट्स के विद्यार्थियों के द्वारा फाइन आर्ट्स की प्राध्यापिका एकता कुमारी के निर्देशन और विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद के मार्गदर्शन में बनाए गए सृष्टि सौंदर्य की मनमोहक चित्र का अनावरण विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ व अन्य के हाथों किया गया।

मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने इस अद्भुत चित्रकारी देख, इसे चित्रित करने वाले विद्यार्थियों नेहा कुमारी, निशि शर्मा, शैलेश सुमन, मंजू कुमारी, किरण कुमारी, पल्लवी राणा, पूनम मुर्मू, आनंद कुमार, पल्लवी कुमारी, ऋषिता कुमारी, सचिन गुप्ता, सिंह अर्पित, मुस्कान कुमारी, सक्षम चौहान व अन्य की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की प्रतिभा चित्र के माध्यम से स्पष्ट दिख रही है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की ओर से आने वाले समय में चित्रकारी प्रतियोगिता के भी आयोजन कराये जाएंगे, जिससे यहां के विद्यार्थियों में रचनात्मकता का विकास होगा, जो इनके प्रतिभा को और निखारेगा। चित्र को लेकर फाइन आर्ट्स की प्राध्यापिका एकता कुमारी ने कहा कि दरअसल यह चित्र अजंता-एलोरा से प्रभावित होकर बनाई गई है। उन्होंने कहा कि इस चित्र में बौद्ध, जैन और सनातन धर्म का मिश्रण, एकता दिखाने के दृष्टिकोण से किया गया है। साथ ही इस चित्र में सृष्टि सौंदर्य की झलक भी साफ तौर पर झलकती है, जो इस चित्र को बेहद खास बना देती है।

डीन एडमिन डॉ एसआर रथ ने भी इस आकृति को बेहद खास बताया और कहा कि यह चित्र अभिव्यक्ति सौंदर्य की भी मिसाल है। अनावरण के मौके पर विश्वविद्यालय के कई प्राध्यापक-प्राध्यापिकाएं व कर्मियों की मौजूदगी रही।

## भाजपा नेताओं ने अटल सेवा केंद्र में प्रेसवार्ता को किया संबोधित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हज़ारीबाग :** भाजपा कार्यालय अटल सेवा केंद्र में भाजपा हज़ारीबाग जिला अध्यक्ष अशोक यादव समेत अन्य भाजपा नेताओं ने प्रेसवार्ता को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने जनजातीय समाज के उत्थान व हज़ारीबाग लोकसभा के समग्र विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी व सांसद सह अध्यक्ष वित्त सम्बन्धी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा जी का आभार व्यक्त किया। ज्ञात हो कि 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती व झारखण्ड स्थापना दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री का राज्य में आगमन हुआ था। मोदी ने झारखण्ड के खूंटी से 15 नवंबर को पीएम जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान की शुरुआत की थी। इसके तहत मोदी सरकार आदिवासी समूहों और आदमी जनजातियों उत्थान करेगी। इनमें से ज्यादातर जनजातियां जंगल में रहती हैं। इस महाअभियान पर 24,000 करोड़ खर्च किये जायेंगे। इसके लिए सरकार ने लाखों की आबादी वाले 75 आदिवासी समुदायों और जनजातियों की पहचान की है, जो देश के 22 हज़ार से अधिक गाँव में रहती हैं। मोदी ने ही भगवान् बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मानाने की घोषणा की थी। यह हम सभी झारखण्ड वासियों के लिए गौरव की बात है।भाजपा नेताओं ने बताया कि हज़ारीबाग लोकसभा में आदिवासियों को मोदी सरकार अनेक लाभ पहुंचा रही है। सांसद जयंत सिन्हा के प्रयास इसमें अहम भूमिका निभा रहे हैं। उनके प्रयासों से विनोबा भावे विश्वविद्यालय में ?8 करोड़ की लागत से सेण्टर फॉर ट्राइबल स्टडीज का निर्माण हो रहा है। इस केंद्र में आदिवासी कलाओं और संस्कृतियों पर शोध किया जायेगा।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा के पंचायत स्तरीय कमिटी का हुआ गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के कांडतरी पंचायत अंतर्गत ग्राम महूदी में संगठन मजबूती को लेकर झामुमो का पंचायत स्तरीय बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता फूलचंद राम एवं संचालन रवि महतो ने किया। बड़कागांव मुख्य संयोजक संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में पंचायत कमेटी का गठन किया गया।

प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, रश्मि टुडू, इंद्रदेव राम ,उपस्थित हुए। संजय सिंह के द्वारा पंचायत कमेटी को घोषणा की गई। जिसमें अध्यक्ष रवि महतो, उपाध्यक्ष विनय महतो, अशोक कुमार राम, जितेंद्र राम, भरत पासवान, सचिव रामवृक्ष राम, संयुक्त सचिव रोहन महतो, रोहन महतो, आशीष करमाली, पारा महतो, सुरेंद्र महतो, संगठन सचिव रमेश महतो, कोषाध्यक्ष कैलाश राणा, कार्यकारिणी सदस्य राजेश पासवान, रघु बिरहोर, विनोद बिरहोर, सुरेश बिरहोर, अजहर हुसैन, सौरभ कुमार कांत, सोनू महतो, अहमद राजा, जितेंद्र करमाली, मो इमरान, राजकुमार राणा, मुंशी महतो, सुरेंद्र महतो, कामेश्वर राम, बुधन राम इत्यादि को बनाया गया। मौके पर संजय सिंह ने कहा हेमंत सरकार अपने वादे के अनुसार आबुआ आवास योजना, दिशोम वीर आबुआ अभियान के तहत गरीब महिला पुरुष को अधिक से अधिक लाभ देने का कार्य कर रही है। मौके पर मुख्य रूप से मो हुसैन, खेमलाल भुईयां, भोला प्रसाद दांगी, विनय महतो, रोहन महतो, अरुण पासवान, राकेश महतो, सत्येंद्र करमाली, मो शब्बीर, मुंशी महतो, माधो भुईयां सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## एमेज़ॉन ने ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (एआईसीटीई) के साथ मैमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किया



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एमेज़ॉन इंडिया ने ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (एआईसीटीई) के साथ एक मैमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (MO) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के अंतर्गत एमेज़ॉन इंडिया देश में अपने एमेज़ॉन WoW (वीमैन ऑफ द वर्ल्ड) अभियान का विस्तार करेगा। यह इनोवेटिव प्रोग्राम भारत में इंजीनियरिंग कॉलेजों में पढ़ने वाली महिला विद्यार्थियों को टेक्नॉलॉजी उद्योग में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस MOU पर हस्ताक्षर एमेज़ॉन में डायरेक्टर - स्टूडेंट प्रोग्राम्स, सुमन यादव और एआईसीटीई की ओर से प्रोफेसर टी जी सीतारमन, चेयरमैन, एआईसीटीई, भारत सरकार द्वारा किए गए। एमेज़ॉन WoW अभियान महिला विद्यार्थियों को एमेज़ॉन समुदाय के साथ सुगमता से कनेक्ट होने, गहन स्किल डेवलपमेंट सेशंस में शामिल होने और समृद्ध संसाधनों की उपलब्धता पाने के लिए एक डायनामिक प्लेटफॉर्म प्रदान करता है। देश में टेक्निकल शिक्षा के लिए एपेक्स बॉडी, एआईसीटीई के साथ इस सामरिक गठबंधन द्वारा एमेज़ॉन महिला विद्यार्थियों को आवश्यक टूल्स और ज्ञान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि वो टेक्नॉलॉजी के लगातार विकसित होते परिदृश्य में सफलता की ओर बढ़ सकें। टेक सेक्टर में प्रतिभाओं का विकास करने के एमेज़ॉन और एआईसीटीई के साझा उद्देश्य के साथ उद्योग एवं सरकार के बीच यह गठबंधन महिलाओं को औद्योगिक लीडर्स, टेक्नॉलॉजिस्ट्स एवं एक समान मानसिकता वाले सहकर्मियों के साथ संलग्न होने में मदद करेगा, साथ ही, उनमें करियर केंद्रित कौशल का विकास करेगा। इस MO द्वारा एमेज़ॉन भारत में अगली पीढ़ी की वीमैन टेक लीडर्स और इनोवेटर्स को समर्थ बनाने एवं प्रेरित करने की अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित कर रहा है।

## नहाय खाय के साथ शुरू हो गया आस्था का महापर्व, खरना आज



**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आस्था का महापर्व छठ शुक्रवार को नहाय खाय के साथ शुरू हो गया. चार दिनों तक चलने वाले इस महापर्व के पहले दिन व्रतियां नहा धोकर स्वच्छता से शुद्ध चुल्हे पर अरवा चावल, चना दाल और कद्दू की सब्जी बनाई. भगवान सूर्य को भोग लगाने के बाद छठव्रती स्वयं ग्रहण की. इसे प्रसाद स्वरूप परिजनों तथा आस पड़ोस के बीच भी बांटा गया. व्रतियों के घर तथा चौक-चौराहों पर छठ गीत बजने शुरू हो गए है. नेम निष्ठा से गेहूं की सफाई की गई. जिन व्रतियों के आसपास जांता उपलब्ध था, वे जांता में ही गेहूं पीसी. आटा चक्की संचालक भी चक्कियों को धोकर छठ का गेहूं पीसने के लिए तैयार रखे हैं. प्रसाद बनाने के लिए व्रतियों के परिजन आम की लकड़ी ढूंढते दिखे. छठव्रतियो ने महाअनुष्ठान के लिए पवित्रता के साथ गेहूं धोकर सुखाया. पूजा का कोई भी सामग्री जूठा अथवा अपवित्र न हो जाय इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है. फल के खुदरा विक्रेता भी मंडी से लाकर फलों का भंडार कर लिए हैं ताकि छठ व्रतियों को फल की कमी न हो.

**सूप 100 से 150 रूपए और दउरा 200 से 600 रूपए बिक रहे**

**खलारी :** खलारी का मोहननगर साप्ताहिक हाट शुक्रवार को छठ सामग्री से भरा हुआ था. छठव्रतियों के स्वजन सूप, दउरा, फल, आदि समान खरीदे. बाजार में सूप-दउरा की खूब बिक्री हुई.बाजार में सूप 100 रूपये से 150 रूपये, दउरा 200 से 600 रूपये, टोकरी 150, पंखा 20 रुपये, नारियल 20 रुपये प्रति नग, सेब 500 से 750 रुपय प्रति पेटी, केला कांधी 400 से लेकर 900 रुपये, संतरा 900 से लेकर 1300 रुपये पेटी, गुड़ 80 रुपये, सरीफा 80 रुपये प्रति किलो, सिंघाड़ा 120 रूपया प्रति किलो, किशमिश 250 रुपये, घी 650 से 700 रुपये किलो, ईख 30 रुपये प्रति नग के हिसाब से बिक्री की जा रही है।

## तमाड़ लोक आस्था का महापर्व छठ का अनुष्ठान प्रारंभ

**तमाड(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र में लोक आस्था का महापर्व का चार दिवसीय अनुष्ठान नहाय-खाय से शुरू हो गया है। छठ व्रतियों ने पूरी शुद्धता से कद्दू-भात का प्रसाद बनाया। इसको लेकर सभी छठ व्रतियों ने सुबह से ही स्नान-ध्यान कर शुद्ध मन से कद्दू की सब्जी, चावल और चने की दाल का प्रसाद बनाकर ग्रहण करते हुए भगवान सूर्य की अराधना किए। तमाड़ में पूरा माहौल छठमय हो चुका है। घरो में मेहमानों का आना शुरू हो चुका है। कई संस्थाओ द्वारा छठ घाट में शिविर लगाकर अर्ध्य के लिए दुध और पूजन सामग्री का वितरण करते है।

## कर्रा आकांक्षी प्रखंड के सूचकांक में सकारात्मक विकास व लक्ष्य प्राप्ति हेतु विशेष बैठक

**कर्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीएचसी कर्रा में शुक्रवार को बीडीओ स्मिता नागेशिया की अध्यक्षता पर आकांक्षी प्रखंड के सूचकांक में सकारात्मक विकास वा लक्ष्य प्राप्ति के लिए समीक्षा बैठक की गयी. जिसमें जिला के पदाधिकारी, शिक्षा प्रसार पदाधिकारी चिकित्सक प्रभारी कार्य, क्षमा पर्यवेक्षक,सीडीपीओ कर्रा, तथा पिरामल फाउंडेशन से लोग शामिल थे. जिसमें आकांक्षी प्रखंड के सूचकांक को सुधारने हेतु आवश्यक निर्देश तथा कार्यवाही सुनिश्चित की गयी. जिसमें कुपोषण (स्डुद्व)को कम करने पर चर्चा तथा निर्देश दिए है.विद्यालय में पुस्तकालय का संचालन एवं सक्रियता बढ़ने की नीति बनायी गयी तथा आवश्यक निर्देश पारित किए गए. प्रखंड विकास पदाधिकारी स्मिता नागेशिया ने तीनों विभागों से सक्रिय भागीदारी निभाने का निर्देश देते हुए आकांक्षी प्रखंड को जल्द ही विकसित एवं प्रेरणादायक प्रखंड बनाने का सकारात्मक विचार प्रकट किया. साथ ही विभिन्न विभागों को आपस में सामंजस्य स्थापित करते हुए सर्वांगिक विकास पर जोर दिया ।

# उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुई डीसीसी एवं डीएलआरसी की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** शुक्रवार को जिला समाहरणालय सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो कुमार की अध्यक्षता में जिला परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान सबसे पूर्व अग्रणी जिला प्रबन्धक संजीव कुमार के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में विभिन बैंकों द्वारा प्राप्त की गई उपलब्धियो की जानमारी दी गयी जिसके उपरांत उप विकास आयुक्त ने सभी बैंकों की जमा साख अनुपात की समीक्षा की। इस दौरान वार्षिक साख योजना के तहत प्राप्त उपलब्धि, सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, केसीसी आदि के अंतर्गत प्राप्त प्रगति की बैंकवार समीक्षा की गई। बैठक में शिक्षा ऋण, हाउसिंग लोन, डेयरी लोन, पोल्ट्री फार्मिंग, मछली पालन आदि के लिए दिए गए ऋण, वित्तीय समावेशन के अंतर्गत सामाजिक सुरक्षा योजना जैसे अटल पेंशन योजना, सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति योजना आदि की समीक्षा की गई।बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने सभी बैंकों को अपनी जमा साख अनुपात में वृद्धि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।जेएसएलपीएस के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को उपलब्ध कराए जाने वाले बैंक लिंकेज के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने सभी बैंक प्रतिनिधियों को संबंधित मामलों पर विशेष ध्यान देते हुए सभी मामलों को समय से निष्पादित करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत बैंक वार दिए गए लक्ष्य के तहत लाभुकों को उपलब्ध कराए गए ऋण की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने बैंक प्रतिनिधियों को प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध शत-प्रतिशत कार्य संपन्न करने का निर्देश दिया। किसानों को उपलब्ध कराए जाने वाले केसीसी के तहत जिला स्तर पर प्राप्त हुए आवेदनों के तहत बैंकों द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने जिन आवेदनों को अब तक निष्पादित नहीं किया गया है उन पर कार्य करते हुए सभी योग्य

## उपायुक्त के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने किया छठ घाट का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आगामी छठ पर्व के शांतिपूर्ण व सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी शीलवंत कुमार भट्ट सहित सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी/ अंचल अधिकारियों आदि के द्वारा विभिन्न छठ घाट का निरीक्षण कर तैयारी का जायजा लिया गया। निरीक्षण के क्रम में घाट पर साफ सफाई, सुरक्षा, पब्लिक एड्रेस सिस्टम आदि का जायजा लेने के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों के द्वारा सभी छठ पूजा समिति के सदस्यों को जिला प्रशासन के साथ समन्वय रखते हुए पर्व सम्पन्न कराने, सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया वहीं किसी भी प्रकार की अफवाह सामने आने पर त्वरित रूप से इसकी जानकारी जिला प्रशासन अथवा नजदीकी थाना में देने का निर्देश दिया गया।

## छठ महा पर्व से पूर्व घाटों की हो पूर्ण साफ सफाई : विधायक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** जिला उपयुक्त रामगढ़ चंदन कुमार से विधायक सुनिता चौधरी ने मिलकर छठ महा पर्व को लेकर छठ घाट की पूर्ण साफ सफाई एवं छठ वर्तियो के लिए स्नान घर एवं धर्म प्रेमीयो के लिए चलनत शौचालय की व्यवस्था करने और नाव में गोता खोर से निगरानी करने ताकि किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना धर्म प्रेमियों को न उठाना पड़े और बिजुलिया तलाब चारों ओर किनारे के खराब लाईट को दुरुस्त कराएं और मार्ग में उचित लाईट की वयवस्था करे ताकि किसी भी तरह को कोई अप्रिय घटना न हो सके क्योंकि छठ महा पर्व मैं बिजुलिया तालाब एवं दामोदर नदी घाट के दोनो तरफ में काफी श्रद्धालुओं की संख्या रहती है संध्या अरग के दिन बड़ी वाहनों का प्रवेश बंद रहे और सुबह की अरग के दिन भी । ओर साथ ही छावनी परिषद के कई सड़क जैसे मुख्य रूप से नेहरू रोड मुख्य मार्ग और बिजुलिया तलाब रोड ओर भी कई सड़क जो की काफी छती ग्रस्त हो गई है उसे जल्द उचित कार्रवाई करते हुए इसका समाधान करने का आग्रह किया । इस मौके पर विधायक सुनीता चौधरी के साथ जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी मौजूद थी ।

## कर्रा प्रखंड के प्रसिद्ध सरदुल्ला पडहा जतरा सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** प्रखंड के बमरजा पंचायत के सरदुल्ला गांव में प्रत्येक वर्ष लगने वाला सुप्रसिद्ध पडहा जतरा शुक्रवार को सम्पन्न हुआ.सुप्रसिद्ध पारंपारिक पड़हा जतरा पर पायल ग्रुप आर्केस्ट्रा रांची द्वारा रंगारंग नागपुरी, ठेठ व आधुनिक गीत आकर्षण का केन्द्र रहा. पारंपरिक पड़हा जतरा में मुख्य अतिथि खूंटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा एंव विशिष्ट अतिथि बमरजा मुखिया अनूप कुजूर उपस्थित थे.इस अवसर पर विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि जतरा में पूर्वजों का गरिमा झलकता है. पड़हा जतरा हमारे पूर्वजों द्वारा लगाया गया था, जिसे आज भी परंपरा को हमलोग बखुबी निभा रहें हैं.विधायक ने कहा की हमलोग का क्षेत्र बहुत ही खुबसूरत है, जंगल झाड़ सजा हुआ है, हमलोग अपने राज्य के अलावे अपने संस्कार और संस्कृति को भी संजोकर रखना होगा.उन्होंने कहा कि पहले इस क्षेत्र में बिजली, पानी, रोड़ काफी गंभीर समस्या था, लेकिन आपलोगो का आशिर्वाद से मैं विधायक और मंत्री बना अधिकतर समस्या का समाधान किया. उन्होंने कहा कि हमलोग ढिबरी युग से निकलकर बिजली युग में जी रहे हैं.वही विशिष्ठ अतिथि मुखिया अनुप कुजूर ने कहा की पारंपारिक पड़हा जतरा में आदिवासी, मूलवासी का परम्परा झलकता है.इसके पूर्व पारंपारिक जतरा के पूर्व पूजा स्थल पर सरदुला गांव के परम्परागत पुजारी बैजनाथ पहान द्वारा रंगुवा मुर्गा का पूजा करके प्रत्येक वर्ष कि तरह पारंपारिक पड़हा जतरा लगाया गया. पारंपारिक पड़हा जतरा मेला में रंग-बिरंगी मिठाई,फल सब्जी,सिंगार, खिलौने व फुचका चार्ट कि दुकानें लगायी गयी।

## बुंडू में माकपा की उलगुलान महारैली और जनसभा संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बुंडू :** रांची जिला अंतर्गत बुंडू के रमेश मुंडा स्मारक प्लस टू विधालय के प्रांगण से मौसी बाड़ी बुंडू तक हजारों की संख्या में महिला पुरुष माकपा का झंडा लेकर नारेबाजी करते हुए पहुंचे और ये जूलूस सभा में तब्दील हो गया।झारखंड की धरती से ही हमारे राष्ट्रीय आंदोलन की शुरूआत हुयी थी और 1855 में सिदो - कान्हो के नेतृत्व में आयोजित संताल हूल ने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम की आधारशिला रखने का काम किया।लेकिन आज झारखंड की जमीन, जंगल और खनिज की लूट हो रही है और कार्पोरेट घरानों को फायदा पहुंचाया जा रहा है इसलिए एक और उलगुलान की तैयारी करनी होगी।भाजपा और आरएसएस को बिरसा जयंती मनाने का अधिकार नहीं है क्युंकि इन्होंने अंग्रेजों की गुलामी की है ये तमाम बातें आज सीपीआई (एम) द्वारा बुंडू में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए पार्टी के पोलित ब्यूरो सदस्य और अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अशोक धावले ने मौजूदा केंद्र सरकार पर जोरदार हमला करते हुए कही।उन्होंने महाराष्ट्र के किसान लांग मार्च की चर्चा करते हुए बताया कि पचास हजार किसानों ने नासिक से 200 किलोमीटर दूर मुंबई के लिए कूच किया जिससे महाराष्ट्र की भाजपा सरकार घबरा गई और उन्हें किसानों की सभी मांगों को मानना पड़ा. उसी प्रकार देशव्यापी किसान आंदोलन ने मोदी सरकार द्वारा लाए गए तीन कृषि कानूनों को वापस कराने में जीत हासिल की।सभा को संबोधित करते हुए पार्टी के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि हेमंत सरकार को अपने घोषणाओं के अनुरूप प्रशासनिक दक्षता बढ़ाना चाहिए ताकि घोषणाओं को धरातल पर उतारने में सफलता हासिल हो सके।

# छठ पर्व के मद्देनजर उपायुक्त ने किया विभिन्न घाटों का निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** छठ पर्व के शांतिपूर्ण व सफल आयोजन के मद्देनजर शुक्रवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने विभिन्न छठ घाट का निरीक्षण किया। मौके पर उपायुक्त ने छठ घाटों में साफ सफाई का जायजा लेते हुए श्रद्धालुओं के आने जाने के मार्ग, घाट पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। मौके पर उपायुक्त ने संबंधित घाटों के छठ पूजा समिति के सदस्यों से उनके द्वारा की जा रही तैयारी की जानकारी ली। उपायुक्त ने सभी से पर्व के दौरान सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने एवं वॉलिंटियर्स के माध्यम से सफलतापूर्वक पर्व संपन्न कराने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए वही उपायुक्त ने पर्व के दौरान सभी से किसी भी प्रकार की कोई अफवाह सामने आने पर त्वरित इसकी जानकारी जिला प्रशासन अथवा नजदीकी थाना को देने की अपील की। पर्व के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के घाट तक आने को लेकर उपायुक्त ने योजनाबद्ध तरीके से ट्रैफिक प्रबंधन करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए वहीं उपायुक्त ने सुरक्षा दृष्टिकोण से सभी घाटों पर पर्याप्त संख्या में गोताखोरों, नौका आदि की व्यवस्था रखने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने नदियों तथा अन्य जलाशयों में बैलून आदि के माध्यम से सुरक्षा जोन की बेरीकेटिंग करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों को उपायुक्त ने पूरे पर्व के दौरान उनके उनके क्षेत्र में हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया वहीं अधिकारियों को उनके उनके क्षेत्र के छठ पूजा समिति के सदस्यों व वॉलिंटियर्स के साथ संपर्क में रहकर नियमित रूप से जानकारियां आदान-प्रदान करने का निर्देश दिया। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़, कार्यपालक दंडाधिकारी सह नजारत उपसमाहर्ता, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद रामगढ़, प्रखंड विकास पदाधिकारी रामगढ़ सहित अन्य उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने सुनी जनता की समस्याएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** शुक्रवार को उप विकास आयुक्त रामगढ़ रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला आपूर्ति कार्यालय अंतर्गत संचालित योजना से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो ने उपस्थित सभी को जिला आपूर्ति कार्यालय अंतर्गत संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिसपर उप विकास आयुक्त ने नये राशन कार्ड हेतु प्राप्त आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर जांच करते हुए उन्हें निष्पादित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के स्तर पर लंबित आवेदनों की सूची सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को उपलब्ध कराते हुए उन्हें जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया।आधार सीडिंग एवं मोबाइल सीडिंग के समीक्षा के क्रम में उप विकास आयुक्त ने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को आधार एवं मोबाइल सीडिंग संबंधित डाटा कलेक्ट करते हुए उसे पोर्टल पर एंट्री करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को इस माह का राशन जल्द से जल्द लोगों के बीच वितरीत करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने मुख्यमंत्री दाल-भात योजना के तहत संचालित केन्द्रों का नियमित रूप से मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी चितरपुर, अंचल अधिकारी गोला, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी, एसएमपीओ सहित अन्य उपस्थित थे।


## कार्यालय नगर परिषद्, लोहरदगा

अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 11/2023–24 Corrigendum {PR 310278 (Lohardaga) 23-24 (D)}

| Sl. No. | Procurement Officer | date of tender publish on website | Availability of tender on line for bidding | | Place, Date & time of opening bid. |
|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F |
| 1. | Executive officer Nagar Parishad, Lohardaga | 03-11-2023 Time 10:30 AM | Bid downloading Date-03-11-2023 Time 11:00 A.M To Date 16-11-2023 Time 5:00 P.M. | Bid submission Date- 03-11-2023 Time 11:30 P.M To Date 16-11-2023 Time 5:00 P.M. | N.P. Lohardaga Date- 17-11-2023 Time 05:00 P.M |

**Corrigendum**

| Sl. No. | Procurement Officer | date of tender publish on website | Availability of tender on line for bidding | | Place, Date & time of opening bid. |
|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F |
| 1. | Executive officer Nagar Parishad, Lohardaga | 03-11-2023 Time 10:30 AM | Bid downloading Date-03-11-2023 Time 11:00 A.M To Date 24-11-2023 Time 5:00 P.M. | Bid submission Date- 03-11-2023 Time 11:30 P.M To Date 24-11-2023 Time 5:00 P.M. | N.P. Lohardaga Date- 25-11-2023 Time 05:00 P.M |

**Further details can be seen on website http://Jharkhandtenders.gov.in Administrator**

PR 311500 (Lohardaga)23-24*D **Nagar Parishad, Lohardaga**



## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़

**प्रेस-विज्ञप्ति**

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –07/R1/2023-24/RWD/RAMGARH जिसका PR No. 311052 (Rural Work Department) के द्वारा निविदा प्रकाशित की गई थी जिसको अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, रामगढ़।

PR.NO.311549 Rural Work Department(23-24):D



## कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, सिमडेगा

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

सिमडेगा जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (MGNREGA) के तहत योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु जॉब कार्ड के पिछले पृष्ठ पर लोकहित में जानकारी मुद्रण हेतु जॉब कार्ड की छपाई, की आपूर्ति करने के लिए अनुभवी प्रतिष्ठित संस्थान से मोहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता दिनांक 21.11.2023 को पूर्वाहन् 10.00 बजे से अपराहन् 2.00 बजे तक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, सिमडेगा के कार्यालय में निविदा पेटी पर निविदा डाल सकते है। दिनांक 21.11.2023 को अपराहन् 3.00 बजे उप विकास आयुक्त–सह–अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, सिमडेगा के कार्यालय कक्ष में जिलास्तरीय क्रय समिति द्वारा निविदा खोला जायेगा, जिसमें निविदादाता स्वयं अथवा उनके प्रतिनिधि भाग ले सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

- निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
- निविदा के शर्त्तो को सरकारी अनुदेशों के आलोक में या व्यवहारिक परिस्थितियों में संशोधित भी किया जा सकता है।
- उपरोक्त निविदा संबंधी तकनीकी बीड के आवश्यक शर्त्ते को जिले के वेबसाईट www.simdega.nic.in पर देखा जा सकता है।

निदेशक,
लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन,
जिला ग्रामीण विकास अभिकरण,सिमडेगा

PR 311592 Rural Development(23-24).D



## अनुमण्डल दण्डाधिकारी-सह-अनुमण्डल पदाधिकारी का कार्यालय, खूँटी
(गोपनीय शाखा)

**आस्था का महापर्व छठ-2023 के अवसर पर अपील**

एतद् द्वारा सर्वसाधारणों को सूचित करना है कि आगामी आस्था का महापर्व छठ दिनांक 19.11.2023 एवं 20.11.2023 को मनाया जाएगा। छठ महापर्व के अवसर पर दिनांक 19.11.2023 को संध्या में सूर्यास्त के समय एवं दिनांक 20.11.2023 को प्रातः सूर्योदय के समय विभिन्न छठ घाटों यथा तालाब/नदी/झील/बांध/जलाशय आदि में भगवान सूर्य को अर्घ देकर पूजा–अर्चना की जाती है। उक्त अवसर पर छठ घाटों यथा तालाब/नदी/झील/बांध /जलाशय में श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों की काफी भीड़ होती है। छठ घाटों में श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों की काफी भीड़ होने के कारण आकस्मिक दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है।

अतः सूर्योपासना का महा पर्व छठ को लेकर विशेष सतर्कता हेतु जिला प्रशासन अपील करती है कि:–

- सूर्योपासना का महा पर्व छठ में दिनांक 19.11.2023 को अस्ताचलगामी सूर्य को प्रथम अर्घ तथा दिनांक 20.11.2023 को उदयगामी सूर्य को द्वितीय अर्घ देने हेतु छठव्रतियों एवं दर्शनार्थियों का छठ घाटों में काफी भीड़ होगी, इस हेतु छठ घाटों में शांति/आपसी सौहार्द बनाये रखें।
- स्थानीय छठ घाट समितियों से अपील है कि कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, खूँटी से सम्पर्क स्थापित कर भगवान सूर्यदेव को अर्घ देने वाले सभी छठव्रतियों के लिए छठ घाट में अलग–अलग स्थान चिन्हित कर लेंगे, ताकि छठ पर्व के दौरान छठ घाट में स्थान को लेकर किसी भी छठव्रतियों का आपसी मतभेद न हो।
- सूर्योपासना का महापर्व छठ एक पवित्र त्योहार है, इस हेतु छठ घाटों को साफ–सफाई रखने में आवश्यक सहयोग करें।
- छठ घाटों में अर्घ के समय काफी भीड़ रहती है, सुरक्षा के दृष्टिकोण से अपने बच्चों को अनावश्यक भीड़–भाड़ वाले स्थानों में न ले जाएँ।
- छठ घाटों में जिला प्रशासन द्वारा दिये गये सुरक्षा चिन्ह स्थानों से अन्यत्र स्थानों में प्रवेश न करें।
- छठ घाटों में छठ ब्रतियाँ अर्घ के समय तालाब/नदियों में पानी की गहराई का अन्दाजा लगाये वगैर पानी में प्रवेश न करें।
- छोटे–छोटे बच्चों के जेब में उनका नाम, पिता का नाम, मोबाईल संख्या एवं पूरा पता लिखा हुआ पर्ची अनिवार्य रुप से रखें।
- किसी प्रकार का अफवाह न फैलायें। अफवाह की सूचना प्राप्त होती है तो यथाशीघ्र जिला प्रशासन को सूचित करें तथा उसका सत्यापन करें, भगदड़ न मचायें। छठ पर्व के दौरान सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखें।
- छठ घाटों पर दुषित खाद्य व पेय पदार्थ का सेवन न करें तथा छठ घाटों में धुम्रपान न करें।
- नदी/तालाबों के आस–पास गंदगी न फैलायें। छठ घाट/सार्वजानिक स्थानों में पटाखें जलाने में परहेज करें।
- लावारिस वस्तु पाये जाने पर छेड़–छाड़ नहीं करें, अपितु जिला प्रशासन/अनुमण्डल पदाधिकारी, खूँटी को (मो0 9431389560) तत्काल सूचित करें।
- छठ पर्व के दौरान किसी भी प्रकार के वारदात/दुर्घटना/आगलगी की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस/नियंत्रण कक्ष (06528–221755) को सूचित करें।
- अग्निशमन एवं एम्बुलेंस को रास्ता देने में विलम्ब न करें। सार्वजानिक स्थानों में न थुकें।
- छठ पर्व के दौरान छठ घाटों में किसी असामाजिक तत्वों द्वारा अर्घ देने वाले स्थानों पर किसी भी प्रकार का गंदगी फैलाई जाती है, तो इसकी सूचना तत्काल प्रशासक, नगर पंचायत खूँटी के **मोबाईल नं0 799225387** पर दें, ताकि ससमय इसकी निराकरण किया जा सके।
- आपकी सुरक्षा आपके हाथों में है। असावधानी से दुर्घटना हो सकती है।

अनुमण्डल दण्डाधिकारी
खूँटी

PR 311521 District (23-24)_D

## टीएमसी नेता मुख्तार ने वर वधु को दिया आशीर्वाद



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गोविंदपुर स्थित बरवा मे मो. असगर अली अंसारी उर्फ ख्वाजा की पुत्री तमन्ना खातून और उनके पति मो. अकबर अंसारी के विवाह समारोह के मौके पर ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार अहमद ने विवाह स्थल पर पहुंच कर वर वधु को उपहार एवं आशीर्वाद दिया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर टीएमसी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ धनबाद के जिला अध्यक्ष नसीम अंसारी, समाजिक कार्यकर्ता हाजी ज़मीर आरिफ, शादाब आलम, नुमान खान, अनवर अंसारी, नासीर अंसारी, सफीक अंसारी, सत्तार अंसारी, मुख्तार अंसारी, अशरफ अंसारी, वसीम अंसारी, रियाज अंसारी, सेराज अंसारी, सर्फुद्दीन अंसारी, शहाबुद्दीन अंसारी आदि मौजुद थे।

## बाबा भयहरणनाथ मंदिर निर्माण में मुखिया ने सीमेंट देकर किया सहयोग



**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाबा भयहरण नाथ के प्रांगण में मंदिर निर्माण समिति हाड़ोडीह मानजोरी चकरदाहा के समक्ष चपुआडीह पंचायत के चैंपियन मुखिया मो. शमीम को पहुंचकर निर्माणधीन मंदिर के लिए सीमेंट देकर सहयोग किया । इस मौके पर मंदिर निर्माण समिति सदस्यों ने कहा कि भव्य मंदिर का निर्माण किया जा रहा है समाजसेवी सहित अन्य दानदाताओं के सहयोग से बन रहा यह मंदिर श्रद्धालुओं के लिये आस्था का केन्द्र होगी। यह केवल मंदिर नहीं, यहाँ सभी की श्रद्धा और भक्ति लगी हुई है। जन-सहयोग के इन प्रयासों के लिए चपुआडीह पंचायत के चैंपियन मुखिया शमीम को हृदय से अभिनंदन करता हूँ और बधाई देता हूँ। मुखिया समीम ने बाबा भयहरण नाथ के दर्शन कर सभी की सुख-समृद्धि, रिद्धि-सिद्धि और कल्याण की प्रार्थना की ।

## सहायक शिक्षक के निधन पर पूर्व विधायक नागेंद्र महतो ने जताया शोक



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के शाखाबारा पंचायत अंतर्गत ग्राम चितनखारी निवासी 42 वर्षीय सहायक शिक्षक राजेश कुमार शर्मा का शुक्रवार को अहले सुबह आकस्मिक निधन हो गया था, जिसकी सूचना मिलते हीं बगोदर विधानसभा के पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो मृतक के आवास पर पहुंच कर मृतक के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों को ढाढस बंधाया। आपको बता दें कि जुठाहाआम मोड़ पर स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बतौर सहायक शिक्षक पद पर कार्यरत मृतक विगत कुछ दिनों से बीमार चल रहा था। इस बीच पूर्व विधायक श्री महतो ने परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा देते हुए कहा कि वे कर्मठ और योग्य शिक्षक थे। समाज में उनकी काफी इज्जत थी। उनके निधन से शिक्षा जगत को अपूरणीय क्षति हुआ है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि महेन्द्र कुमार यादव, रमा शंकर ठाकुर, पारा शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा, राम कृष्ण वर्मा, महामंत्री सुरेन्द्र यादव, जर्नादन सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## श्री श्री सार्वजनिक छठ पूजा समिति ने व्रतियों के बीच कद्दू बांटे

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को लोक आस्था के महापर्व पर नहाय खाय के दिन श्री श्री सार्वजनिक छठ पूजा एवं अखंड हरि किर्तन समिति और भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा तीसरा क्षेत्र के एमओसीपी तीसरा ऑफिस के समीप लोगों के बीच कद्दू का वितरण किया गया।

## विस्फोटक पदार्थ को साथ लेकर रेल यात्रा नही करने की अपील

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** अपने ट्रेन यात्रा के अनुभव को यादगार बनाएं । हम आपकी सुखद और सुरक्षित यात्रा की कामना करते हैं। सभी रेल यात्रियों से अनुरोध है कि वे किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे गैस सिलेंडर, पेट्रोल, डीजल और केरोसिन, स्टोव, माचिस, सिगरेट लाइटर और पटाखों सहित किसी भी विस्फोटक पदार्थ को साथ लेकर रेल यात्रा न करें । रेलवे अधिनियम 1989 की धारा 67, 164 और 165 के अनुसार, रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील और विस्फोटक सामग्री ले जाना एक दंडनीय अपराध है, अगर आप ऐसा करते पाए गए तो 1,000 रूपए तक का जुर्माना या तीन साल तक की कैद या दोनों का प्रावधान है।

# नहाय खाय के साथ शुरु हुआ लोक आस्था का महापर्व छठ, लोगों में उत्साह





प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** शुक्रवार को नहाय खाय के साथ लोक आस्था का महापर्व छठ शुरू हो गया है। लोग बड़ी संख्या में छठ का व्रत रखते हैं। सुबह से ही व्रती नहाय खाय की तैयारी में जुटे रहे। कद्दू भात की तैयारी में व्रती सुबह से लगे हुए दिखे। हाट बाजारों मे कद्दू के साथ साथ विभिन्न पूजन सामग्री और फल खरीदने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी रही। कद्दू भात के बाद शनिवार को लोहंडा यानी खरना है। लोहंडा की पूजन विधि के बाद छठ व्रतियों के द्वारा प्रसाद ग्रहण किया जाएगा। प्रसाद ग्रहण के बाद से छठ व्रती 36 घंटे का निर्जला उपवास रखेंगी। इसके बाद रविवार को पहला अर्घ्य की तैयारी में श्रद्धालु जुट जाएंगे। विभिन्न छठ घट पर पहला अर्घ्य अस्तचलगामी सूर्य को देंगे। इसके बाद अगले दिन सोमवार की सुबह उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही छठ का समापन हो जायेगा।

## झरिया वासियों को छठ पूजा में नही मिल रहा है पानी



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झामाडा जल संयंत्र केन्द्र जामाडोबा का 30 इंच के मेन राइजिंग पाइप में देर रात को प्लांट में लीकेज हो जाने से जलापूर्ति बाधित रहा। आस्था का महा पर्व छठ पूजा के मौके पर झरिया वासियों को जलापूर्ति नही होने से छठ व्रतियों में रोष व्याप्त है। मालूम हो कि जल संयंत्र केन्द्र से झरिया जल मीनार में 30 इंची पाइप लाइन के माध्यम से पानी भेजा जाता हैं। जहां से लोगों को जलापूर्ति कि जाती है। इसी क्रम मे रात में प्लांट में ही ज्वाईंट से पहले ही पाइप में बड़ी मात्रा कि दायरे में लीकेज हो गया है। फलतः पाइपलाइन कि अधिकांश पानी का बहाव 5 फिट जमीन के अंदर होने लगी जिसके कारण जलमीनार में पानी कि आपूर्ति प्रभावित हुई। पाइप लाइन के लीकेज के बाद 12 एमजीडी के जल भंडारण गृह से पानी की आपूर्ति ठप हो जाने से झरिया वासियों को होने वाली जलापूर्ति ठप हो गया। पाइपलाइन कि लीकेज कि सूचना मिलने पर जल संयंत्र केन्द्र के कनीय अभियंता आशुतोष राणा के निगरानी में मरम्मत कार्य किया जा रहा है। श्री राणा ने बताया है की जल्द ही मरम्मत कार्य पूरा कर झरिया वासियों को पानी का सप्लाई होगा। छठ पूजा के बाद 18 इंची पाइप लाइन की सप्लाई बंद होगी।

## पिंटू सिंह ने पूर्व मध्य रेल के नए महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** शुक्रवार को पूर्व मध्य रेल के जोनल रेल मेंबर पिंटू कुमार सिंह ने हाजीपुर मुख्यालय में पूर्व मध्य रेल के नए महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल का स्वागत किया। पिंटू कुमार सिंह ने महाप्रबंधक खंडेलवाल को यात्रियों की समस्याओं से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। श्री खंडेलवाल ने पिंटू को बताया कि यात्री सुविधा को बेहतर करना रेलवे की प्राथमिकता में शामिल है। आपके द्वारा सुझाए गए यात्रियों की समस्याओं को जल्द ही हल करने का प्रयास किया जाएगा। सौंपे गए मांगों में 1. धनबाद से पटना एवं कोलकाता के लिए एक वंदे भारत ट्रेन का परिचालन किया जाय। 2. धनबाद रेल मण्डल से बंगलौर, पुणे एवं नई दिल्ली के लिए एक विशेष ट्रेन चलायी जाय। 3. धनबाद रेल मण्डल में जितने भी बड़े स्टेशन है सभी स्टेशनों पर मेडिकल की दुकान खोला जाय। 4. धनबाद से जितने भी ट्रेन खुलती है उसमें एसी बॉगी में जो बेडरॉल दिया जाता है वह पूरी तरह से गंदा रहती है एवं उसका बाथरूम भी बहुत ही गंदा रहता है, उसे ठीक किया जाय। 5. धनबाद रेल मण्डल के सभी स्टेशनों पर रेल नीर की व्यवस्था की जाय। 6. धनबाद रेलवे स्टेशन के सामने काफी दिनों से अवैध पार्किंग है जहाँ रात्री में बहुत सारा गलत काम किया जाता है, उस पर रेल प्रशासन द्वारा तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए।

## टुंडी अभी भी विकास से कोसों दूर : माना पाठक

दीपक पाण्डेय@प्रभात मंत्र



**टुंडी :** टुंडी प्रखंड के कई ऐसे क्षेत्र है जो अभी भी विकास के मामलों में कोसों दूर हैं यहां के लोगों के समक्ष भय, भूख, भ्रष्टाचार अभी भी कायम है । बताया जाता है कि कुछ दिन पूर्व हाथियों के झुंडों ने यहां काफी उत्पाद मचाकर फसलों एवं घरों को बहुत ही नुकसान पहुंचाया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पश्चिमी टुंडी क्षेत्र के मनियांडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत जीतपुर, बंगारो, नेमोरी, भेलवई, शीतलपुर जैसे गांवों में लगातार हाथियों के आतंक से लोग परेशान हैं । इन क्षेत्रों के लोगों का मुख्य पेशा खेती है वह भी हाथियों द्वारा आए दिन नष्ट कर दिया जाता है लोग मकान में भी सोने से डरते हैं इन दिनों फसलों को काफी नुकसान हुआ है हाथियों को भागने पर जान भी जा सकता है ऐसी खतरा हरदम बना रहता है फिलहाल जीतपुर एवं नेमोरी गांव के कई असहायों का घर क्षतिग्रस्त हाथियों द्वारा कर दिया गया है। अपने दौरे के क्रम में जनहित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष माना पाठक अपने सभी कार्यकर्ताओं के साथ मनियांडीह के कई ऐसे क्षेत्र जहां हाथियों द्वारा भारी मात्रा में नुकसान पहुंचाया गया है का दौरा किया एवं लोगों से मिले एवं उनके सुख दुख पर विचार विमर्श करते हुए ग्रामीणों को कई ऐसे दिशा निर्देश दिए साथ ही लोगों को रात के अंधेरों से बचने के लिए दो दर्जन टॉर्च का वितरण भी किया एवं क्षतिग्रस्त मकानों एवं फसलों के नुकसान पर आर्थिक सहयोग भी की गई एवं अपने दौरे के क्रम में संवाददाता को बताया कि आज भी टुंडी की दुर्दशा देखकर काफी दुख होता है पूरे गांव में एक चापाकल के सहारे लोग निर्भर हैं टुंडी के कई ऐसे प्रत्याशी हैं जिनका अपना अच्छा विकास हुआ है पर यहां के मतदाता जैसे के तैसे हैं जनहित मोर्चा के माना पाठक टुंडी की दुर्दशा पर काफी दुखित नजर आए एवं कहा कि सरकारी तंत्र इतना मजबूत रहने के बावजूद विकास नहीं होना बहुत ही दुख की बात है अगर टुंडी की जनता हमें आशीर्वाद देती है तो टुंडी को विकास की गाथा कैसे लिखा जाए यह आने वाला दिनों में मेरे द्वारा दिखाने का काम किया जाएगा। मौके पर उनके निजी सचिव मुरारी सिंह, डॉक्टर नंदकिशोर केवट, टीकाराम टुडू ,परितोष चौधरी, रोहित चौधरी, श्यामदेव टुडू, गोकुल मंडल, टेकलाल मंडल, टिपन राय ,बालेश्वर सोरेन ,जेठू सोरेन, मंजीत दां समेत कई ग्रामीण मौके पर उपस्थित थे।

## 30 वर्षों से छठ व्रत करने वाली गीता शर्मा ने कहा की छठी मैया की महिमा अपरम्पार है



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ छठ महापर्व शुरू हो गया। चार दिनों तक चलने वाले इस लोक आस्था का महापर्व के पहले दिन को व्रतियों ने सुबह घर की साफ-सफाई के बाद स्नान कर विधि-विधान के साथ भगवान भास्कर की आराधना की। इसके बाद व्रतियां कद्दू-भात का प्रसाद बना कर भगवान सूर्य को अर्पित किया जाएगा। इसके बाद कद्दू और भात का प्रसाद ग्रहण की। वहीं शनिवार को खरना (लोहंडा ) होगा। इस दिन व्रती पूरे दिन उपवास रखेंगी और शाम में आम की लकड़ी पर गन्ने के रस में बनी चावल की खीर, दूध, चावल का पीठा और घी चुपड़ी रोटी का प्रसाद बनाएंगी। और छठी मइया को अर्पित करने के बाद व्रती उसे प्रसाद के रूप में ग्रहण करेंगी। इस दौरान छठ व्रती गीता शर्मा जो की कार्मिक नगर की रहने वाली है ने बताया कि मां की महिमा अपरम्पार है। मैं विगत 30 सालों से व्रत कर रही हूं और तब से लेकर आज तक हमारा घर में सुख शांति एवं अन धन से परिपूर्ण है।

## धनबाद : पूर्व मध्य रेलवे के जीएम का बयान हास्यास्पद : ब्रजेंद्र सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह धनबाद जिला 20 सूत्री समिति के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा है की कल पूर्व मध्य रेलवे के जेनरल मैनेजर श्री खंडेलवाल के द्वारा धनबाद में दिया गया बयान ना तो जनता के हित में है और ना ही उनको धनबाद और इर्द-गिर्द की कोई जानकारी है। उन्होंने कहा है कि धनबाद से दिल्ली के लिए ट्रेन चलाने की कोई आवश्यकता नहीं है। यह सुनकर धनबाद की जनता में काफी आक्रोश है। धनबाद से दिल्ली, बेंगलुरु, मुंबई के लिए डायरेक्ट ट्रेन की मांग कई वर्षों से चली आ रही है। अभी दो दिनों से ट्रेनों में जाने की जो स्थिति है वह अखबारों से लेकर टीवी चैनलों में भी देखा जा सकता है। धनबाद की जनता को दिल्ली, बेंगलुरु, मुंबई जाने के लिए ट्रेन के अभाव में दुर्गापुर, कोलकाता एवं रांची से हवाई जहाज का लाचारी में यात्रा करना पड़ता है। मैं देश के रेल मंत्री से से मांग करता हूं की उच्च स्तरीय सर्वे कराकर धनबाद से दिल्ली, बेंगलुरु व मुंबई के लिए अविलंब इस पर कोई निर्णय लें।

## गौशाला मेला की तैयारियों को लेकर हुई समीक्षा बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** सदर विधायक सुदीव्य कुमार सोनू के नेतृत्व में अध्यक्ष सह अनुमंडल पदाधिकारी विशाल दीप खलको, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी निल सिंह, पचम्बा थाना इंस्पेक्टर की उपस्थिति के साथ गौशाला कार्यकारिणी सदस्यों तथा मेला आयोजन समिति के सदस्यों के साथ गौशाला प्रबंधन के द्वारा आयोजित 126वां वार्षिकोत्सव सह गोपाष्टमी मेला की तैयारियों की समीक्षा की गई। उपरोक्त मेला झारखंड का सबसे बड़ा मेला है जिसे पचम्बा गौशाला मेला के नाम से जाना जाता है तथा प्रतिदिन लगभग 30-40 हज़ार श्रध्दालुओं की भीड़ होती है। माननीय विधायक के द्वारा पुरे प्रांगण का भ्रमण करते हुए विधि व्यवस्था, पार्किंग की व्यवस्था, साफ़ सफ़ाई, बिजली पानी की सुविधा, मेला में आए हुए श्रध्दालुओं के साथ साथ दुकानदारों के लिए शौचालय की सुविधा, सी सी टीवी कैमरा आदि सभी मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई। मेला संयोजक मुकेश साहू, सह संयोजक अजय राय ने बताया कि इस वर्ष मेले की भीड़ को ध्यान में रखते हुए तीन प्रवेश द्वार की जगह चार प्रवेश द्वार की व्यवस्था की गई ताकि लोगों को मेला में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो। साफ़ सफ़ाई के लिए गिरिडीह नगर निगम की टीम के साथ साथ मेला आयोजन समिति के द्वारा भी सफ़ाई कर्मी अपनी सेवा प्रदान करेंगे। किसी भी आकस्मिक दुर्घटना से बचाव के लिए पुलिस अधीक्षक महोदय के द्वारा फ़ायर ब्रिगेड की गाड़ी वो फायर फाइटर की नियुक्ति की गई है साथ ही साथ प्रबंधन के द्वारा जगह जगह पर पानी वो बालु के ड्राम तथा 25 फायर एक्सटिंग्यूसर की व्यवस्था की जा रही है। यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए पुलिस जवानों के साथ साथ स्वयंसेवी संसंथा के द्वारा भी सहयोग लिया जाएगा। इस वर्ष मेले का मुख्य आकर्षण का केंद्र चलंत मूर्ति तथा स्वचालित झुले रहेंगे। लगभग 50-60 चलंत प्रतिमाओं से समाज में व्याप्त कुरीतियों को दिखाने का प्रयास किया गया है वहीं टावर झुला, ब्रेक डांस, ड्रेगन, टोरा टोरा, कोलम्बस, के साथ साथ बच्चों के लिए कई प्रकार के नए नए झुले लगाए गए हैं। इस वर्ष मेला प्रांगण में लगभग 300 छोटे बड़े दुकानदार रहेंगे।

## बहुजन समाज पार्टी जिला इकाई की बैठक आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** शुक्रवार को कार्मिक नगर में बसपा जिलाध्यक्ष अभय कुमार की अध्यक्षता में पार्टी की बैठक संपन्न हुई। जिसमें आगामी 26 नवम्बर संविधान दिवस पर धनबाद जिला स्तरीय कार्यक्रम गाँधी सेवा सदन में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य अतिथि, जोन प्रभारी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुबल दास ने कहा कि भाजपा राज में देश का संविधान खतरे में आ गया है। भाजपा सरकार पर लगातार लोकतांत्रिक मूल्यों का कुठाराघात कर कांग्रेस पार्टी का हर रिकॉर्ड तोड़ते आगे बढ़ रही है। श्रीदास ने कहा भाजपा-कांग्रेस पैसा वाली पार्टी जबकि बसपा देश की बड़ी पार्टी है, जिसका वोटर और समर्पित लोग सभी जगह है। बस उसे आज जगाने की जरूरत है।

मौके पर निर्णय लिया गया कि संविधान दिवस पर संविधान बचाओ, देश बचाओं कार्यक्रम गाँधी सेवा सदन में होगा। इस दौरान शहर में रैली, जुलूस और सभा की जायेगी। कार्यक्रम की सफलता हेतु सभी विधानसभा व प्रखण्डों में तैयारी कर उक्त कार्यकर्म को ऐतिहासिक रूप दिया जायेगा।

## एमएसएमई में जनजातीय गौरव दिवस पर किया निबंधन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** मिशन जनकल्याण किसान विकाश ट्रस्ट (च.ङ्क.ञ्) के ऑफिस मटकुरिया रोड के समीप एमएसएमई विकास कार्यालय धनबाद एमएसएमई मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया गया, इस मौके पर एक दिवसीय एमएसएमई में एसटी का निबंधन कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला को एमएसएमई अवेरनेश मिशन झारखंड ने सहयोग किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत एमएसएमई अवेरनेश मिशन झारखंड के धनबाद जिला प्रभारी मग्देश कुमार ने सभी का परिचय के साथ संचालन किया ,एमएसएमई अवेरनेश मिशन झारखंड में गठन करने की जरुआत क्यों पड़ी इस पर मिशन के झारखंड प्रदेश प्रभारी ने विस्तार से लोगो को बताया। एमएसएमई के योजनाओ के बारे में एमएसएमई के असेस्टे चेयरमैन दीपक कुमार ने बताया की आप अपने व्यवसाय को एमएसएमई से निबंधन करा सकते है। इस मौके पर एमएसएमई अवेरनेश मिशन की आरती कांत टुडू भी शामिल हुई।

## प्राचार्य एन एन श्रीवास्तव बने डीएवी के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** डीएवी पब्लिक स्कूल कोयला नगर के प्राचार्य एन. एन. श्रीवास्तव का प्रोन्नति कॉलेज मैनेजिंग कमेटी नई दिल्ली के द्वारा असिस्टेंट रीजनल ऑफिसर के पद पर कर दी गई है। शुक्रवार को यह खबर मिलते ही स्कूल में हर्ष का माहौल है।प्राचार्य श्रीवास्तव ने असिस्टेंट रीजनल ऑफिसर धनबाद जोन का पदभार ग्रहण किया। कॉलेज प्रबंधिकृत कमेटी नई दिल्ली के इस निर्णय का स्वागत स्कूल के तमाम कर्मचारी व परिवार ने एक स्वर में की है तथा इस उपलब्धि के लिए श्रीवास्तव का अभिनंदन किया है।

## कर्बला रोड स्थित दिन दयाल छठ घाट की साफ सफाई का कार्य पूर्ण

प्रभता मंत्र संवाददाता



**गिरिडीह :** कर्बला रोड स्थित दीनदयाल घाट की साफ सफाई कार्य शुक्रवार को पूरी कर ली गई। दीनदयाल घाट पूजा समिति के सदस्यों ने आज नहाय खाय के दिन साफ सफाई कर घाटों को छठ पूजा के लिए तैयार कर दिया है। नदी की साफ सफाई होने से पूरा नदी का पानी स्वच्छ नजर आ रहा है। इस बाबत दीनदयाल घाट पूजा समिति के सदस्य और वार्ड 15 के पार्षद प्रतिनिधि मिथुन चंद्रवंशी उर्फ नुनु ने बताया कि हर साल की भांति इस साल भी पूजा समिति के सदस्यों की ओर से युद्ध स्तर पर सफाई अभियान कार्य चलाया गया। जिसके कारण छठ पूजा के शुरुआती दिन ही घाटों की साफ सफाई कार्य पुरा हो गया। उन्होंने बताया कि बरमसिया से दीनदयाल छठ घाट तक साफ सफाई के साथ-साथ लाइटिंग की व्यवस्था और सजावट की गई है। साफ सफाई कार्य को लेकर निगम की ओर से भी विशेष अभियान चलाया गया जिसके बदौलत साफ सफाई कार्य पूरा हो गया। आलोक सिंहा ने बताया कि कर्बला रोड में इस साल भी धूमधाम से छठ पूजा मनाया जा रहा है इसको लेकर निगम के साथ साथ समिति के सदस्यों ने साफ सफाई का कार्य कर सड़कों और घाटों को चकाचक कर दिया है। व्रतियों और श्रद्धालुओं को अब आने-जाने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। रास्तों में ब्लीचिंग पाउडर का छीड़काव कराया गया है। इस कार्य में आलोक सिन्हा,विकाश गुप्ता,रूपेश सिन्हा उर्फ मोनू, राजीव कुमार, मुकेश कुमार, सन्नी कुमार, अंशु सिन्हा, विनय कुमार, कृष्णा यादव, विक्की यादव, राजा सिंह, साजन सिंह, गौरव यादव, प्रशांत कुमार, मयंक कुमार, छोटन कुमार,अमित कुमार, कुन्नू समेत लोग लगे हुए थे।

# नहाय-खाय के साथ छठ महापर्व शुरु, पुर्व पंसस ने किया घाट की साफ-सफाई खीर भोजन आज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 17 नवंबर शुक्रवार को 04 दिनो तक चलने वाला लोक आस्था का महान पर्व छठ महापर्व ब्रतीयों के लिये नहाय-खाय (कद्दू भात) से महापर्व की शुरुआत हो गई है, वही आज 18 नवंबर शनिवार को खीरभोजन, 19 नवंबर रविवार को अस्तांचलगामी सूर्य का अर्घ्य, एवं 20 नवंबर सोमवार को उदीयमान सूर्य के अर्घ्य के साथ महा पर्व का पारण हो जायेगा। इस अवसर पर कैरो पुर्व पंचायत समिति सद्स्य सह प्रखंड 20 सुत्री सद्स्य शरत कुमार विद्यार्थी के द्वारा कैरो प्रखंड के नन्दनी नदी पर झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय घाट पर ब्रतियों के लिये घाट का जेसीबी मशीन से साफ सफाई कर, टेन्ट व लाईटिंग की समुचित व्यवस्था भी प्रत्येक वर्ष की भांति की जा रही है, साफ सफाई करते हुए विद्यार्थी ने कहा आस्था का यह महान पर्व पूरी तरह से पवित्रता का पर्व है,जो भी भक्त माता छठी मईया, एवं भगवान भास्कर की पुजा आराधना सच्चे मन से करते हैं, उन्हे छठी मईया, एवं भगवान भास्कर मन की सारी मुरादे पुर्ण करते हैं। इस अवसर पर घाट साफ-सफाई मे पुर्व पंसस शरत कुमार विद्यार्थी, सुरेन्द्र पहान, गौतम साहू, अशोक सोनी, संजय महतो, उमेश महतो, राजन कुमार, संदीप राम, राजा साहू, संदीप महतो, इत्यादि लोग नन्दनी नदी झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय छठ घाट पर उपस्थित थे।

# महामहिम राज्यपाल को दिया गया गार्ड ऑफ़ ऑनर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** महामहिम राज्यपाल सी0पी0 राधाकृष्णन का आज लोहरदगा परिसदन में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राज्यपाल आज गुमला जिला के घाघरा प्रखंड के बदरी ग्राम स्थित स्कूल मैदान आयोजित कार्तिक उराँव स्मृति यात्रा सह खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल होकर लौटने के क्रम में लोहरदगा परिसदन में थोड़ी देर के लिए रुके। इससे पूर्व महामहिम का स्वागत लोहरदगा जिला के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमाँ द्वारा पुष्पगुच्छ दे कर स्वागत किया गया। परिसदन में थोड़ी देर रुकने के बाद महामहिम का काफिला राजभवन, राँची के लिए रवाना हो गया। इस मौके पर जिला के अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## नहाय खाय के साथ शुरू हुआ चार दिवसीय महापर्व छठ



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा मे लोक आस्था का महापर्व का अनुस्ठान नहाय खाये के साथ शुक्रवार से शुरू हो गया। शनिवार को खरना और रविवार को भगवान भास्कर को पहला सायंकालीन अर्घ दिया जाएगा सोमवार को प्रातः कालिन अर्घ के साथ महापर्व छठ व्रत का समापन होगा। इस व्रत में 36 घंटे तक व्रती निर्जला रहती है। छठ महापर्व को ले छठव्रतियों व श्रध्दालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। शहर के चौक चौराहों से लेकर प्रखंडों छठ को ले बाजार सज गये है। दुकानों में खरीदारों की देखी जा रही है समानों की बढी कीमत भी श्रध्दालुओं के उत्साह में कोई कमी नही है। छठ को ले शहर के महाबीर चौक अपर बाजार गुदड़ी बाजार राना चौक अमला टोली मैना बगीचा पतराटोली समेत विभिन्न स्थानों पर छठ का बाजार गुलजार है देर शाम तक खरीदारी हुई तो वहीं बाजार के विभिन्न सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रही।छठ महापर्व मे सूप 100 से 200 रू प्रति दुउरा 150 से 500 बांस पंखा 40 से50 रुपये तथा डालिया100 से150प्रति पीस बिक रहे हैं। वही बाजार में लाल गेहूं 30 से 35 रूपये प्रति किलो गुड 48 रु नया चावल 32 से 40रु आटा 35 रु रिफाइन 118 से 130 घई 500से 680 काजू 650 किसमिस 200 से240 जटा नारियल 22 सरसों तेल 120 से 122 तथा मिट्टी के सामान 70 रु के भाव से बिक रहे हैं जबकि सेव 100 से 150 संतरा 80 से 100 अनार 140 से 200 केला 60से लेकर 70रुदरजन वही केला कांधी 500 से 700 रु सेव पेटी 700से 800रु बिक रहे हैं। इधर छठ व्रती पूनम देवी ने बताया कि नहाय खाय अनुस्ठान में चावल दाल व कदू का भोग लगाया इसके उपरांत इसे प्रसाद के रुप में परिवार व श्रद्धालुओं के बीच बितरित किया गया।

## प्रखंड क्रियान्वयन इकाई के सदस्यों द्वारा किया गया परियोजना भ्रमण




**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को शंख धारा महिला विकास मंडल कुरू में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत चल रहे आजिविका न्याय सलाह केंद्र में लोहरदगा जिला के सामाजिक विकास डोमेन के अंतर्गत पांच प्रखंड सदर, किस्को, कैरो, भंडरा, पेशरार से प्रखंड क्रियान्वयन इकाई के सदस्यों के द्वारा परियोजना भ्रमण किया गया। टीम के सदस्यों को आजीविका न्याय सलाह केंद्र के माध्यम से महिला हिंसा,घरेलू हिंसा जैसे मामलों की स्थानीय स्तर पर रोकथाम करने के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। साथ ही गारीमा परियोजना में चल रहे कार्यों की जानकारी भी विस्तार पूर्वक दिया गया। अभी वर्तमान में कुरु प्रखंड में तीन आजिविका न्याय सलाह केंद्र जेएसएलपीएस द्वारा संचालित हैं। इस आजिविका न्याय सलाह केंद्र के सहायता से लगभग 114 केसों का निष्पादन स्थानीय प्रशासन, डालसा, इत्यादि के सहयोग से किया गया। इस केंद्र के माध्यम से केस का निष्पादन करके का तरीका के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताया गया। आए हुए टीम के सदस्यों द्वारा बदलाव मंच के बैठक में शामिल होकर बदलाव मंच के द्वारा ग्रामीण स्तर पर विभिन्न विभागों (शिक्षा, बालविकास, स्वास्थ्य, जनप्रतिधि, जनवितरण प्रणाली) के साथ सामंजस्य स्थापित करके ग्रामीण क्षेत्र के समस्यों का निष्पादन करने के बारे में भी जानकारी दिया गया। इस कार्यक्रम में जेएसएलपीएस लोहरदगा के जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनिता केरकेट्टा, सामाजिक विकास प्रबंधक बिनोद होरो, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक श्याम सुन्दर प्रजापति, पंकज कुमार, पुष्पा मिंज, राजेन केरकेट्टा, विनीता, विजय कुमार, शंख धारा महिला विकास मंडल के संघ समन्वयक दीपक कुमार गुप्ता, क्षेत्रीय समन्वयक छोटू मांझी, मनिता कुमारी, गणेश कुमार, धनंजय प्रजापति, सहित सभी पारालीगल सदस्य, जेंडर सीआरपी के सदस्य शामिल हुए।

# एसोसिएशन ने पुलिस अधीक्षक हारीश बिन जमां को भारत का स्मृति चिन्ह किया भेंट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** झारखंड ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन लोहरदगा, गुमला, लातेहार का एक शिष्ट मंडल लोहरदगा पुलिस अधीक्षक हारीश बिन जमा से उनके आवास पर भेंट कर उन्हें भारत का स्मृति चिन्ह भेट करते हुए दीपावली एवं छठ की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। एस.पी हारीश बिन जमा ने भी सभी जिला वासियों को सभी पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दिए, कार्यकारी अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि जिला प्रशासन के सहयोग से दशहरा एवं दीपावली पर्व हर्षो उल्लास के साथ एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ, इसके लिए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया और कहा की छठ पर्व भी धूमधाम एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होंगे, मुलाकात करने वाले में कार्यकारी अध्यक्ष दीपक सर्राफ, उपाध्यक्ष मोहम्मद कैश, अवधेश मित्तल, शशि भूषण सिंह, हर्षित सोनी, अतुल कुमार आदि थे।

# दो दिवसीय कृषि प्रशिक्षण का समापन, किसानों को सिखाए गए जैविक खेती के गुर




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जलडेगा :** जलडेगा प्रखंड के पैतानो लीड्स संस्था द्वारा आयोजित दो दिवसीय कृषि प्रशिक्षण का समापन शुक्रवार को किया गया। इस दौरान महिला- पुरुष किसानों को कृषि से संबंधित जानकारियां दी गई। प्रशिक्षक के रूप में जलडेगा एग्रो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोनू सिंह ने किसानों को बीजोपचार, नर्सरी की तैयारी, समेकित कृषि प्रणाली, समेकित कीट एवं रोग आदि की विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा मशरूम की खेती, फूलगोभी, पतागोभी, टमाटर, बैंगन मिर्च, की वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने पर भी प्रकाश डाला गया। इसी क्रम में नीम, करंज से कीटनाशी बनाने का तरीका एवं छिड़काव विधि द्वारा फसलों को कीट मुक्त बनाने का उपाय भी बताया गया। लीड्स संस्था के प्रखंड परियोजना समन्वयक आलोक कुमार ने किसानों को आत्मा और कृषि विभाग से मिलने वाली योजनाओं को बताया और उनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। मौके पर संस्था के कार्यकर्ता मनोज बिंझिया के अलाव महिला एवं पुरुष किसान उपस्थित थे।

## प्रदान संस्था द्वारा जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिये दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र झलजमीरा पंचायत अन्तर्गत घाटा ग्राम में प्रदान संस्था द्वारा जैविक खेती के बारे में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के क्रम में प्रदान संस्था के प्रशिक्षक एरेन टोप्पो व दुर्गावती देवी द्वारा महिला किसानों को जैविक खेती के बारे जानकारी देते हुए कहा की आज के आधुनिक युग मे रासायनिक खाद से होने वाले बीमारी और नुकसान से बचना आवश्यक है। साथ ही बताया गया कि यूरिया, साल्फेट, डीएपी जैसे रासायनिक खाद से मिट्टी का उर्वरा शक्ति कम हो रहा है। और रासायनिक खाद का प्रयोग करने के कारण मिट्टी कठोर होने से जलस्तर घट रहा है। जैविक खेती के माध्यम से कृषि कार्य करने के बारे में जोर देते हुए कीटनाशक दवा और विटामिन के बारे में भी विस्तृत जानकारी दिया गया। मौके पर उप मुखिया सुषमा उराँव, मालो देवी, सरिता उराँव, बसन्ती उराँव, लक्ष्मी उराँव सहित अन्य महिलाएँ उपस्थित थे।

## सड़क बनते ही गांव तक पहुंचेगी विकास की किरणें : विधायक भूषण बाड़ा

# विधायक बाड़ा ने पाकरटाड़ प्रखंड के नानेसेरा मिशन चौक से चेनाबारी भाया टिंबाटोली तक बनने वाले मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना का किया शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने पाकरटाड़ प्रखंड के नानेसेरा मिशन चौक से चेनाबारी भाया टिंबाटोली तक बनने वाले मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना का शिलान्यास किया। मौके पर विधायक ने शिलापट्ट का अनावरण किया। विधायक ने कहा कि किसी भी क्षेत्र का विकास सड़कों पर ही टिका रहता है। गांव तक सड़क बन जाने के बाद उस गांव में विकास की किरणें तेजी से पहुंचती है। उस गांव के लोगों का विकास होता है। क्षेत्र में खुशहाली आती है। इसी को ध्यान में रखते हुए सड़क निर्माण कराया जा रहा है। सड़क बन जाने के बाद गांव में सरकार की अन्य सभी योजनाओं को उतारा जाएगा। विधायक ने कहा कि सड़क बन जाने से लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि महागठबंधन सरकार के कार्यकाल में जिले में भी सड़कों का जाल बिछ रहा है। गली मुहल्ले को विधायक मद का प्रयोग




करते हुए पीसीसी पथ से जोड़ा जा रहा है।मुख्य सड़कों का कालीकरण किया जा रहा है। आने वाले दिनों में विकास की गति तेज होगी। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा, जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की,20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल,प्रखंड अध्यक्ष सह प्रमुख रजत लकड़ा, फादर रोशन टोप्पो, जिला उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा, जिला उपाध्यक्ष शिशिर मिंज, नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद,विधायक प्रतिनिधि अख्तर खान,मुखिया ज्योति प्रकाश कुल्लू, मो मोयोदिन अहमद,नगर अध्यक्ष अरशद हुसैन (अक्षण), मंडल अध्यक्ष निमरोध एक्का, जिला सचिव कल्लू मिया, जिला सचिव महताब आलम,भूषण राम, डा.इम्तियाज हुसैन,मो अरमान, नीला नाग, प्रतिमा कुजूर, उर्मिला केरकेट्टा, ज्योति, कृष्णा मांझी, जोधन नायक, तेज कुमार लकड़ा, केलीमेंट लकड़ा, बिहारी साहू, देवस्नान मांझी आदि कार्यकर्त्ता शामिल थे।

**क्षेत्र का विकास करने की दिशा में काफी गम्भीर हैं विधायक भूषण बाड़ा : जोसिमा खाखा**

जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा क्षेत्र का विकास करने की दिशा में काफी गम्भीर हैं। वे लगातार एक से एक जनकल्याणकारी योजनाएं धरातल में उतार रहे हैं। इसी कड़ी में आज यहां सड़क का निर्माण कार्य शुरु किया जा रहा है। सड़क बनते हुए अन्य विकास की योजनाएं धरातल में तेजी से उतारा जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों को विधायक भूषण बाड़ा से जुड़ते हुए क्षेत्र के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की।

## बिजली चोरी मामले में तीन नामदर्ज पर प्राथमिकी दर्ज

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विद्युत ऊर्जा चोरी के विरुद्ध बिजली विभाग द्वारा दंडाधिकारी की उपस्थिति में पुलिस बल के सहयोग से सेन्हा थाना के विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त रूप से सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान कल्हेपाट चौक के समीप अजीज अंसारी उम्र करीब 50 वर्ष पिता रहीमुद्दीन अंसारी के फर्नीचर दुकान में दो केवी उपभोक्ता द्वारा विद्युत चोरी मीटर से बाईपास कर किया जा रहा था। तथा रामबिलास ठाकुर उम्र लगभग 41 वर्ष पिता बन्धु ठाकुर द्वारा सैलून दुकान में घरेलू स्थापित मीटर से बाईपास कर लगभग एक केवी विद्युत चोरी किया जा रहा था। इसके अलावे बक्सीडीपा पेट्रोल पम्प के समीप नितेश कुमार उम्र करीब 30 वर्ष पिता स्व.जयप्रकाश साहु द्वारा घरेलू स्थापित मीटर से बाईपास कर भोला बाबू फैमिली रेस्टोरेंट में व्यवसायिक कार्य हेतु 3 केवी विद्युत ऊर्जा चोरी कर इन तीनो द्वारा विभाग के राजस्व में छती पंहुचाने का कार्य किया जा रहा है। जिसके आलोक में विद्युत अधिनियम 2003 के तहत सेन्हा थाना कांड संख्या 145/23 दर्ज कर धारा 135,137 के तहत तीनो आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर विभागीय करवाई प्रारम्भ कर दी गई। छापेमारी दल में सहायक विद्युत अभियंता अजु कच्छप, प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी डॉ. मनोज कुमार सिंह, सारणी पुरुष मोहमद फिरोज अखर, कनीय सारणी पुरुष उपेन्द्र सिंह, मानव दिवस कर्मी शिवशंकर साहु, शिवशंकर उराँव, रणजीत उराँव के अलावे सशस्त्र पुलिस बल शामिल थे।

# छठ पूजा प्रारंभ होने के साथ बाजारों में बढ़ी गन्ने की मांग, किसान उत्साहित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** जिले भर में लोक आस्था का महापर्व छठ नहाय खाय के साथ प्रारंभ हो गई। जिले में पूजा सामग्री की खरीदारी जोरो से प्रारंभ हो गई है, गांव से लेकर शहरी बाजारों में सूप, दउरा, झाड़ू, नारियल, कतारी मिट्टी के दीए, डाम्भा, फल फूल इत्यादि सामानों से पूरा बाजार जगमगा उठा है लोग अपने अपने जरूरत की सामानों को खरीदने में पूरी तरह से व्यस्त नजर आए। वही गन्ने खेती करने वाले किसान काफी खुश है, गन्ने की मांग बढ़ने व घर बैठे गन्ना की बिक्री होने से किसान काफी खुश नजर आ रहे है, किसान गन्ने की खेती कर बेहतर आमदनी कर रहे हैं, पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष बेहतर गन्ने की फसल से प्रखंड क्षेत्र के रामपुर, भट्टखिजरी, भुजनिया, अरकोसा, जुरिया व आस पास के अन्य गाँव में किसानों ने की है। इस वर्ष धान की फसल छोड़ किसानों द्वारा गन्ने की फसल में किस्मत आजमायी और काफी मुनाफा होने के संभावना जताई है जो कारगर साबित हो रही है। एक गाड़ी गन्ना बेचकर लगभग लाखो रुपये किसान कमा रहे हैं गन्ना बेचकर प्रखंड क्षेत्र किसान बेहतर आमदनी हुई है, अधिकांश किसान गन्ना की बिक्री व्यापारियों से सीधा करने की तैयारी में है,वहीं बचे गन्नों को बाजारों में स्थानीय लोगों द्वारा 10 से 15 रु बेचकर गन्ने की दर से गन्ना खरीद कर ले जाया जा रहा है। जिससे किसान काफी कुछ नजर आ रहे हैं। किसानों ने बताया कि 30 से 40 हजार रुपये की लागत से प्रति एकड़ गन्ने की फसल लगायी गयी थी, जबकि अब लगभग दो लाख से अधिक प्रति किसान आमदनी कर रहे हैं, किसानों को गन्ने को बेचने के लिए बाजार जाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है सारे गन्ने खेत से ही बिक जा रहे है, प्रखंड क्षेत्र के किसानों ने लगभग 50 एकड़ से अधिक भूमि पर गन्ना की खेती की है, जिसे हजारीबाग, औरंगाबाद, जमशेदपुर, गोरखपुर, पटना, गया, चाईबासा, टाटा, लातेहार व अन्य जगहों के व्यापारी आकर खेतों से ही खरीद कर ले जा रहे हैं, एक वाहन में किसानों के 9000 गन्ने लोड किए जाते हैं, जिससे किसानों को लगभग डेढ़ लाख रुपये तक की लोडिंग होती है।

## बिरसा मुंडा जयंती सह राज्य स्थापना दिवस समारोह का ओडगा में हुआ आयोजन

# भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी से प्रेरणा ले, हक अधिकार के लिए रहे एकजुट : एनोस एक्का

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जलडेगा :** प्रखंड के ओड़गा उच्च विद्यालय मैदान प्रांगण में बिरसा मुंडा जयंती एवं राज्य स्थापना दिवस समारोह का आयोजन शुक्रवार को किया गया उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एनोस एक्का, झापा युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का, विशिष्ट अतिथि सुजान मुंडा एवं थाना प्रभारी पंकज कुमार उपस्थित थे। इस दौरान आयोजन समिति के द्वारा आगंतुक अतिथियों को माला पहनकर स्वागत किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया, इसके बाद विधिवत कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के द्वारा किया गया। इसके बाद नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न आसपास के गांव के नृत्य मंडलियों के द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक पारंपरिक वेशभूषा में



नृत्य प्रस्तुति करते हुए उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वही इस मौके पर पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा झारखंड ही नहीं अपितु पूरे आदिवासी जनजातीय समुदाय के लिए एक जननायक के रूप में जाने जाते हैं, जिन्हें हम भगवान का दर्जा दिए हैं। जिन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लगातार उलगुलान छेड़ते हुए हक अधिकार की रक्षा के लिए अंग्रेजों की दमनकारी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाई थी,उन्होंने जिस प्रकार से अंग्रेजी हुकूमत के सत्ता को हिला कर रख दिया था हमें उनके जीवनी से सीख लेने की आवश्यकता है। आप सभी अपने हक अधिकार के लिए संगठित रहें और समाज में दबे कुचले लोगों को आगे लाने का प्रयास करें। भगवान बिरसा मुंडा के जयंती के दिन ही इस राज्य की स्थापना हुई और राज्य बने हुए 23 साल हो गए लेकिन वर्तमान समय में जो राज्य की हालत है वह किसी से छुपा हुआ नहीं है।

## 75 वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 19 नवंबर को

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेवा भारती द्वारा 75 वां स्वास्थ्य शिवीर का आयोजन 19 नवंबर छठ के दिन को किया गया है। अपर बाजार स्थित चुन्नीलाल प्लस टू विद्यालय परिसर में गत 01 जून 2022 से सेवा भारती द्वारा प्रत्येक सप्ताह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन निरंतर किया जा रहा है, प्रत्येक सप्ताह रविवार को प्रातः 7:30 से 8:30 बजे तक एक घण्टे का शिवीर आयोजित करते हुए मरीजों की निशुल्क सेवा,सेवा भारती के सदस्यों द्वारा किया जाता है। इसकी जानकारी देते हुए सेवा भारती के जिलाध्यक्ष दीपक सराफ ने बताया कि स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर में विशेष रूप से सेवा भारती से जुड़े क्क.रूस (B.) डॉ कुमुद अग्रवाल शिविर में मरीजों का स्वास्थ्य जांच करते हुए इलाज करेंगे। श्री सर्राफ बताया कि शिवीर में प्रत्येक सप्ताह निशुल्क शुगर, बी.पी, वजन, ऑक्सीजन लेबल, हार्टबीट आदि की जांच के अलावे विभिन्न बीमारियों के चिकत्सक द्वारा निशुल्क जांच भी की जाती है।उन्होंने कहा है कि स्वस्थ जीवन के लिए समय-समय पर अपना एवं अपने परिवार के स्वास्थ्य की जांच अवश्य कराएं।आपका शरीर ठीक रहेगा,तभी अपने सभी कार्य अच्छे से कर सकेंगे। स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से अपने स्वास्थ्य चेकअप कराते रहिए। उन्होंने जिलेवासिओं से अपील करते हुए कहा है कि इस निशुल्क शिविर में समय पर आकर अपने स्वास्थ्य संबंधित जांच करवा कर स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## चलते चलते एक नजर

### धोखाधड़ी मामले में जमीन दलाल प्रेम सिंह गिरफ्तार



**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भूमि दलाल प्रेम सिंह पप्पू धोखाधड़ी में गिरफ्तार भेजा गया जेल बरवाडीह गुरुवार को बरवाडीह पुलिस ने डीएवी हेहल रांची निवासी भूमि दलाल प्रेम सिंह उर्फ पप्पू को रांची कमड़े काठीटाड से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार बरवाडीह थाना अंतर्गत बाजार निवासी मनीष कुमार पिता श्याम सुंदर भगत के द्वारा 21 मई 2023 को बरवाडीह थाना में भूमि खरीद के नाम लाखों रुपए की धोखाधड़ी के आरोप का प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इस संबंध में भुक्तभोगी मनीष कुमार ने बताया कि उक्त आरोपी मेरा सगा ममेरा भाई है, उन्होंने अगस्त 2018 में भूमि खरीद बिक्री को लेकर मोबाइल से हमसे संपर्क किया और बताया कि रांची रिंग रोड स्थित 30 डिसमिल जमीन भूमिहार (राजपूत ) का है जो एक लाख तीस हजार रुपए प्रति डिसमिल है तुम खरीद लो चूंकि मुझे भी घर बनाने के लिए भूमि की जरूरत थी। हमने उनसे भूमि संबंधी कागज़ात की मांग की उन्होंने वाट्सएप के माध्यम से अपठनीय दस्तावेज भेजा जिसे इंकार करने पर उन्होंने हमें भरोसा दिलाया और कहा पैसे भेजो नहीं तो भूमि बिक्री हो जाएगा। हमने लिमिट अनुसार लगभग 17 लाख रुपए ऑनलाइन भुगतान किया। मनीष ने बताया कि कुछ दिनों के बाद भूमि रजिस्ट्री के लिए बोला तो वह टालमटोल करने लगा। हमें संदेह हुआ और हमने भूमि के दस्तावेजों की जांच पड़ताल किया पता चला कि वह भूमि आदिवासी भुइहरी है। इसके बाद हमने बरवाडीह थाना में उक्त आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। बताया जा रहा है कि उक्त आरोपी पूर्व में भी भूमि खरीद बिक्री के धोखाधड़ी मामले में शामिल रहा है।

### 28 नवम्बर से दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का होगा आयोजन

**रांची :** शिव शिष्य हरीन्द्रानन्द फाउंडेशन एवं शिव शिष्य परिवार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन गुरगांई बुडीबागी मैदान ओरमांझी में होगा। युवा पावर फुटबॉल क्लब गुरगांई के देखरेख में तीन दिवसीय मैच 28 से 30 नवम्बर तक होने वाली है। जिसमें कुल 16 टीमें भाग लेगी। विजेता टीम को 31000/रू0 हजार नगद एवं शील्ड दिया जाएगा। उपविजेता टीम को 21000/रू0 हजार नगद एवं शील्ड दिया जाएगा वही तृतीय एवम चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 5100/रू0 नगद एवं फुटबॉल देकर सम्मानित किया जाएगा। टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें भाग लेगी। टूर्नामेंट में इन्ट्री फीस 4100 है एवं इन्ट्री की अंतिम तिथि 24 नवम्बर है। संपर्क करे:-9798944537, 6206893132, 7004783166, 6200229080 सभी मैच अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुसार खेला जाएगा। टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए गुरगांई मैदान में जयडीहा पंचायत के उप मुखिया निलाम्बर सिंह की अध्यक्षता में बैठक रखा गया। जिसमें शिव शिष्य हरीन्द्रानन्द फाउंडेशन के मुख्य सलाहकार एवं खेल प्रशंसक अर्चित आनंद के आदेशानुसार टूर्नामेंट का रूपरेखा तैयार किया गया। तथा बैठक कर आयोजन समिति का गठन किया गया। जिसमें आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक अर्चित आनंद जी चुनें गए। अध्यक्ष नीलांबर सिंह सचिव विनोद कुमार महतो कोषाध्यक्ष दीपक नायक उपाध्यक्ष सनी सिंह नकुल बेदिया उपसचिव जीवनलाल मुंडा अजय गंझू उपकोषाध्यक्ष चुने गए।

# परिवार एवं शहर पर कृपा बनाए रखें भगवान भास्कर : अरुणा शंकर

## व्रत करने वाले हजारों श्रद्धालुओं के बीच छठ सामग्री का निशुल्क वितरण किया

## * पलामू चेंबर परिवार के नेतृत्व में छठ व्रतियों के बीच किया गया निःशुल्क पूजन सामग्री का वितरण





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर एवं प्रथम महापौर अरुणा शंकर के सौजन्य से नागरिक मंच के नेतृत्व में चैनपुर सूर्य मंदिर तालाब प्रांगण में नागरिक मंच के नेतृत्व में एवं कोयल रिवर फ्रंट गंगा आरती मंच में चेंबर परिवार के नेतृत्व में छठ व्रत करने वाले हजारों श्रद्धालुओं के बीच छठ सामग्री का निशुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि श्रद्धा एवं आस्था से मनाय जाने वाला यह हिंदुओं का सबसे महान पर्व है। जैसे शहर के सभी लोग मिलजुल कर मनाते हैं। प्रथम महापौर ने कहा कि हम सब सूर्य की आराधना कर अपने परिवार एवं समाज के लिए कृपा बनाने की आराधना करते हैं। मैं भगवान सूर्य से कामना करती हूं कि हमारे परिवार एवं शहर पर अपनी कृपा बनाए रखें। इस अवसर पर चैनपुर नागरिक मंच के सदस्य काशी प्रसाद कमलापुरी, वीरेंद्र प्रसाद, दिनेश प्रसाद, सुरेश कुमार, अशोक दास, दिनेश कमलापुरी, पप्पू कुमार, चंदू कमलापुरी एवं अन्य सम्मानित सदस्य उपस्थित थे। सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से प्रथम महापौर को अंग वस्त्र देखकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन उमेश गुप्ता ने किया।

### पूजन सामग्री लेकर अभिभूत हुए छठ व्रती, कहा - सूर्य भगवान अरुणा शंकर को विजयी बनाएं

कोयल रिवर फ्रंट पर पलामू चेंबर की ओर से नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर के द्वारा निःशुल्क पूजन सामग्री ग्रहण करने के बाद सभी छठ व्रतियों ने इनका साधवाद किया। सभी ने कहा कि महापर्व छठ के अवसर पर निःशुल्क पूजन सामग्री का वितरण करना पुण्य का कार्य है। अरुणा शंकर ने पुनीत कार्य किया है। कहा कि भगवान सूर्य अरुणा शंकर को पुनः बिजयी बनाएं। व्रतियों ने कहा कि ऐसा जनप्रतिनिधि मिलना मुश्किल है, जो गरीबों की भावनाओं का कद्र करे।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कोयल रिवर फ्रंट में प्रसाद वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के रीजनल उपाध्यक्ष आकर्ष आनंद, विक्रम सिंघानिया पलामू चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष आनंद शंकर, भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा, चेंबर उपाध्यक्ष कृष्ण प्रसाद अग्रवाल, सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल,आलोक माथुर, रितेश कुमार, प्रदीप कुमार बाबुल, रिंकू दुबे, सुधांशु शेखर, सुनील गुप्ता, सुबोध गुप्ता, प्रेम जैसवाल, विक्रांत सिंघानिया, राजीव उपाध्याय, नीरज कुमार,अरविंद अग्रवाल,मनीष भिवानिया, सरदार भूपेंद्र सिंह, पुनीत कुमार, बद्री प्रसाद अग्रवाल, संजय भगत आदि उपस्थित सभी सदस्यों ने संयुक्त रूप से प्रसाद वितरण किया। जबकि कार्यक्रम का संचालन सांसद प्रतिनिधि स चैंबर सदस्य विजय ओझा ने किया।

## अपराधियों द्वारा मंदिरों को नुकसान पहुँचाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण : शिल्पी नेहा तिर्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि, मांडर के मुड़मा में अपराधियों द्वारा मंदिरों को नुकसान पहुँचाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है घृणित कार्रवाई है और इसकी जितनी भी निन्दा की जाये वह कम ही है। तिर्की ने कहा कि मंदिरों में प्रतिमा को खंडित करने के अफसोसजनक कृत्य को वैसे अपराधियों ने अंजाम दिया है जिनसे समाज की सुख-शांति और लोगों का आपसी सौहार्द देखा नहीं जाता। तिर्की ने कहा कि इस सन्दर्भ में उन्होंने रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक और ग्रामीण पुलिस अधीक्षक से बात कि है और उन्होंने दोषी तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की बात कही है. तिर्की ने कहा कि लोग आपसी सद्भाव को नुकसान पहुँचानेवाले वैसे अपराधी तत्वों को कभी भी सफल नहीं होने देंगे। तिर्की ने आशंका जतायी कि इसके पीछे गहरी साजिश हो सकती है जिसका पर्दाफाश होना बहुत जरूरी है। उन्होंने सभी समुदाय के लोगों से अपील की है कि वे ऐसी घटनाओं के विरुद्ध एकजुटता के साथ खड़े रहें जिससे अपराधियों के मंसूबे कभी सफल नहीं हों।

## जायसवाल टिंबर में आज होगा आम के लकड़ी का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शहर के रेडमा दो नंबर टाउन रोड स्थित जायसवाल टिंबर के नए स्थान परिसर में छठव्रतियों के बीच बतौर मुख्य अतिथि डीएफओ सौमित्र शुक्ला आज 18 नवंबर को दिन के 11 बजे से सूखी हुई आम की लकड़ियां वितरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। जायसवाल टिंबर के प्रोपराइटर अरुण कुमार जायसवाल ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि अब उनका आरा मशीन (जायसवाल टिंबर) रेलवे की जमीन से हटाकर रेडमा 2 नम्बर टाउन टीवीएस शोरूम के बगल में शिफ्ट कर दिया गया है। उन्होंने




बताया कि पिछले तीन दशक से जायसवाल टिंबर के सौजन्य से शहर के तिकोनिया गैरेज के निकट छठव्रतियों के बीच आम की सूखी लकड़ियों का वितरण किया जाता रहा है। छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित जायसवाल एवं डाली बाजार की मुखिया पूनम जायसवाल ने संयुक्तरूप से बताया कि सामाजिक दायित्वों के तहत इस वर्ष छठ व्रतियों के बीच 18 नवंबर को जायसवाल टिंबर के नए स्थान परिसर से सूखी आम की लकड़ियां वितरण करने का तिथि मुकर्रर की गई है। लोक आस्था एवं शुद्धता व पवित्रता का महान पर्व छठ व्रत पर जायसवाल टिंबर पिछले 30 वर्षों से व्रतियों के बीच सूखी हुई आम की लकड़ियां वितरित करते आ रहा है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। जायसवाल टिंबर के प्रोपराइटर अरुण कुमार जायसवाल ने बताया कि वितरण के समय व्रतियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो इसे ध्यान में रखते हुए वितरण की विशेष तैयारी व व्यवस्था कर ली गयी है। ताकि सभी व्रतियों को प्रसाद बनाने के लिए सुखी हुई आम की लकड़ियां उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने छठ व्रतियों से करबद्ध अनुरोध किया है कि उक्त निर्धारित समय पर पहुंचकर आम की लकड़ी प्राप्त कर उन्हें अनुगृहीत करें।

# ईमानदार पत्रकारिता के मिशाल गोकुल बसंत को मिला सम्मान

## * पलामू के युवा उपायुक्त शशि रंजन ने शॉल ओढ़ाकर, गुलदस्ता व मोमेंटो देकर किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर आयोजित सेमिनार-सह-परिचर्चा कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार गोकुल बसंत को सम्मानित किया गया। परिचर्चा का विषय था कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के युग में मीडिया। इस विषय पर उपायुक्त शशि रंजन सहित कई पत्रकारों ने प्रकाश डाला। उपायुक्त ने कहा कि कृत्रिम मेधा से देश दुनिया में तेजी से बदलाव आ रहे हैं। यह समय की जरूरत भी है। सामाजिक सरोकारों के मद्देनजर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को स्वीकार करना सकारात्मक होगा।आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से हम तेजी से आगे बढ़ सकते हैं और सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। गवर्नेंस पर भी इसका प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इतना सशक्त है कि आजकल हमलोग के मन की भावनाओं को भी समझने लगी है। उन्होंने कहा कि पलामू में एक एआई लैब के स्थापना करने की जरूरत महसूस की गई है, उसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से शिक्षा एवं गवर्नेंस को समाहित करने का प्रयास होगा। इसमें 50 बच्चों को नई-नई चीजों की सीख दी जाएगी। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग पलामू प्रमंडल के उपनिदेशक आनंद ने कहा कि वर्तमान डिजिटल एवं तकनीकी युग में तथ्यपरक सूचनाओं के आदान-प्रदान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि मीडिया में तकनीक का सकारात्मक उपयोग से बेहतर परिणाम सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि खोजी पत्रकारिता में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मदद करेगा, लेकिन मानव मस्तिष्क की बातों को समझने में थोड़ा देर होगा। वरिष्ठ पत्रकार गोकुल बसंत ने कहा कि प्रेस की गरिमा को बचाए रखने के लिए प्रेस काउंसिल आफ इंडिया की ओर से समय-समय पर मार्गदर्शन मिलता रहा है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में तकनीकी बदलाव आए हैं। इससे तत्परता और तत्कालिकता दोनों आई है।उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज तकनीक इतना विकसित हो गया है कि स्वचालित कार्य भी होने लगे हैं। मशीन चलाने का काम भी मशीन ही करने लगी है। तकनीक का सही इस्तेमाल कर हम मानवता को बचा सकते हैं। गोकुल बसंत ने इस विषय को रेखांकित करते हुए कहा कि पूर्व के जमाने में मीडिया के क्षेत्र में क्या तकनीक थी, यह सभी जानते हैं। उन्होंने पूर्व के समयकाल में समाचार संकलन, समाचार प्रेषण से लेकर प्रकाशन तक में उपलब्ध तकनीक के बारे में जानकारी देते हुए वर्तमान समय से इसकी तुलना की। उन्होंने इसके दुष्प्रभाव पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि तकनीक के विकास से मानव संपदा द्वारा कार्यों में कमी आई है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कमांड पर कार्य करता है, उसे जितना निर्देश देंगे उतना ही काम करेगा। एपीआरओ बिजय कुमार ठाकुर ने वर्तमान समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के व्यापक उपयोग पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रोजी-रोटी से लेकर जीवन शैली में सुधार लाने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मददगार साबित हो रहा है। विशेषकर कोरोना काल से इसका दायरा बढ़ा है।

## केन्द्रीय पर्यावरण राज्य मंत्री अश्विनी चौबे ने किया गोड्डा अदाणी पावर प्लांट का दौरा

### केन्द्रीय मंत्री ने अदाणी पावर प्लांट के पर्यावरण प्रबंधन का लिया जायजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोड्डा :** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के लिए गोड्डा आए केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने शुक्रवार को गोड्डा स्थित अदाणी पावर प्लांट का दौरा किया. बांका से होकर गोड्डा आते हुए श्री चौबे तकरीबन साढ़े बारह बजे पावर प्लांट परिसर पहुंचे जहां स्टेशन हेड रमेश झा, ओ एंड एम हेड प्रसून चक्रवर्ती व एचआर हेड अमित कुमार ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया. पावर प्लांट के एडमिन बिल्डिंग में उन्होंने अदानी पावर प्लांट व ललमटिया कोल फील्ड के वरीय पदाधिकारियों के साथ पर्यावरणीय संबंधी मुद्दों पर बैठक करके पावर प्लांट में किए गए पर्यावरण प्रबंधन का जायजा लिया. उक्त बैठक में उप वनमहानिदेशक (एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, राँची) के प्रतिनिधि, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के रीजनल डायरेक्टर के के विश्वास, प्रभागीय वन पदाधिकारी संजय कुमार, एसडीओ गोड्डा बैजनाथ उरांव, सीओ गोड्डा के अलावा गोड्डा विधायक अमित मंडल, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव मेहता व महागामा के पूर्व विधायक अशोक भगत व अदाणी पावर के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे. पावर प्लांट के अधिकारी ने पावर प्लांट परिसर में पर्यावरण प्रबंधन के लिए लगाए गए उच्च तकनीक के संयंत्रों की जानकारी दी. साथ ही उन्हें



सुरक्षा से संबंधित नियमों और सीएसआर के कामों के बारे में भी जानकारी दी गई. केन्द्रीय मंत्री ने क्षेत्रीय पर्यावरण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी राजीव सिन्हा से पावर प्लांट के प्रबंधन के बारे जानकारी ली, जिसपर श्री सिन्हा ने अपनी संतुष्टि जताई. केन्द्रीय मंत्री ने बैठक के दौरान पावर प्लांट परिसर समेत पूरे गोड्डा के पर्यावरण संरक्षण को लेकर और अधिक वृक्षारोपण का सुझाव भी दिया. श्री चौबे ने ललमटिया कोल फील्ड के महाप्रबंधक अरुपनंदा नायक और ओम प्रकाश चौबे से भी कोल फिल्ड के पर्यावरण नियंत्रण से लेकर अन्य कई मुद्दों पर चर्चा की. श्री चौबे प्लांट परिसर में तकरीबन एक घंटा रुके. उन्होंने प्लांट परिसर में वृक्षारोपण भी किया और पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने का संदेश दिया.

## वनडे विश्व कप के फाइनल में भारत चौथी बार व आस्ट्रेलिया आठवीं बार पहुंचा



### * ऑस्ट्रेलिया 5 बार बन चुका है चैंपियन व भारत 2 बार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** वनडे वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में भारत का सामना 19 नवंबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर पांच बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के साथ होगा। इस वर्ल्ड कप के पहले सेमीफाइनल में भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी तो वहीं कंगारू टीम ने दूसरे सेमीफाइनल में प्रोटियाज को 3 विकेट से हराकर फाइनल का टिकट कटाया। भारतीय टीम जहां वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में चौथी बार पहुंची तो वहीं कंगारू टीम ने आठवीं बार फाइनल में पहुंचने का गौरव हासिल किया। अब दोनों टीमों के बीच अगला वर्ल्ड चैंपियन बनने को होड़ होगी जबकि प्रोटियाज एक बार फिर से चोकर्स साबित हुए और वर्ल्ड कप फाइनल में नहीं पहुंच पाए। वनडे वर्ल्ड कप के इतिहास में ऐसा दूसरी बार होगा जब फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम का सामना ऑस्ट्रेलिया के साथ होगा। इससे पहले साल 2003 में दोनों टीमों का आमना-सामना हुआ था और उस मैच में टीम इंडिया को हार मिली थी। वैसे भारतीय धरती पर वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में दोनों टीमें पहली बार खिताबी जीत के लिए एक-दूसरे के खिलाफ मैदान पर उतरेंगे। टीम इंडिया के पास अब ऑस्ट्रेलिया से मिली उस हार का बदला लेने का बेहतरीन मौका है और 20 साल बाद टीम इंडिया के पास कंगारू टीम को वर्ल्ड कप फाइनल में हराने का अच्छा मौका है। भारतीय टीम को 2003 में ऑस्ट्रेलिया ने फाइनल मुकाबले में 125 रन से हराया था। भारतीय टीम की बात करें तो यह चौथी बार फाइनल में पहुंची है जिसमें से पिछले तीन फाइनल में यह टीम दो बार चैंपियन बनी जबकि एक बार उसे हार मिली। भारतीय टीम 1983 में पहली बार फाइनल में पहुंची थी और चैंपियन बनी थी तो वहीं दूसरी बार यह टीम 2003 में फाइनल में पहुंची थी, लेकिन वहां उसे कंगारू टीम के हाथों हार मिली थी। इसके बाद टीम इंडिया 2011 में फाइनल में पहुंची थी और दूसरी बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया था। अब टीम इंडिया के पास तीसरी बार चैंपियन बनने का मौका है। ऑस्ट्रेलिया की टीम आठवीं बार फाइनल में पहुंची है और पिछले 7 फाइनल की बात करें तो यह टीम 5 बार चैंपियन बनी जबकि दो बार उप-विजेता रही।

## हम विश्व गुरु बनना चाहते हैं और यह क्षमता हमारे बीच : गडकरी

**जोधपुर :** केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को जोधपुर में कहा कि टेक्नोलॉजी का उपयोग करके ज्ञान को गुणात्मकता परिवर्तन करना समय विश्व और भारत की आवश्यकता है। हम विश्व गुरु बनना चाहते हैं और यह क्षमता हमारे बीच है। गडकरी ने हाउसिंग बोर्ड में 18 ई सेक्टर में सांवरलाल ऑस्टियोपैथ चैरिटेबल संस्थान में गोवर्धन पाराशर की प्रतिमा का अनावरण किया। गडकरी ने कहा कि मेरा भाषण यू-ट्यूब पर अपलोड होता है तो लोग खूब देखते हैं, मैं तीन लाख रुपये यू-ट्यूब से कमाता हूं। उन्होंने कहा कि मैं किसानों द्वारा तैयार इथेनोल की कार में घूमता हूं। राजनीति की बात कम करता हूं। प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में पूर्व नरेश गजसिंह, विधायक मनीषा पंवार, सूर्यकांता व्यास, महापौर दक्षिण व उत्तर वनिता सेठ और कुंती देवड़ा मौजूद थीं। तत्पश्चात् गडकरी जोधपुर शहर विधानसभा के पूर्व विधायक कैलाश भंसाली के निधन पर उनके परिवार से मिलने पहुंचे।

# पर्यावरणविद कौशल ने उड़ीसा में कई विद्यालयों में किया पौधा वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उड़ीसा में दो दिवसीय प्रवास के दौरान सेंट्रल बांदा मुंडा केंद्रीय विद्यालय के वार्षिक सोलो डांस नृत्य कला प्रवास कार्यक्रम के आयोजन के मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने राउरकेला बंडामुंडा एवं सेक्टर छह स्थित केंद्रीय विद्यालय परिसर में पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ नेपाल के रुद्राक्ष,हिमाचल के कपूर, भूटान के सिंदूर,शाही लीची और संतरा का पौधे लगाया। वहीं उन्होंने उपरोक्त स्कूलों के सभी शिक्षकों एवं छात्र- छात्राओं को पौधों की सुरक्षा के लिए पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलाई। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल किशोर ने वृक्षों पर रक्षा बंधन कर



कहा कि पौधा रूपी मिसाइल को धरती मां की गोद में स्थापित करने से सम्पूर्ण ब्रह्मांड के 84 लाख योनि जीवों की सुरक्षा होगी।

पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि उड़ीसा एशिया का सबसे अधिक स्टील उत्पादक राज्य में शुमार है। जबकि प्रदूषण में भी देश के दूसरा स्थान पर होते जा रहा है। जिस राज्य में प्रदूषण की आग तेजी से बढ़ रहा हो उसे बुझाने के लिए राज्य के खाली जगहों पर एवरग्रीन पौधों को लगाने एवं सभी कारखानों में वास्प चिमनी बनाने होंगे। तभी इस आग को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। अन्यथा आने वाले पीढ़ी को इसकी खामियाजा व दुष्परिणाम भुगतने से कोई रोक नहीं सकता।

सेक्टर छह के प्रिंसिपल सुरजीत राय और बॉण्डा मुंडा के प्रिंसिपल हेमलता पटनायक, उप प्रिंसिपल, सार्थक पटनायक ने अपने संबोधन में कहा कि इसके पहले भी पर्यावरणविद कौशल के द्वारा उनके विद्यालय में लगाए गए पौधे आज फल देने लगे हैं। वहीं बंडामुंडा सेंट्रल स्कूल के प्राचार्य सुरजीत राय ने पर्यावरणविद के कार्यों की सराहना करते हुए अगले वर्ष की अप्रैल माह में पुनः आने का अनुरोध किया। कार्यक्रम में राजकिशोर अग्रवाल, डॉक्टर कमल कनौजिया, उप सार्थक चंद्र पटनायक, निखिलेश महापात्र, बेनुधर गुरुवा, फिराक लाल देवाशीष रामचंद्र जगदंबा एच एस डेहरी, जेपी किंडो , दी संमल,अन्नपूर्णा बहरा, ममता संबल, अमृता राय, दामोदर दास, सुजीत कुमार बयोरी, तरुण दास,गगन स्वाइन, साई केतोतरथ, जूली टोप्पो,जूली साहू, स्नेहा मोई दास समेत कई प्रमुख लोग शामिल थे।